धनबाद
बुधवार 04.12.2024
मूल्य- ₹ 1.50
वर्ष-30 अंक-280 पृष्ठ- 12
अग्रहन शुक्ल पक्ष-3
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक
# बिहार ऑबजर्वर



# हर हाल में अवैध माइनिंग पर रोक लगाएं अधिकारी : सीएम

### साइबर अपराध पर रोक के लिए स्ट्रांग सेटअप तैयार करें ✪ राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता ✪ अपराधियों में पुलिस का भय जरूरी

**रांची (एजेंसी):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रोजेक्ट भवन स्थित झारखंड मंत्रालय में मंगलवार को अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की. उन्होंने राज्य में विधि व्यवस्था सुदृढ़ करने, अपराध पर नियंत्रण, अवैध माइनिंग पर रोक, नशा के धंधेबाजों पर नकेल कसने व साइबर क्राइम पर लगाम लगाने का निर्देश दिया. कहा कि अवैध माइनिंग पर हर हाल में रोक लगाएं.



बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से विधि व्यवस्था, अवैध माइनिंग पर रोक समेत विभिन्न प्रकार के अपराध नियंत्रण के लिए की जा रही कार्रवाई की विस्तृत जानकारी रखी. सीएम ने कहा कि राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. सुनियोजित अपराध को रोकने के लिए पुलिस प्रभावशाली प्लान तैयार कर चिह्नित अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे. ऑर्गनाइज्ड क्राइम तभी रुकेगा जब स्ट्रांग पुलिसिंग का डर अपराधियों के भीतर दिखाई दे. अपराधियों में पुलिस का भय होना आवश्यक है. मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में अपराध में कमी आई है. दहेज हत्या से प्रभावित जिले पलामू, गढ़वा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद व सामान्य हत्या के मामलों में बोकारो पर ज्यादा फोकस करते हुए इन पर नियंत्रण के किए कारगर कदम उठाए गए हैं. सामान्य हत्या वाले जिलों रांची, गुमला व चाईबासा में भी कार्रवाई की जा रही है.

**मादक पदार्थों के कारोबार पर रोक के लिए अभियान चलाएं**

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाकर लोगों को कानून की जानकारी दें. शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी विद्यालयों छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान की जानकारी दें. जागरूकता से ही नशा के सेवन में कमी आएगी. मादक पदार्थों के के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के लिए प्लान के साथ आगे बढ़ें. सीएम ने कहा कि विगत वर्षों से पुलिस ने अभियान चलाकर हजारों एकड़ में अफीम की फसल नष्ट भी की है, इसके बावजूद वन भूमि में अफीम के धंधे को पूरी तरह रोक पाना मुमकिन नहीं हो पाया है. वन विभाग के साथ समन्वय बना कर अफीम की खेती को जड़ से नष्ट करें.

**अफीम की खेती वाले क्षेत्रों में पुलिस की जिम्मेदारी तय करें**

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि अफीम की खेती वाले इलाकों के थाना प्रभारी, चौकीदार व वनकर्मियों की जवाबदेही जय करें. जिला पुलिस अभियान चलाकर लोगों को नशीले पदार्थ की खेती करने पर मिलने वाली सजा की जानकारी दे. अफीम सहित किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ की खेती व कारोबार कानूनन जुर्म है. ▶▶ 8

## 5 को हेमंत मंत्रिमंडल का हो सकता है गठन

### दोपहर 12 बजे मंत्रियों के शपथ लेने की उम्मीद



**रांची (एजेंसी):** हेमंत मंत्रिमंडल का गठन पांच दिसंबर को हो सकता है. जानकारी के अनुसार, इसी दिन दोपहर १२ बजे शपथ ग्रहण समारोह भी होने की उम्मीद है. दरअसल कांग्रेस की वजह से मंत्रीमंडल के गठन में देरी होने की बात शुरू से ही सामने आ रही थी. बताते चलें कि सोमवार की देर शाम कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल से भेंट कर पूरी जानकारी दी थी. जिसमें मंत्री पद के लिए क्षेत्रीय और जातीय संतुलन से भी आला नेताओं को अवगत कराया गया. कांग्रेस कोटे से चार विधायक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं.

**कांग्रेस की ओर से तिथि तय करने को कहा गया**

जानकारी के अनुसार, शपथ ग्रहण के लिए कांग्रेस की ओर से सीएम हेमंत सोरेन को तिथि तय करने को कहा गया है. तिथि तय होने के बाद कांग्रेस मंत्री बनने वाले विधायकों की सूची सौंप देगी. राजनीतिक गलियारों में चर्चा इस बात की भी है कि किसी सीनियर विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया तो उसे विधायक दल का नेता बनाया जा सकता है. वहीं गठबंधन के सहयोगी दल राजद से सुरेश पासवान का नाम आगे चल रहा है. हालांकि संजय यादव भी मंत्री पद के दावेदार हैं. बताते चलें कि विधानसभा का विशेष ▶▶ 8

## लश्कर का आतंकी जुनैद अहमद मारा गया

**श्रीनगर (ईएमएस):** श्रीनगर में दाचीगाम के जंगलों से लगे हरवान इलाके में सुरक्षाबलों ने लश्कर के आतंकी जुनैद अहमद भट को मार गिराया है। वह आतंकवादी हमलों में नागरिकों की हत्या में शामिल था। २२ दिन में यह दूसरी मुठभेड़ है, जो सोमवार रात से चल रही है। हालांकि, अभी बाकी आतंकियों की तलाश जारी है। सेना ने आतंकियों को खोजने के लिए दाचीगाम जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया है। इससे पहले हरवान जंगल में कुछ आतंकियों के छिपे होने की खबर पर सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन चलाया। जंगल में पहुंचे जवानों पर पहले आतंकियों ने गोली चलाई। थोड़ी ही देर में आतंकियों ने भारी गोलीबारी शुरू कर दी।

## ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी

**आगरा (ईएमएस):** ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से सनसनी फैल गई। ई-मेल प्राप्त होने के बाद ही सुरक्षा एजेंसी अलर्ट हो गई। ताज की सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत कर दिया गया। इसके साथ ही यहां बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड भी पहुंच गया। इस जांच के दौरान पर्यटकों में किसी तरह की अफरा-तफरी न फैले इसका भी विशेष ध्यान रखा गया। ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरा ई-मेल आने के बाद ताज पर पुलिस अलर्ट हो गई है। बम निरोधक दस्ता सहित अन्य टीमें पहुंचकर जांच में लगी हुई हैं। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि वहीं ताजमहल के आसपास सुरक्षा पहले से ही रहती है। उसे और पुख्ता किया गया है। चेकिंग की जा रही है।

## अनिल अंबानी की कंपनी के बैंक खाते जब्त होंगे

**मुंबई (ईएमएस):** कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी ने अनिल अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट के बैंक खातों के साथ-साथ शेयरों और म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स को जब्त करने का आदेश दिया है। २६ करोड़ रुपए का बकाया वसूलने के लिए सेबी ने ये आदेश दिया है। ये जुर्माना ३ महीने पहले अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े एक मामले में लगाया गया था। बीते दिनों सेबी को अपनी जांच में पता चला था कि रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड के अधिकारियों की सहायता से अनिल अंबानी ने पैसों की हेराफेरी की थी।

सेबी ने १४ नवंबर को रिलायंस बिग एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड (जिसे अब रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को नोटिस भेजा था और १५ दिनों के भीतर बकाया भुगतान करने को कहा था।

## महाराष्ट्र में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की जोरदार तैयारी

### केंद्रीय मंत्रियों समेत देशभर से 400 से ज्यादा साधु-संतों को निमंत्रण



**मुंबई (ईएमएस):** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बाद सरकार गठन की गतिविधियां तेज हो गई हैं। नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह कल ५ दिसंबर को मुंबई के आजाद मैदान में शाम ५ बजे होगा और इस समारोह को भव्य बनाने की पूरी कोशिश की जा रही है। नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में ७० से ज्यादा वीवीआईपी नेता शामिल होंगे। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी समेत कैबिनेट के कई मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों को भी निमंत्रण भेजा गया है।

**400 साधु-संतों को निमंत्रण**

दिलचस्प बात यह है कि इस शपथ ग्रहण समारोह ▶▶ 8

## तारीख पर तारीख के दिन खत्म, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मजबूत होगी : प्रधानमंत्री

### भ्रष्टाचार में कार्रवाई की कानूनी अड़चन दूर होगी

**चंडीगढ़ (ईएमएस):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को चंडीगढ़ के पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में ३ नए कानूनों को लागू करने की समीक्षा की। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह भी उनके साथ रहे। यहां उन्होंने चंडीगढ़ में लागू किए गए कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का डेमो भी देखा। पहले गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधन में कहा कि नए कानूनों के बाद हमें अंग्रेजों के जमाने के गुलाम क्रिमिनल सिस्टम से छुटकारा मिल गया है। अब तारीख पर तारीख का खेल खत्म हो गया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब तारीख पर तारीख के दिन लद गए यानी खत्म हो गए हैं। नए कानूनों से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई मजबूत होगी। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में आने वाली कानूनी अड़चन दूर होगी।



पीएम मोदी ने कहा कि २०२० में इन ३ नए कानूनों का नोटिफिकेशन जारी हुआ था। इसके बाद कई जगह से सुझाव लिए गए। इसमें हाईकोर्ट के जजों और लोगों बात की गई। आजादी के ७ दशकों में न्याय व्यवस्था में आई चुनौतियों पर मंथन किया गया। देश को १९४७ में आजादी मिली। कई लोगों के बलिदान के बाद जब आजादी की सुबह आई तो कैसे-कैसे सपने थे, लोगों में कितना उत्साह थे। लोगों ने सोचा था कि अंग्रेज चले गए हैं तो अंग्रेजों के कानूनों से भी मुक्ति मिलेगी। यह कानून अंग्रेजों के शोषण करने का जरिया थे, जिनसे वह भारत में अपनी सत्ता मजबूत करना चाहते थे।

**आईपीएसी भारतीयों को दंड देने के लिए बनाई थी**

पीएम ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ हमारे देश में १८५७ में विद्रोह शुरू हुआ था। उसके बाद १८६० में अंग्रेजों ने आईपीसी बनाई। इन कानूनों का मकसद था कि भारतीय को दंड दिया जाए, उन्हें गुलाम किया जाए। वहीं, देश की आजादी के दशकों के बाद उसी दंड संहिता के इर्द-गिर्द घूमते रहे। हालांकि इन कानूनों में थोड़ा-बहुत बदलाव जरूर हुआ, लेकिन इनका चरित्र वही बना रहा। ▶▶ 8

## काशी-उज्जैन की तर्ज पर देवघर में बनेगा बाबा बैद्यनाथ धाम कॉरिडोर

### सोरेन सरकार ने सत्ता में आते ही लिया फैसला, 900 करोड़ का बजट तय



**देवघर (ईएमएस):** झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार के फिर सत्ता में आने के बाद, सीएम हेमंत सोरेन ने कई अहम फैसले लिए हैं। इनमें बड़ा फैसला देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में एक भव्य कॉरिडोर बनाने की मंजूरी देना है, जो काशी विश्वनाथ और उज्जैन महाकाल की तर्ज पर तैयार होगा।

इस प्रोजेक्ट के लिए झारखंड सरकार ने ९०० करोड़ रुपए का बजट तय किया है। सरकार ने देवघर में करीब ३१ एकड़ से ज्यादा जमीन को कॉरिडोर निर्माण के लिए चिन्हित किया है। इसके बाद डीपीआर तैयार करके जमीन पर काम शुरू किया जाएगा। कॉरिडोर बनाने की प्रक्रिया में काशी की तरह स्थानीय दुकानों और मकानों को हटाया जाएगा। इस परियोजना में करीब ३०० करोड़ रुपए का मुआवजा जमीन मालिकों को दिया जाएगा।

कॉरिडोर शिवगंगा से मानसरोवर होते हुए वैद्यनाथ मंदिर तक बनेगा। इस निर्माण से चारों ओर ३३ एकड़ जमीन को भी विकसित किया जाएगा। इसके चलते टावर चौक, बस स्टैंड, शिवगंगा, मंदिर मोड़ और हदहदवा चौक से मंदिर का दृश्य स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगेगा। यह कदम बाबा बैद्यनाथ धाम में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए और खासतौर पर सावन के महीने में आने वाले भक्तों के लिए सुखद अनुभव का कारण बनेगा। सरकार के इस कदम से न केवल विकास को गति मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को ▶▶ 8

## सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिए निर्देश

### सेक्सुअल हैरेसमेंट पर राज्य कंप्लेंट कमेटी बनाए

**नई दिल्ली (ईएमएस):** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वर्कप्लेस पर महिलाओं के प्रिवेंशन ऑफ सेक्शुअल हैरेसमेंट एक्ट २०१३ के लिए इंटरनल कंप्लेंट कमेटी बनाने की निर्देश दिया है।



जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच का ये निर्देश गोवा यूनिवर्सिटी के पूर्व विभागाध्यक्ष ऑरेलियानो फर्नांडीस की याचिका पर आया।

उन्होंने पूछा कि सुप्रीम कोर्ट ने मई २०२३ को केंद्र और राज्य सरकारों को ये वेरिफाई करने को कहा गया था कि क्या वर्कप्लेस पर सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोपों की जांच के लिए सभी मंत्रालयों और विभागों में पैनल गठित किए गए हैं या नहीं। इसके साथ ही फर्नांडीस ने उन पर लगे सेक्शुअल हैरेसमेंट के आरोपों पर बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी।

सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि प्रिवेंशन ऑफ सेक्शुअल हैरेसमेंट एक्ट २०१३ में आया था। इतने वक्त बाद भी इसे लागू करने में इतनी गंभीर खामियां मिलना चिंताजनक है। ऐसा होना बहुत ही ज्यादा दुखद है। क्योंकि इसका राज्यों की कार्यशैली, पब्लिक अथॉरिटी और पब्लिक संस्थानों पर खराब असर पड़ता है।

## रेल मंत्री ने वेटिंग टिकट से यात्रा को बनाया मुश्किल!

### वेटिंग टिकट धारकों को आरक्षित डिब्बों में यात्रा की अनुमति नहीं दी जाएगी

**नई दिल्ली (ईएमएस):** भारतीय रेल यात्रियों के लिए बड़ी खबर में है। मोदी सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र में देश के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के माध्यम से एक बड़ा फैसला किया है।



अब से वेटिंग टिकट धारकों को आरक्षित डिब्बों में यात्रा की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसका मतलब है कि रेलवे कंपनी की ट्रेनों में अब वेटिंग लिस्ट के यात्री अनाधिकृत ढंग से यात्रा नहीं कर सकेंगे। रेल मंत्री ने राज्यसभा में बताया, वेटिंग लिस्ट वाले यात्री ट्रेनों के रिजर्वेशन वाले डिब्बों में यात्रा करने के लिए अधिकृत नहीं है।

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में रेल मंत्री ने लिखित उत्तर दिया। वैष्णव ने आगे कहा कि अनारक्षित कोचेज में यात्रा करने वाले वेटिंग लिस्ट वाले यात्रियों या रिजर्व कोच में अनऑथराइज्ड रूप से यात्रा करते पाए गए यात्रियों की पूरी जानकारी रेलवे नहीं रखती।

हालांकि, अभी तक यह नियम सख्ती से लागू नहीं हुआ है। अभी टीटी के साथ सांठगांठ कर यात्री वेटिंग टिकट पर भी यात्रा कर लेते हैं।



# बीसीसीएल को कौशल विकास क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ अवार्ड



**धनबाद (कासं) :** भारत कोकिंग कोल लिमिटेड को कोकिंग कोल खनन उद्योग में अपनी विशिष्ट पहचान और सामाजिक सरोकार में उत्कृष्ट योगदान के लिए ब्रांड हंकोस द्वारा आयोजित भारतीय अवार्ड्स २०२४ में सर्वश्रेष्ठ कौशल विकास पहल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार २९ नवंबर २०२४ को नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया।

यह सम्मान कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। जिनमें मुख्य रूप से पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग में कौशल आधारित प्रशिक्षण, २०० अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें इच्छुक अभ्यर्थियों का १०० प्लेसमेंट सुनिश्चित किया जाना, महिलाओं के लिए जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (एडवांस्ड) प्रशिक्षण, धनबाद की १२० महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया, बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा क्षेत्र में प्रशिक्षण, धनबाद के १५० अभ्यर्थियों को क्रेडिट प्रोसेसिंग ऑफिसर के रूप में प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर प्रदान किए गए, ग्रामीण महिलाओं को हैंडलूम बुनाई में कौशल प्रशिक्षण, ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए, इस सम्मान के अध्यक्षसहप्रबंध निदेशक समीरन दत्ता को निदेशक (कार्मिक) मुरली कृष्ण रमैया तथा टीम द्वारा भेंट की गई।

इस अवसर पर समीरन दत्ता ने कहा कि यह पुरस्कार सामुदायिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारे प्रयासों के अंतर्गत हम स्वास्थ्य, शिक्षा और सामुदायिक विकास में निरंतर योगदान दे रहे हैं। यह सम्मान हमें कौशल विकास और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में और अधिक ऊंचाइयों को छूने की प्रेरणा देता है। अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के तहत समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी सामुदायिक कल्याण के लिए कार्य करता रहेगा आदि शामिल है।

# जो व्यक्ति सच्चे मन से कथा का श्रवण करता है उसके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं : महंत राजीव लोचन



**धनबाद (कासं) :** मंगलवार से हाउसिंग कॉलोनी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन प्रातः ९ बजे कथा स्थल से गाजेबाजे के साथ भक्तों ने भव्य कलश यात्रा निकाली। जिसमें नगर भ्रमण करते हुये पुनः कथा स्थल पर पहुंचे। हाउसिंग कॉलोनी में कथा के पहले दिन भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुयें श्रीमद् भागवत कथा के व्यास महंत राजीव लोचन शरण पीठाधीश्वर श्री सदगुरु बधाई भवन, अयोध्या ने बताया कि कलयुग में भक्तों को मुक्ति का मार्ग केवल भगवत नाम, संकीर्तन व भागवत कथा है। जो सज्जन सच्चे मन से कथा का श्रवण करते हैं उनके जीवन के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। अंतिम में मोक्ष की प्राप्ति होती है। पुण्यात्मा तो कथा श्रवण कर मुक्ति पाते ही है, लेकिन बुरे कर्म करने वाले के नाम से संकल्प करके कथा उनके परिवार जन सुनते तो उनके ७ पीढ़ी का उद्धार हो जाता है। जिसमें धुन्धकारी प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया।

प्रत्येक व्यक्ति जब संसार में जन्म लेता है तो उस मानव का एक कर्तव्य होता कि ज्यादा से ज्यादा सत्कर्म करें। क्योंकि हमारा सनातन हिन्दू धर्म केवल अपनो से बड़ों का आदर सम्मान करना, समाज में भाईचारा लाना तथा अपने युवा पीढ़ी को संस्कार प्रदान करना होता है। अतः जो जीवन को कथा से जोड़ने से ही प्रभु कृपा प्राप्त होती है। भागवत कथा ही इस युग में केवल मुक्ति का भार्ग प्रदान करती है। भागवत से हम सभी को यही प्रेरणा मिलती। कथा में समाजसेवी उदय प्रताप सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, सोनी सिंह, विवेक सिन्हा, अविनाश पांडे, आरके शाही, कार्तिकिय गौतम, मनीष रंजन, राहुल, पवन कुमार तथा मुख्य जजमान आरके सिंह और उनकी पत्नी तथा समस्त हाउसिंग कॉलोनी और धनबाद जिला के हजारों श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर कथा व्यास महंत राजीव लोचन शरण का आशीर्वाद लिया।

## विश्व दिव्यांगता दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता



**गोविंदपुर (ससे) :** प्रखंड संसाधन केंद्र गोविंदपुर में मंगलवार को विश्व दिव्यांगता दिवस समारोह मनाया गया। इस अवसर पर रिसोर्स सेंटर सेठ सुखीराम बालिका मध्य विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें १९ दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विनोद कुमार पाडेय ने पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चों में भी प्रतिभाएं हैं। उन्हें आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। मौके पर प्रधानाध्यापिका अनंत प्रिया, रिसोर्स टीचर रूपा चक्रवर्ती, फिजियोथैरेपिस्ट मो. मुस्तफा एवं दिव्यांग बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।

# पीके रॉय कॉलेज में जिला स्तरीय युवा उत्सव 12 को

**धनबाद (कासं) :** नेहरू युवा केंद्र एवं जिला खेल कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में १२ दिसंबर को पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव में युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक अनूठा मंच प्रदान किया जाएगा।इस कार्यक्रम के अंतर्गत कुल ११ प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें नृत्य, गायन, कहानी लेखन, पेंटिंग, भाषण, मोबाइल फोटोग्राफी आदि प्रमुख हैं। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम तीन स्थानों पर आने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर विजेता



बनने वाले प्रतिभागियों को प्रमंडल स्तर पर आयोजित युवा उत्सव में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। प्रमंडल स्तर के विजेताओं को खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार द्वारा आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही राज्य स्तर पर विजयी प्रतिभागियों के दल को १२ जनवरी को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा उत्सव में भाग लेने एवं अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

युवाओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नेहरू युवा केंद्र धनबाद एवं जिला खेल कार्यालय धनबाद द्वारा विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में प्रचारप्रसार अभियान चलाया जाएगा।

धनबाद जिले के सभी १५ से २९ वर्ष के युवा इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित हैं। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल युवाओं की छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाना है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना भी है।

## विधायक अरूप चटर्जी को सम्मानित करेगा बीसीकेयू



**जोड़ापोखर (ससे) :** मंगलवार को बिहार कोलियारी कामगार यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष रंजीत यादव कि अध्यक्षता में एक अहम् बैठक की गयी जिसमें यूनियन का वर्ष २४ का समीक्षात्मक अध्ययन किया गया। आगामी १७ दिसंबर को भौंरा ऑफिसर क्लब में सीआईटीयू का जिला कमिटी का बैठक रखी गई है। यूनियन के महामंत्री सह जेबीसीसीआई सदस्य कॉ अरूप चटर्जी को विधायक बनने पर अभिनंदन किया जाएगा। यूनियन को विस्तार करने के तहत भौरा एरिया के अन्तर्गत भालगढ़ा कोलियारी में कमिटी गठन एवं अमलाबाद कोलियारी में बहुत जल्द कमिटी गठन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से बीसीकेयू के केन्द्रीय सचिव दिलीप चक्रवर्ती, मोती लाल हेम्ब्रम, प्रदीप भट्टाचार्य, प्रमोद कुमार तिवारी, राजेन्द्र सिंह, दुकालू दास, सुनील पासवान, मोती लाल मुर्मू, शिव बालक पासवान, गौतम पत्रा, कन्हाई महतो, जगदीश महतो, सोनू हेम्ब्रम, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

# चैंबर ने दी राज सिन्हा को बधाई

**धनबाद (कासं) :** चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार की टीम ने धनबाद के नवनिर्वाचित विधायक राज सिन्हा को अंग वस्त्र और पुष्प भेंट कर बधाई दी। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना में ग्राहकों का आवागमन होता है, परंतु शौचालय और पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण व्यवसायियों सहित ग्राहकों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। करने की बात कही है। हम लोग आशा करते हैं पुराना बाज़ार में सुलभ शौचालय और पार्किंग निर्माण पर जल्द पहल की जायेगी। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाज़ार



बाज़ार के संचालन समिति के सदस्य सोहराब खान ने कहा कि पुराना बाज़ार सब से पुराना और व्यस्तम व्यावसायिक क्षेत्र है। जहां हर दिन हज़ारों की संख्या

सोहराब खान ने कहा कि हम लोगों ने विधायक से सुलभ शौचालय और पार्किंग निर्माण की गुहार लगाई है। विधायक ने सकारात्मक पहल प्रतिनिधिमंडल में सोहराब खान, विजय सैनी, इमरान अली, संजय पांडेय, सलाउद्दीन महाजन, गुलाम मुरसलीन और दिनेश कुमार शामिल थे।

## डीएवी स्कूल में याद किए गए डॉ. राजेंद्र प्रसाद

**जोड़ापोखर (ससे) :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा की विशेष प्रार्थना सभा में प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी के चित्र पर वरिष्ठ शिक्षक सुमित कुमार ने माल्यार्पण किया। वहाँ उपस्थित वाणिज्य के शिक्षक विनय कुमार सहाय एवं विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी




पुष्प अर्पित किया। कक्षा नौवीं के प्रियांशु कुमार सिंह ने हिन्दी में और प्रत्यूष बर्णवाल ने अंग्रेजी में डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद जी के बारे में भाषण दिया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद जी से संबंधित प्रश्न आदित्य कुमार सिंह ने किया गया, जिसका उत्तर प्रार्थना सभा में उपस्थित बच्चों ने दिया। सभी कार्यक्रम सामाजिक विज्ञान के शिक्षक नीरज कुमार सिन्हा और संगीत शिक्षक अभिषेक पाठक की देखरेख में सम्पन्न हुआ।

## बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे बर्बरता के खिलाफ धरना

**धनबाद (कासं) :** बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे बर्बरता के खिलाफ मंगलवार को हिन्दू राष्ट्र समन्वय समिति ने हिंदुओं की सुरक्षा देने के लिए कहे एवं वहां हिन्दुओं के साथ हो रहे अमानवीय कृत की निंदा करें। बांग्लादेश को भारत ने बनाया है एवं चाहे तो भारत उसका अस्तित्व मिटा सकता है। जो हिंदू भारत आना चाहते हैं उनको




रणधीर वर्मा चौक पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि भारत सरकार बांग्लादेश की सरकार को स्मरण दिलाएं कि वह लियाकत नेहरू पैक्ट मानने को बाध्य है। बांग्लादेश को चेतावनी दें कि बांग्लादेश को आने दें। बांग्लादेश में अन्यायपूर्ण गिरफ्तार स्वामी चिन्मय कृष्णवास ब्रह्मचारी को तत्काल मुक्त किया जाए।

## रॉय एकाडमी में मनी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती

**गोविंदपुर (ससे) :** पीके राय कॉलेज धनबाद के पूर्व प्राचार्य डॉ. एसकेएल दास ने कहा कि हमें गलत इतिहास पढ़ाया जा रहा है। लोग सत्य को जानें, इसके लिए जरूरी है इतिहास फिर से लिखा जाना चाहिए। डॉ. दास मंगलवार को सामाजिक संस्था विकास फोरम द्वारा आयोजित रॉय एकाडमी में डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जयंती समारोह में मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध अधिवक्ता जया कुमार ने कहा कि हमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद के आदर्श को अपनाना चाहिए। अध्यक्षता बासुदेव गोस्वामी, उद्घाटन लखन प्रसाद राय, स्वागत भाषण एसएन लाल त्यागी, संचालन कृष्णा प्रसाद गिरि व लवली तथा धन्यवाद ज्ञापन जयराम सिंह ने किया। समारोह को बीईईओ राजीव रंजन, जय प्रकाश मिश्र, अनुराग प्रदीप, चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह, विवेकानंद पांडेय, नकुल मंडल, अनूप साव आदि ने भी संबोधित किया। स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर फोरम द्वारा गत २९ नवंबर को आयोजित निबंध लेख प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रॉय एकाडेमी के प्राचार्य गौतम शंकर राय, आरके सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, निर्मल सिंह, सिपाही सिंह, सुशांत पाडेय, अमानत अंसारी, रामनवमी सिंह, डॉ. आरके शर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता, सुनील झा, अमित भास्कर, विनोदानंद सिन्हा आदि समेत बड़ी संख्या में छात्रछात्राओं, शिक्षकों आदि ने भाग लिया।

### सड़क दुर्घटना में मृत नेहा वर्मा की अंत्येष्टि

**जोड़ापोखर (ससे) :** झरिया में सड़क दुर्घटना में अधिवक्ता नेहा वर्मा की हुई मौत मामले में मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव डिगवाडीह पहुंचा। शव पहुंचने पर सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। पूरा क्षेत्र का माहौल गमगीन बन गया था। बूढ़ी मां मीरा देवी, बेटी तानिया, माही, पुत्र आयुष का रोसे कर बुरा हाल था। आसपड़ोस के लोग परिजनों को ढांढ़स बंधने में जुटे थे। शव का अंतिम संस्कार दामोदर नदी मोहलबनी घाट पर कर दिया गया है। मुखाग्नि मृतक के पति श्याम सुंदर श्रीवास्तव ने दिया। इस अवसर पर धनबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# बीआईटी में मानव रहित हवाई प्रणाली पर प्रशिक्षण

**सिंदरी (ससे) :** मंगलवार को बीआईटी सिंदरी में मानव रहित हवाई प्रणाली, सेंसर और संचार के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स पर बूटकैंप का आयोजन किया गया।

बीआईटी सिंदरी में तीन दिसंबर २०२४ को इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग में एक ज्ञानवर्धक बूटकैंप का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा और उद्योग के प्रमुख विशेषज्ञों को मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस), सेंसर और संचार प्रौद्योगिकियों में प्रगति पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों और पेशेवरों की एक बड़ी भीड़ उमड़ी। जिसमें विशेषज्ञ वार्ता, इंटरैक्टिव सत्र और व्यावहारिक कक्षाएं शामिल थीं।

बूटकैंप की शुरुआत प्रोफेसरों और संस्थान के निदेशक द्वारा एक औपचारिक दीपप्रज्वलन समारोह के साथ



हुई। बीआईटी सिंदरी के निदेशक डॉ. पंकज राय ने उद्घाटन भाषण दिया। अपने भाषण में डॉ. राय ने आधुनिक अनुप्रयोगों में हवाई प्रौद्योगिकियों के बढ़ते महत्व पर जोर दिया। आईआईटी आईएसएम धनबाद के प्रो. रवि कुमार गंगवार और प्रो. जयसिंह टी सहित प्रमुख वक्ताओं ने ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिए और ३ से ७ दिसंबर तक चलने वाले पांच दिवसीय कार्यक्रम का अवलोकन प्रदान किया। डॉ. वरुण चौधरी, कुंदन कुमार सुमन और अक्स राज ने प्रतिभागियों को किट वितरित किए और छात्रों को सत्रों में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। सत्र के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग (ईसीई) विभाग के सभी वरिष्ठ प्रोफेसर, जिनमें डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. इम्तियाज़ अहमद, और डॉ. एपी सिन्हा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का समन्वय संकाय समन्वयक प्रो. गुंजन गांधी, प्रो. प्रशांत कुमार सिंह और छात्र समन्वयक रोहित कुमार, आकाश कुमार, श्रेया पॉल और अमीषा कुमारी सोरेन ने कुशलतापूर्वक किया। विशेष रूप से श्रेया पाल ने व्यावसायिकता और उत्साह के साथ उद्घाटन सत्र का संचालन किया। बूटकैंप का समापन इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. पंकज राय और प्रो. एमजी तिवारी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। इसने उपस्थित लोगों को इन परिवर्तनकारी क्षेत्रों का अन्वेषण करने और उनमें योगदान करने के लिए प्रेरित किया। जिससे नवाचार और अनुप्रयोग के लिए उज्वल भविष्य सुनिश्चित हुआ।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# बाघमारा क्षेत्र में कई अवैध माइनिंग चला रहे हैं कोयला माफिया





● बरोरा थाना के मुराईडीह जोगता थाना क्षेत्र में कमल, शंकर व राजा की चल रही है अवैध माइनिंग

● कोयला उत्खनन कर अवैध कारोबार में केजू नेता सबसे आगे

**धनबाद/कतरास (कासं) :** बीसीसीएल एरिया १ अंतर्गत मुराइडीह ४ 'ए' पेच के ओल्ड वर्किंग साइडिंग से अवैध कोयला खनन का धंधा में एक बार फिर बाघमारा पुलिस अनुमंडल के बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह ४ 'ए' पेच चर्चा में हैं। तमाशीन बने बैठे है प्रशासन।

बताते चले कि धनबाद जिला के वरीय पुलिस कप्तान के आने के बाद अवैध कोयला खनन पर पूरी तरह से पाबंदी लग गयी थी वहीं अवैध कोयला कारोबारी सप्ताह दिन पूर्व से कोयला चोरी की सुगबुगाहट तेज होने के साथ आख़िरकार बरोरा थाना के मुराइडीह में अवैध कोयला खनन शुरू हो चुकी हैं।

बताया जाता हैं कि पूर्व में इस क्षेत्र में अवैध कोयला खनन को लेकर धनबाद एसडीएम समेत सीआईएसएफ, बीसीसीएल के पदाधिकारी एवं कई थानों की पुलिस मुराईडीह ४ 'ए' पेच में दबिश दी थी जहाँ माइंस के अंदर ही अवैध खनन कर रखे बोरियों समेत मुहानों की उस वक्त भराई कर दी गई थी। खनन के लिए तस्कर बाहर से मजदूरों को लाकर कोयले का अवैध खनन करवा रहे है। बताया जा रहा हैं कि अवैध कोयला को देर रात दर्जनों छोटी वाहनों में लोड कर एनएच३२ रास्ते से होते हुए हार्ड कोक कोयला भट्ठा में भेजा जाता हैं। इसके लिए तस्कर चप्पे चप्पे में आधे दर्जन नाईट गार्ड पेट्रोलिंग रखते हैं। ताकि कोई समस्या होने पर तैनात गार्ड तस्करो को त्वरित सुचना दे सके। इस कारोबार में सत्ता से जुड़े कई लोगों का समर्थन भी प्राप्त होता है। तभी जाकर कोयला के अवैध कारोबार में चोरों का मनोबल सातवें आसमान में हैं और कोयला चोरी फिर एक बार पाँव पसार रहा हैं। स्थानीय पुलिस, सीआईएसएफ आँखों में पट्टी बांधे हुए तमाशीन बने बैठे हैं।

धनबाद अनुमंडल के जोगता थाना क्षेत्र में कमल, शंकर व राजा की जोड़ी से कोयले के खेल में कई अवैध कारोबारी फूलों की बागियों में गुलजार हो रहा है। जोगता थाना क्षेत्र में दर्जनों अवैध माइंस खोल दिया गया है जहां अवैध कारोबारियों द्वारा पुलिस, सीआईएसफ और स्थानीय नेता को दे रहे हैं प्रसाद, जिसके कारण अवैध मुहाने की भराई नहीं हो रहा है। इन क्षेत्रों में धड़ल्ले से सिजुआ १० नंबर, २२/१२ नमक फैक्ट्री, रेल साइडिंग, बाघमारा डीएसपी बंगाला के समीप अवैध कोयला मुहाने बनाकर कोयले कि निकासी किया जा रहा है।

# सांसद ढुलू महतो ने धनबाद में रेल सेवाएं शुरू करने की उठाई आवाज



**धनबाद (कासं) :** धनबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद ढुलू महतो ने संसद में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से कई महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं। सांसद महतो ने विशेष रूप से चार प्रमुख मार्गों पर रेल सेवाओं की शुरुआत की मांग की और क्षेत्र की रेल सेवाओं को सुधारने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि धनबाद के नागरिकों को बेहतर यात्री रेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

महतो ने कहा कि वैष्णो देवी जाने वाले श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए, धनबाद से वैष्णो देवी के लिए एक सीधी रेल सेवा शुरू की जानी चाहिए, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा में सुविधा मिले और उन्हें लंबी दूरी की यात्रा से बचने का अवसर मिले।

सांसद ने इलाज के लिए जाने वाले मरीजों के लिए धनबाद से वैलोर तक रेल सेवा शुरू करने की मांग की है, जिससे मरीजों को अस्पताल जाने में कोई परेशानी न हो और वे आसानी से यात्रा कर सकें।

श्री महतो ने छात्रों और कामकाजी लोगों को ध्यान में रखते हुए, धनबाद से बैंगलोर और हैदराबाद के लिए रेल सेवा की आवश्यकता जताई है, ताकि लोग इन प्रमुख शहरों तक आसानी से यात्रा कर सकें।

सांसद महतो ने दिल्ली के लिए एक रेल सेवा शुरू करने का आग्रह किया है, जिससे धनबाद और आसपास के क्षेत्र के लोग सीधे देश की राजधानी से जुड़ सकें और उनके कामकाजी जीवन में सुगमता आए। इसके अतिरिक्त, श्री महतो ने यह भी बताया कि झारखंड राज्य से सबसे अधिक रेल राजस्व धनबाद से प्राप्त होता है, क्योंकि यहां से सैंकड़ों मालवाहक ट्रेनें रोजाना निकलती हैं। हालांकि, सवारी रेल सेवाएं बहुत कम हैं, जिससे आम लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। महतो ने उम्मीद जताई कि रेल मंत्रालय इन मांगों पर गंभीरता से विचार करेगा और क्षेत्र के लोगों को बेहतर रेल सेवाएं प्रदान की जाएंगी। यह कदम न केवल धनबाद क्षेत्र बल्कि पूरे झारखंड राज्य के नागरिकों के लिए लाभकारी होगा।

# क्विज प्रतियोगिता में डीएवी प्रथम



**बलियापुर (ससे) :** डीएवी पब्लिक स्कूल, सिंदरी के विद्यार्थियों ने सीबीएसई सहोदय स्कूलों के द्वारा आयोजित अंताविद्यालय क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

सीबीएसई सहोदय स्कूलों के द्वारा आयोजित अंतर्विद्यालय क्विज प्रतियोगिता में शामिल धनबाद के कुल ३२ स्कूलों ने भाग लिया। ज्ञातव्य है कि सीबीएसई समयसमय पर सहोदय सकूलों के बीच प्रतियोगिताएं आयोजित करता रहता है, जिससे छात्रों में स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना बन सके। डीएवी पब्लिक स्कूल, सिंदरी के आदित्य नारायण दशम सी' शौर्य पाठक दशम 'डी' ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने प्रार्थना सभा में बच्चो को पुरस्कृत करते हुए कहा कि बच्चों में बहुत अधिक संभावनाएं है। आज का समय आधुनिक और अद्यतन है। यह जीवन को सभी क्षेत्रों में अग्रसर होने को बढ़ावा देता है। सहोदय विद्यालय समूह, विद्यालयों के सर्वांगीण विकास पर बल देता है। ताकि स्कूल पाठ्यक्रम, पाठ्यसहगामी क्रियाएं, डिजाइन, मूल्यांकन और शिक्षण सहित स्कूल के सभी पहलुओं में नवीन प्रथाओं को साझा किया जा सके और शिक्षकों और छात्रों के लिए सहायता सेवाएं भी प्रदान की जा सकें। डीएवी सिंदरी के बच्चे अपने विद्यालय का नाम रोशन कर दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत बने हैं। आने वाले सप्ताह में डीएवी सिंदरी विद्यालय स्तर पर अंतरसदनीय क्विज प्रतियोगिता के आयोजन कर रहा है।

## सूर्य मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**कतरास (ससे) :** सूर्य मंदिर प्रांगण कतरास में ८ से लेकर १६ दिसम्बर तक ९ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन समिति के द्वारा किया जा रहा है। मंगलवार को सूर्य मंदिर प्रांगण में प्रेस वार्ता समिति के संरक्षक विजय झा कथावाचक सुरेंद्र हरिदास जी महाराज संयुक्त रूप से बताया कि भागवत कथा को लेकर ८ दिसंबर को सुबह १० बजे से भव्य तुलसी कलश शोभा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद भागवत कथा का शुभारंभ होगा। भागवत कथा के आखिरी दिन पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से पूर्व बियाडा अध्यक्ष सह समाज सेवी विजय झा, गौतम मंडल, सुरेंद्र हरिदास जी महाराज, विजय गुप्ता, संजय गुप्ता हिम्मत कुमार किशोरी गुप्ता आदि मौजूद थे।

# झरिया में लोगों को पानी देना पहली प्राथमिकता : रागिनी



**झरिया (ससे) :** विधानसभा चुनाव जीतने के बाद से ही झरिया की नवनिर्वाचित विधायक रागिनी सिंह से मिलने वालों का तांता लग रहा है। मंगलवार को सिंह मैंशन स्थित आवासीय कार्यालय में रागिनी सिंह से कई लोगों ने मिलने के बाद उन्हें जीत की बधाई दी, तो कई प्रतिनिधिमंडल के लोगों ने झरिया की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान विधायक से मिलने वाले आए लोगों ने कहा कि झरिया की सबसे बड़ी समस्या पानी है। ठंड में भी पानी के लिए लोग परेशान है। विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि झरिया की जनता जिस उम्मीद से मुझे जिताया है मैं उस उम्मीद पर खरा उतरूंगी।

विधानसभा क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के घरों तक नल के माध्यम से जल पहुंचाने के लिए केंद्र और झारखंड की डबल इंजन की भाजपा सरकार के द्वारा पूर्व विधायक संजीव सिंह की अनुशंसा पर हर घर नल जल योजना की शुरुआत की गई थी। इस योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पानी के लिए दिक्कतों का सामना न करना पड़े। भाजपा के कार्यकाल में हर घर नल जल योजना' की पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ किया गया था तो लोगो में उम्मीद जगी थी कि जल्द ही उनके घरों में पाइप लाइन की टोंटी से पानी आयेगा। लोग फूले नहीं समा रहे थे। उनकी खुशियों का कोई ठिकाना नहीं था। लेकिन हेमंत सोरेन की सरकार में यह योजना धरातल उतारने में विफल रही। सिर्फ राजस्व को लूटने में रही। पिछले सरकार में इस योजना ने पूरे शहर की सड़कों, गलियों का सत्यानाश कर दिया है। कब कौन सी सड़क और गली खोद दी जाए, लोगों को पता नहीं।

इस योजना की कार्य की गति को देख यह कह पाना कठिन हो गया लोगों कि झामुमो और कांग्रेस की सरकार में लोगों को पानी मिल सकेगा। फिर से हेमंत सोरेन की सरकार बनी है झरिया की समस्याओं को विधानसभा में उठाऊंगी। जल्द से जल्द से हर घर नल जल योजना' का कार्य शुरू किया जाए ताकि घरों में पानी पहुंच सके लोगों को पानी की समस्या से निजात मिल सके।

# गोविंदपुर में फिर होने लगा सड़क जाम, राहगीर परेशान

**गोविंदपुर (ससे) :** गोविंदपुर में जीटी रोड जाम ने विकराल रूप धारण कर लिया है। सड़क पर ट्रैफिक व्यवस्था अस्तब्यस्त हो गई है और इसे पूरा बाजार प्रभावित हो रहा है। सड़क जाम के कारण बरवाअड्डा स्थित पेट्रोल पंप भारत सर्विस स्टेशन सोमवार को ड्राई हो गया। पंप मालिक वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कुमार सिंह ने बताया कि गोविंदपुर जीटी रोड जाम में फंस जाने के कारण तेल लदा टैंकर समय पर नहीं पहुंच सका और अनेक ग्राहक तेल लिए बगैर लौट गए ।

दिल्ली पब्लिक स्कूल, डीएवी कोयला नगर, धनबाद पब्लिक स्कूल, डीपीएस हीरक ब्रांच, क्रिसेंट इंटरनेशनल स्कूल, ग्लोबल पब्लिक स्कूल, निर्मला स्कूल आदि के बच्चे भी सड़क जाम में फंस गए और दोपहर में स्कूल से निकले बच्चे शाम में घर पहुंच सके। कोलफील्ड पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के महासचिव संजीव राणा ने बताया कि सड़क जाम के कारण वह अपना पेट्रोल पंप खड़काबाद नहीं जा पाए उन्हें ऊपर बाजार गोविंदपुर से ही धनबाद रोड जाना पड़ा। सड़क जाम में कई एंबुलेंस भी फंस गए।

ट्रैफिक विभाग से एक जवान सुभाष चौक पहुंचा था। फिर भी स्थिति अनियंत्रित हो गई। ट्रैफिक डीएसपी अरविंद कुमार सिंह मंगलवार को जीटी रोड का जाम का निरीक्षण करने आने वाले थे, परंतु वह नहीं आ पाए। अब वह गुरुवार को जीटी रोड का निरीक्षण करेंगे। पांचवें दिन मंगलवार को भी गोविंदपुर सड़क जाम से जूझता रहा। सरकारी हुक्मरानों की अनदेखी से गोविंदपुर पिछले दिनों से भीषण सड़क जाम से जूझ रहा है। शाम में जाम ने विकराल रूप धारण कर लिया और लोगों की आवाजाही मुश्किल हो रोज-रोज के महाजाम से एक और जहां आम जनता मुश्किल में है। वहीं दुकानदारों की बिक्री भी प्रभावित हो रही है । रोजरोज के जाम से गोविंदपुर के लोग अजीज आ चुके हैं।

सांसद ढुलू महतो निर्देश पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने गोविंदपुर बाजार क्षेत्र में अधूरे पड़े चौड़ीकरण का काम तेज गति से शुरू किया है । जीटी रोड के किनारो के गड्ढों की भराई शुरू कर दी गई है । परियोजना निदेशक मनीष कुमार ने बताया कि गोविंदपुर बाजार क्षेत्र में चौड़ीकरण का काम जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश चौड़ीकरण कंपनी को दिया है। काम अब पूरा कर लिया जाएगा। रोजरोज के जाम से ग्रामीण भी परेशान हो गए हैं गांव के दुकानदार एवं ग्रामीण जो प्रतिदिन है बाजार करने गोविंदपुर आते हैं।

गोविंदपुर से सामान ले जाकर अपनी गांव की दुकान में बेचते हैं उनके समक्ष भी विकट स्थिति पैदा हो गई है हाल तो यह है कि अब लोग गोविंदपुर बाजार आने से डर रहे हैं। धनबाद के व्यापारी पहले धनबाद के जाम से परेशान रहते थे और बेधड़क गोविंदपुर स्थित अपने कल कारखानों के लिए निकल जाते थे परंतु अब उन्हें भी गोविंदपुर जाने में डर लग रहा है ।

गोविंदपुर होकर लोग साहिबगंज रोड, गिरिडीह रोड, कोलकाता दुर्गापुर अंडाल हवाई अड्डा, दुर्गापुर के विभिन्न अस्पताल आसानी से जाते थे परंतु अब उन्हें परेशानी हो रही है। स्थिति तो तब दर्दनाक हो जाती है जब गोविंदपुर के जाम में एंबुलेंस फंस जाते हैं और उसपर पड़े मरीज कराहते रहते हैं। गोविंदपुर पुलिस या आम जनता चाह कर भी उन्हें जाम से निकल नहीं पाती है। यही स्थिति स्कूली बसों की भी है। स्कूलों में छुट्टी के बाद बच्चे लदी बसे सड़क जाम में फंस जाती है और बच्चे भूख से बिलबिलाते रहते हैं।

# बलियापुर चौक होगा अतिक्रमण मुक्त, आज मापी

**बलियापुर (ससे) :** अंचल अधिकारी बलियापुर ने शहर को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में कड़ा रुख अपनाते हुए बलियापुर चौक पर व्याप्त अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि ४ दिसंबर २०२४ से चौक के विभिन्न भूखण्डों की मापी शुरू होगी। इस संबंध में आमईश्तेहार जारी कर दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों को सूचित कर दिया गया है। सड़क जाम से हो रही हैं परेशानी, हटेंगे अवैध कब्जे अंचल अधिकारी ने बताया कि चौक पर अतिक्रमण के कारण आए दिन सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर, बीमार व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं और दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को ले जा रही एम्बुलेंस के लिए यह जाम घातक साबित हो सकता है। अधिकारी ने सभी दुकानदारों और स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लें और प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने चेतावनी दी कि स्वेच्छा से अतिक्रमण न हटाने की स्थिति में प्रशासन को बलपूर्वक कार्रवाई करनी पड़ेगी।

अधिकारी ने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में आने वाले खर्च की वसूली भी संबंधित अतिक्रमणकारियों से की जाएगी। इसके अलावा, कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरुष पुलिस बल की मांग थाना प्रभारी से की गई है। प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग कर बलियापुर को जाममुक्त बनाने में योगदान दें।

## पहली बार स्पाइन सर्जरी करके निकला गया ट्यूमर

**धनबाद (कासं) :** धनबाद में पहली बार महिला की स्पाइन सर्जरी करके ट्यूमर को निकाला गया। इसके लिए मरीज को पोजीशन (पेट के बल लेटाकर) उसे एनेस्थीसिया दिया गया, जिसके बाद उसकी सर्जरी की गई। इस बात की जानकारी बीते दिन अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा प्राचार्य कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दिया गया। इस संबंध में प्राचार्य डॉ केके लाल ने कहा कि यह सर्जरी इस अस्पताल और यहां के डॉक्टरों के लिए यह बड़ी कामयाबी है। यह सभी विभागों के सहयोग से यह सर्जरी संभव हो पाई है। आपको बता दे कि यहां विगत १४ नवंबर से सुपर स्पेशलिटी के दो विभाग नई सर्जरी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी का ओपीडी चल रहा है। साथ ही यहां पर सफल स्पाइन सर्जरी की जानी हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। वही यह उम्मीद है कि नए साल में अस्पताल में यह सेवा पूरी तरह से शुरू हो जाएगी। वही ऑर्थोपेडिक्स डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ डीपी भूषण ने कहा कि ट्यूमर के कारण महिला के दोनों पैर काम नहीं कर रहे थे। जांच में इसका पता चलने के बाद सर्जरी का निर्णय लिया गया। जहां प्राइवेट अस्पतालों में इस सर्जरी पर तीन से ५ लाख रुपये खर्च हो जाते, लेकिन यहां आयुष्मान के माध्यम से यह मात्र ६८ हजार के पैकेज में यह सर्जरी की गई। वही सर्जरी के बाद महिला की स्थिति में काफी सुधार हो रहा है। उसका एक पैर भी धीरेधीरे काम करने लगा है। आगामी तीन से छह महीनों के भीतर दोनों पैर पूरी तरह से काम करने लगेंगे। जबकि मेडिसिन के एचओडी डॉ यूके ओझा ने कहा कि मरीज पहले मेडिसिन विभाग में पैर कि कमजोरी की शिकायत लेकर पहुंची थी। जिसके बाद लगभग चार महीने से उसका चलना मुश्किल हो गया था। वही काफी मशक्कत के बाद परिजनों को सर्जरी के लिए राज़ी किया गया। मौके पर सर्जरी के एचओडी डॉ डीपी गिंडोरिया, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ एसके वर्मा, ऑर्थोपेडिक्स विशेषज्ञ डॉ वीपी सिन्हा, चर्म रोग डॉ एसके मंडल, डॉ एसके वर्मा, डॉ सुमन, डॉ विनीत तिग्गा समेत कई डॉक्टर्स मौजूद रहे।

# किसान मोर्चा ने किया भूख हड़ताल का समर्थन



**धनबाद (कासं) :** मंगलवार को रणधीर वर्मा चौक पर समाजसेवी सह भाजपा के भागा मंडल के किसान मोर्चा के महासचिव तारकेश्वर तिवारी की भूख हड़ताल को नैतिक समर्थन देने झारखंड अभिभावक महासंघ के अध्यक्ष पप्पू सिंह एवं महासचिव मनोज मिश्रा पहुंचे।

तारकेश्वर तिवारी लगातार दूसरे दिन भूख हड़ताल पर है लेकिन अभी तक प्रशासन ने इनकी कोई सुद्धि नही ली है। निजी स्कूलों मे बीपीएल कोटा मे व्याप्त भ्रष्ट्राचार के विरुद्ध अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल तारकेश्वर तिवारी द्वारा किया जा रहा है।

नौतिक समर्थन दे रहे झारखण्ड अभिभावक महासंघ के अध्यक्ष पप्पू सिंह ने कहा कि धनबाद उपायुक्त पूरे बीपीएल कोटा से नामांकन हुए छात्रों की जांच किसी बड़े पदाधिकारी से करवाए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। बड़े स्तर पर बीपीएल नामांकन में फर्जीवाड़ा का तुरंत जांच हो। बीपीएल कोटा से धनबाद मे निजी स्कूलों मे नामांकित एवं रिजेक्टेड (अस्वीकृत) आवेदनों एवं संलग्न दस्तेवाज जांच के विषय है तथा इसे वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

महासचिव मनोज मिश्रा ने कहा कि उपायुक्त महोदया पूरे फर्जीवाड़ा को संज्ञान मे लेते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक को इस मामले मे तलब करे। गरीब छात्रों के भविष्य से भ्रष्ट्र शिक्षा विभाग खिलवाड़ कर रहा है। जनआंदोलन के माध्यम से महासंघ इस फर्जीवाड़ा का विरोध करेगा।

## बाइक की डिक्की तोड़ उचक्के ने उड़ाए 1 लाख

**जोड़ापोखर (ससे) :** जीतपुर सेलकर्मी रमजानपुर निवासी कांग्रेसी नेता मो इस्लाम अन्सारी का डिगवाडीह मस्जिद के निकट मोटरसाइकिल की डिक्की का लोक खोल कर १ लाख रुपए उचक्कों ने निकाल लिया। मो इस्लाम ने बताया कि डिगवाडीह एसबीआई बैंक से घरेलू काम के लिये १ लाख रुपए निकाला था। घर जाने के क्रम में डिगवाडीह मस्ज़िद के बाहर मोटरसाइकिल संख्या लगा कर नमाज़ पढ़ने के लिए अंदर चला गया। करीब १५ मिनट के बाद नमाज़ पढ़ कर बाहर निकला तो देखा कि मोटरसाइकिल की डिक्की का लोक खुला हुआ है। जब पैसे की खोज की तो पैसा नहीं मिला। कई लोगों से पूछताछ की। नहीं मिला। जिसकी लिखित शिकायत जोड़ापोखर थाने में की गईं। पुलिस मामले कि जांच कर रही है।

# बीसीसीएल में यौन उत्पीड़न रोकथाम की शुरुआत



**धनबाद (कासं) :** बीसीसीएल के जियलगोड़ा केन्द्रीय चिकित्सालय में कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम सप्ताह की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएमएस, पूनम दुबे ने महिला कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी कर्मचारियों से पेशेवर सीमाओं और सम्मानजनक व्यवहार को बनाए रखने की अपील की। कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए सभी सहकर्मियों के साथ पेशेवर सीमाओं और सम्मानजनक व्यवहार को बनाए रखें।

किसी भी अनुचित व्यवहार या उत्पीड़न की घटनाओं की सूचना अधिकारियों को दें। अनिवार्य यौन उत्पीड़न रोकथाम प्रशिक्षण सत्रों में भाग ले। पारस्परिक सम्मान को बढ़ावा देने वाला सहायक कार्य वातावरण बनाएं। उत्पीड़न के अनुभव या गवाह होने पर साक्ष्य दस्तावेजित करें।

उन्होंने कई आचरण न करने कि सलाह दी और कहा कि अवांछित यौन टिप्पणियां, मजाक या प्रस्ताव न करें। ऐसे शारीरिक संपर्क से बचें जिसे अनुचित माना जा सकता है। कार्यस्थल पर आपत्तिजनक चित्र या सामग्री न दिखाए किसी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ बदला न लें जिसने उत्पीड़न की शिकायत की है। यौन उत्पीड़न की शिकायतों को अनदेखा या खारिज न करें। अश्लील संदेश या ईमेल न भेजें।

इस अवसर पर बीसीसीएल के विभिन्न अधिकारी, चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि ४ दिसम्बर को कोयला भवन में महिला कर्मचारियों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूकता और रोकथाम पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

# संपादकीय

## त्योहारी मौसम के बाद भी अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त

जल्दी ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने के दावों के बीच चालू वित्तवर्ष की दूसरी तिमाही में विकास दर 5.4 फीसद रहने के आंकड़े स्वाभाविक रूप से निराशाजनक हैं। हालांकि जुलाई-सितंबर की तिमाही में अक्सर विकास दर सुस्त देखी जाती है, मगर आर्थिक संगठनों और खुद सरकार ने इसके करीब सात फीसद के आसपास रहने का अनुमान लगाया था। अब कहा जा रहा है कि अगली छमाही में विकास दर अच्छी रहेगी। अक्तूबर-दिसंबर की तिमाही चूंकि त्योहारी मौसम की होती है, इसलिए इसमें वृद्धि देखी ही जाती है। मगर ताजा आंकड़े सकल घरेलू उत्पाद को लेकर चिंता पैदा करते हैं। दूसरी तिमाही में सबसे बुरी गत विनिर्माण और निर्माण क्षेत्र की रही। विनिर्माण क्षेत्र की विकास दर 2.2 फीसद दर्ज हुई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 14.3 फीसद थी। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर पिछले वर्ष की समान अवधि की 13.6 फीसद से घट कर 7.7 पर पहुंच गई। इसी तरह आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों में वृद्धि दर घट कर 3.1 फीसद रह गई, जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 12.7 फीसद थी। कृषि जैसे कुछ क्षेत्रों में मामूली वृद्धि को छोड़ दें, तो ज्यादातर क्षेत्रों में विकास दर सुस्त ही दर्ज हुई है। इस सुस्ती के पीछे तर्क दिए जा रहे हैं कि रेपो दर ऊंची रहने और महंगाई पर काबू न पाए जा सकने की वजह से उपभोक्ता व्यय घटा है। इसके अलावा राजस्व घाटा कम करने के उद्देश्य से सरकारी व्यय भी कम कर दिया गया है। इसका असर सकल घरेलू उत्पाद पर पड़ा है। मगर फिलहाल इन स्थितियों में सुधार की बहुत संभावना नजर नहीं आती। विनिर्माण क्षेत्र में विकास दर सुस्त रहने का अर्थ है



कि बड़े पैमाने पर लोगों के सामने रोजगार का संकट बढ़ा है। यही क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार उपलब्ध कराता है। रोजगार और लोगों की कमाई घटने का स्वाभाविक असर उपभोक्ता व्यय पर पड़ता है। लोग केवल जरूरी चीजों की खरीद करते हैं, विलासिता की और टिकाऊ कही जाने वाली वस्तुओं की खरीद कम होने लगती है। स्वाभाविक ही इससे उत्पादन घट जाता है। यह भी एक महत्त्वपूर्ण तथ्य है कि पिछले नौ-दस वर्षों में लोगों की मजदूरी और औसत वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। लंबे समय से इस बात पर जोर दिया जा रहा है कि जब तक लोगों की क्रयशक्ति नहीं बढ़ेगी, तब तक आर्थिक विकास के सारे उपाय तदर्थ ही साबित होंगे। अर्थव्यवस्था में मजबूती के लिए उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ अन्य पहलुओं पर भी संतुलन साधने की जरूरत होती है। निर्यात के मामले में लगातार निराशाजनक तस्वीरें आती रही हैं। चीन आदि देशों के साथ हमारा व्यापार घाटा निरंतर बढ़ रहा है। इसी तरह बेशक जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी के आंकड़े दर्ज हो रहे हों, पर हकीकत में राजकोषीय घाटा बढ़ रहा है। इस पर काबू पाने के लिए सरकारी व्यय में कटौती करनी पड़ रही है। जिस तरह विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार कमी आ रही है, उससे जाहिर है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सिकुड़ रहा है। ऐसी स्थिति में विकास परियोजनाओं पर भी बुरा असर पड़ेगा। आर्थिक विकास के ताजा आंकड़े सरकार के लिए चेतावनी हैं कि उसे तदर्थ और अव्यावहारिक उपायों के बजाय बुनियादी कमजोरियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, जिसमें रोजगार और लोगों की आय में बढ़ोतरी के अवसर पैदा करने होंगे।

## अवैध तरीके से खा रहे थे गरीबों का हक



अगर करोड़ों की कीमत वाली बीएमडब्लू कार और घर में वातानुकूलित यंत्रों का इस्तेमाल करने वाले भी गरीब और वंचित तबकों के लिए निर्धारित सहायता का लाभ उठाने से नहीं हिचकते, तो इससे शर्मनाक और क्या हो सकता है। यह न केवल प्रशासनिक ढांचे में घुले भ्रष्टाचार का उदाहरण है, बल्कि इससे यह भी पता चलता है कि एक समुदाय में समृद्ध या सुविधा-संपन्न माने जाने वाले लोग बहुत कम पैसों के लिए नैतिकता को ताक पर रख सकते हैं, कमजोर तबकों का हक चुराने में कोई शर्म महसूस नहीं करते। गौरतलब है कि केरल में वित्त आयोग ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लाभार्थियों के संबंध में एक समीक्षा की, जिसमें यह खुलासा हुआ कि बीएमडब्लू कारों के मालिक और वातानुकूलित मकानों में रहने वाले लोग भी इस पेंशन का लाभ उठा रहे हैं। राज्य में राजपत्रित अधिकारियों और कालेज के प्रोफेसरों समेत करीब डेढ़ हजार सरकारी कर्मचारियों के फर्जी तरीके से सामाजिक सुरक्षा पेंशन हासिल करने की खबरों से लोगों में स्वाभाविक नाराजगी है। निश्चित रूप से यह गलत तरीके से लाभ उठाने वालों के साथ राज्य के प्रशासनिक तंत्र के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत का नतीजा है। मगर सवाल है कि यह घोटाला कितने समय से और किसके संरक्षण में चलता रहा ! केरल सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना गरीब तबकों के लिए शुरू की थी। इसके तहत बुजुर्ग, विधवाएं, दिव्यांग और गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को हर महीने सोलह सौ रुपए दिए जाते हैं। मगर भ्रष्ट अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर कुछ समृद्ध लोगों ने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े गरीबों का हक चुराने में कोई संकोच नहीं किया। दरअसल, केरल के बारे में सामान्य धारणा यही है कि वहां तंत्र के स्तर पर भ्रष्टाचार के उदाहरण कम मिलते हैं और वहां का समाज भी अपेक्षया ईमानदार है। यह एक आम तस्वीर हो सकती है, मगर घोटाले का ताजा मामला यही दर्शाता है कि राज्य के प्रशासन तंत्र में भ्रष्टाचार में लिप्त या उसकी अनदेखी करने वाले लोग भी इतना प्रभाव रखते हैं कि करीब डेढ़ हजार लोग अनुचित और अवैध तरीके से वास्तविक जरूरतमंदों की हकमारी कर रहे थे।

## आज का कार्टून




# 80 साल का हुआ अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष

> आईएमएफ की 2024 की समीक्षा फंड की क्षमता विकास के विकास को आगे बढ़ाने के लिए इन सुधारों पर आधारित है। यह सीडी को अधिक लचीला बनाने, फंड के आर्थिक विश्लेषण और ऋण गतिविधियों के साथ बेहतर ढंग से एकीकृत करने, तथा सदस्यों की आवश्यकताओं के अनुरूप अच्छी तरह से तैयार करने का आह्वान करता है।आईएमएफ अपने सदस्य देशों को सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन, कर नीति और प्रशासन, बैंकिंग पर्यवेक्षण, मौद्रिक और विनिमय दर नीति, आधिकारिक सांख्यिकी, तथा कानूनी मुद्दों जैसे कई क्षेत्रों में तकनीकी सहायता प्रदान करता है। सदस्य देशों के अनुरोध पर, आईएमएफ कर्मचारी तकनीकी सहायता रिपोर्ट तैयार करते हैं। 1980 के दशक में, कई कम आय वाले विकासशील देश, विशेष रूप से अफ्रीका, कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। तब आईएमएफ ने 1987 में संवर्धित संरचनात्मक समायोजन फैसेलिटी शुरू की, जिसे विशेष रूप से भुगतान संतुलन की समस्याओं को दूर करने के लिए गरीब देशों को कम ब्याज दर पर ऋण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था।

**श्रीराम चेकुरी**

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का प्रस्ताव जुलाई 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में रखा गया था। यह मुख्य रूप से हैरी डेक्सटर व्हाइट और जॉन मेनार्ड कीन्स के विचारों पर आधारित था। आईएमएफ की स्थापना 44 सदस्य देशों द्वारा की गई थी। इसका मकसद आर्थिक सहयोग के लिए एक रूपरेखा बनाना था। यह उत्पादकता, रोजगार सृजन और आर्थिक कल्याण को बढ़ाने के लिए वित्तीय स्थिरता और मौद्रिक सहयोग को बढ़ावा देने वाली आर्थिक नीतियों का समर्थन करके अपने लक्ष्य को हासिल करता है। इसके साथ ही यह अपने सभी 190 सदस्य देशों के लिए सतत विकास और समृद्धि प्राप्त करने के लिए भी काम करता है। विकास बैंकों के विपरीत, आईएमएफ विशिष्ट परियोजनाओं के लिए ऋण नहीं देता है। इसके बजाय, आईएमएफ संकटग्रस्त देशों को आर्थिक स्थिरता और विकास को बहाल करने वाली नीतियों को लागू करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह संकटों को रोकने में मदद करने के लिए एहतियाती वित्तपोषण भी प्रदान करता है। देशों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए आईएमएफ ऋण को लगातार परिष्कृत भी करता है।

आईएमएफ के तीन महत्वपूर्ण मिशन

अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक सहयोग को आगे बढ़ाना। व्यापार और आर्थिक विकास के विस्तार को प्रोत्साहित करना। समृद्धि को नुकसान पहुंचाने वाली नीतियों को हतोत्साहित करना।

वर्तमान समय में संकटों के कारण विविध और जटिल हैं। यह घरेलू और बाहरी दोनों में से एक या दोनों हो सकते हैं। घरेलू कारकों में अनुचित राजकोषीय और मौद्रिक नीतियां शामिल हैं। जिनकी वजह से चालू खाते और राजकोषीय घाटे बढ़ते हैं। इसके अलावा उच्च सार्वजनिक ऋण स्तर भी एक कारक है। इसके अलावा आईएमएफ मानता है कि एक अनुचित स्तर पर तय की गई विनिमय दर, जो प्रतिस्पर्धा को नष्ट कर सकती है अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी नहीं होती है। एक कमजोर वित्तीय प्रणाली, जो आर्थिक उछाल और मंदी पैदा कर सकती है के बारे में भी आईएमएफ देशों को चेतावनी जारी करता रहता है। राजनीतिक अस्थिरता और कमजोर संस्थान भी संकटों को ट्रिगर कर सकते हैं।बाहरी कारकों में प्राकृतिक आपदाओं से लेकर कमोडिटी की कीमतों में बड़े उतार-चढ़ाव तक के झटके शामिल हैं जो संकटों के सामान्य कारण हैं, खासकर कम आय वाले देशों के लिए। यहां तक कि मजबूत बुनियादी ढांचे वाले देश भी आर्थिक संकटों और नीतियों से गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं, जैसा कि वर्ष 2008 में अमेरिका में हुआ था। कोविड-19 महामारी दुनिया भर के देशों को प्रभावित करने वाले बाहरी झटके का एक उदाहरण थी, आईएमएफ ने सबसे कमजोर देशों की रक्षा करने और आर्थिक सुधार के लिए मंच तैयार करने में मदद करने के लिए अभूतपूर्व वित्तीय सहायता की। भुगतान संतुलन की समस्या तब होती है जब कोई देश आवश्यक आयातों के लिए भुगतान करने या अपने बाहरी ऋण की सेवा करने में असमर्थ होता है। भारत को दिवंगत प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के समय में एक गंभीर संकट का सामना करना पड़ा, अंततः भारत को उस बुरे दौर से उबारने के लिए ग्रेट ब्रिटेन के पास सोना गिरवी रखना पड़ा था।



आईएमएफ अपने ज्ञान को वित्त मंत्रालयों, केंद्रीय बैंकों, सांख्यिकीय एजेंसियों, वित्तीय पर्यवेक्षी एजेंसियों और राजस्व प्रशासन जैसे सरकारी संस्थानों के साथ व्यावहारिक सलाह के माध्यम से साझा करता है। हाल के वर्षों में कई देश राजकोषीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं ऐसे में राजकोषीय विकास की बहुपक्षीय निगरानी आईएमएफ की जिम्मेदारियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई है। आईएमएफ आर्थिक और वित्तीय मुद्दों पर ज्ञान के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में कार्य करता है। पिछले आठ दशकों में, इसने विश्व स्तर पर अग्रणी विशेषज्ञता और अनुभव का भंडार विकसित किया है। जिसके माध्यम से हमें पता चलता है कि कौन सी नीतियां कारगर होती हैं, वे विकास को क्यों बढ़ावा देती हैं और उनका सर्वोत्तम क्रियान्वयन कैसे किया जाए। आईएमएम समय समय पर सरकारों को सलाह देता है कि राजस्व कैसे जुटाए जाएं। इसके साथ ही कर तथा सीमा शुल्क नीतियों, बजट निर्माण, घरेलू और विदेशी ऋण, तथा सामाजिक सुरक्षा जाल सहित व्यय का प्रभावी प्रबंधन पर भी देशों को आईएमएफ से मदद मिलती है।

लाइबेरिया ने राजस्व बढ़ाने और आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं के वित्तपोषण के लिए एक आधुनिक कर संरचना स्थापित करने में मदद के लिए आईएमएफ से संपर्क किया। आईएमएफ ने लाइबेरिया के खातों की ऑडिटिं की और करदाता सेवाओं को मजबूत करने में मदद की। 2014 में इबोला संकट को बेहतर ढंग से निपटने के लिए लाइबेरिया राजस्व प्राधिकरण की स्थापना को भी अपना सहयोग दिया। आईएमएफ की 2024 की समीक्षा फंड की क्षमता विकास के विकास को आगे बढ़ाने के लिए इन सुधारों पर आधारित है। यह सीडी को अधिक लचीला बनाने, फंड के आर्थिक विश्लेषण और ऋण गतिविधियों के साथ बेहतर ढंग से एकीकृत करने, तथा सदस्यों की आवश्यकताओं के अनुरूप अच्छी तरह से तैयार करने का आह्वान करता है।आईएमएफ अपने सदस्य देशों को सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन, कर नीति और प्रशासन, बैंकिंग पर्यवेक्षण, मौद्रिक और विनिमय दर नीति, आधिकारिक सांख्यिकी, तथा कानूनी मुद्दों जैसे कई क्षेत्रों में तकनीकी सहायता प्रदान करता है। सदस्य देशों के अनुरोध पर, आईएमएफ कर्मचारी तकनीकी सहायता रिपोर्ट तैयार करते हैं। 1980 के दशक में, कई कम आय वाले विकासशील देश, विशेष रूप से अफ्रीका, कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। तब आईएमएफ ने 1987 में संवर्धित संरचनात्मक समायोजन फैसेलिटी शुरू की, जिसे विशेष रूप से भुगतान संतुलन की समस्याओं को दूर करने के लिए गरीब देशों को कम ब्याज दर पर ऋण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था।

राजकोषीय, मौद्रिक और वित्तीय नीतियों को हमेशा मैक्रो-क्रिटिकल माना जाता रहा है। देश-विशिष्ट विशेषताओं के आधार पर, मैक्रो-क्रिटिकलिटी जलवायु परिवर्तन, असमानता, डिजिटल विकास और जनसांख्यिकीय बदलाव जैसे मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला तक विस्तारित हो सकती है। इसलिए ढ्रख्ब अपने सदस्यों को सर्वोत्तम सहायता देने के लिए अपनी नीति सलाह, ऋण कार्यक्रम और तकनीकी सहायता को अनुकूलित कर रहा है।आईएमएफ जलवायु परिवर्तन और जलवायु नीतियों (शमन, अनुकूलन और संक्रमण) के प्रभाव को मैक्रो फ्रेमवर्क में शामिल करने के लिए उपकरण और मॉडल विकसित कर रहा है। जलवायु जोखिम विश्लेषण और पर्यवेक्षण के लिए अपने समर्थन के माध्यम से, जलवायु जोखिमों के लिए सदस्यों के वित्तीय क्षेत्र के लचीलेपन को विकसित करने का लक्ष्य रखता है। अपने भागीदारों के सहयोग से, आईएमएफ सदस्यों को स्थानीय पूंजी बाजारों को मजबूत करने और निजी जलवायु वित्त को बढ़ाने में भी मदद कर रहा है। स्पष्ट संकेत हैं कि वैश्विक विखंडन दिन-प्रतिदिन बढ़ रहा है। दरअसल, 2023 में शुरू की गई नई व्यापार बाधाओं की संख्या 2019 की तुलना में तीन गुना अधिक थी। कम वैश्विक मुद्रास्फीति की एक लंबी अवधि के बाद, 2022 में 20 से अधिक वर्षों के लिए कीमतों में सबसे बड़ी वैश्विक वृद्धि देखी गई। जबकि हेडलाइन मुद्रास्फीति लगातार कम हो रही है, क्योंकि आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान कम हो गए हैं और कमोडिटी की कीमतों में गिरावट आई है, औसत वैश्विक कोर मुद्रास्फीति में आम तौर पर अधिक धीरे-धीरे गिरावट आने का अनुमान है। आईएमएफ ने सदस्य देशों को परामर्श देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जलवायु पर विश्लेषणात्मक कार्य को गति देने का संकल्प लिया गया, जो डीकार्बोनाइजेशन को प्रोत्साहित करने के तौर-तरीकों पर केंद्रित है, जिसे करों, उत्सर्जन व्यापार योजनाओं, सब्सिडी सहित कार्बन मूल्य निर्धारण और गैर-मूल्य निर्धारण साधनों के संयोजन के माध्यम से लागू किया जा सकता है। आईएमएफ अपने अधिदेश से संबंधित नए वैश्विक जोखिमों के जवाब में, हमारी सदस्यता की सेवा में अनुकूलन करना जारी रखता है। इस अवसर पर, आईएमएफ ने अपने सदस्यों को महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करना जारी रखने का वादा किया। जून में आईएमएफ ने श्रीलंका को 336 मिलियन डॉलर की सहायता मंजूर की। लेकिन वास्तविक स्थिति का आकलन करने के बाद फिर से 336 मिलियन डॉलर की अतिरिक्त सहायता दी गई। इसके साथ ही, संकटग्रस्त देश श्रीलंका को दी जाने वाली कुल सहायता 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गई।

# क्या 'हम दो-हमारे दो' का नारा हुआ पुराना

> कुछ दिन पहले ही आंध्र प्रदेश की सरकार ने टू चाइल्ड पॉलिसी को खत्म कर दिया था। इस पॉलिसी के तहत दो या उससे ज्यादा बच्चे वालों के स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने पर रोक थी और अब यह माना जा रहा है कि आंध्र प्रदेश का पड़ोसी राज्य तेलंगाना भी ऐसा कर सकता है। तेलंगाना सरकार के एक आला सरकारी अफसर ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि इस संबंध में जल्द ही कैबिनेट की होने वाली बैठक में प्रस्ताव लाया जा सकता है। अफसर ने बताया कि हमारे पास ऐसे बहुत सारे ठोस तथ्य हैं, जो बताते हैं कि हम उस वक्त की ओर बढ़ रहे हैं जब राज्य की आबादी बूढ़ी हो जाएगी और 2047 तक तेलंगाना को अधिक युवाओं और बच्चों की जरूरत होगी।


## आंध्र के बाद तेलंगाना भी रद्द कर सकता है टू चाइल्ड पॉलिसी

**पवन उप्रेती**

भारत में पिछले कुछ सालों में 'हम दो-हमारे दो' का नारा चर्चा में रहा है। यह नारा इसलिए दिया गया था क्योंकि भारत की बढ़ती आबादी पर रोक लगाई जा सके लेकिन अब एक नई चर्चा शुरू हो गई है कि ज्यादा बच्चे पैदा किए जाने चाहिए। रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम में तीन बच्चे पैदा करने की वकालत की जबकि दक्षिण भारत में तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश के राज्य ज्यादा बच्चे पैदा करने की बात कह चुके हैं।

इसी साल अक्टूबर में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा था कि दक्षिण में विशेषकर आंध्र प्रदेश में लोगों को कम से कम दो या उससे ज्यादा बच्चे पैदा करने चाहिए जबकि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने तो 16 बच्चे पैदा करने तक की बात कह दी थी।

भारत में फर्टिलिटी रेट यानी प्रजनन दर लगातार गिरती जा रही है और इस वजह से देश में वृद्धावस्था यानी बुजुर्गों की आबादी बढ़ रही है। ऐसा अनुमान है कि 2050 तक हर पांच में



से एक शख्स 60 साल या इससे अधिक की उम्र का होगा और दक्षिण के राज्यों में इसका असर कहीं ज्यादा होगा और इससे नायडू और स्टालिन की चिंता को समझा जा सकता है।

कुछ दिन पहले ही आंध्र प्रदेश की सरकार ने टू चाइल्ड पॉलिसी को खत्म कर दिया था। इस पॉलिसी के तहत दो या उससे ज्यादा बच्चे वालों के स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने पर रोक थी और अब यह माना जा रहा है कि आंध्र प्रदेश का पड़ोसी राज्य तेलंगाना भी ऐसा कर सकता है। तेलंगाना सरकार के एक आला सरकारी अफसर ने द इंडियन एक्सप्रेस को बताया कि इस संबंध में जल्द ही कैबिनेट की होने वाली बैठक में प्रस्ताव लाया जा सकता है। अफसर ने बताया कि हमारे पास ऐसे बहुत सारे ठोस तथ्य हैं, जो बताते हैं कि हम उस वक्त की ओर बढ़ रहे हैं जब राज्य की आबादी बूढ़ी हो जाएगी और 2047 तक तेलंगाना को अधिक युवाओं और बच्चों की जरूरत होगी।

आंध्र प्रदेश की सरकार ने जब टू चाइल्ड पॉलिसी को रद्द किया था तो कम प्रजनन दर और लोगों की बढ़ती उम्र को लेकर चिंता जताई थी। आंध्र प्रदेश के सूचना और जनसंपर्क मंत्री पार्थसारथी ने पिछले महीने कहा था कि आंध्र का टोटल फर्टिलिटी रेट टीएफआर बेहद कम है। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रीय स्तर पर टीएफआर 2.11 है, जबकि आंध्र में यह केवल 1.5 है।

यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड और और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन साइंसेज की ओर से तैयार की गई इंडिया एग्रीकल्चर रिपोर्ट 2023 के मुताबिक आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में बुजुर्गों की आबादी न केवल उत्तर भारत के राज्यों जैसे- बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, राजस्थान और मध्य प्रदेश की तुलना में पहले से ही ज्यादा है बल्कि 2021 और 2036 के बीच यह और अधिक दर से बढ़ेगी।

इंडिया एग्रीकल्चर रिपोर्ट 2023 के मुताबिक प्रति 100 बच्चों (15 वर्ष से कम) पर बुजुर्गों (60 वर्ष से अधिक) की संख्या मध्य और पूर्वोत्तर क्षेत्रों की तुलना में दक्षिण और पश्चिम में अधिक होगी। दक्षिणी राज्यों में 2036 तक प्रति 100 बच्चों पर 61.7 बुजुर्ग होंगे, वहीं जम्मू -कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान में कुल मिलाकर यह संख्या प्रति 100 बच्चों पर 38.9 बुजुर्ग होगी।

टू चाइल्ड पॉलिसी तब अस्तित्व में आई थी जब यह पता चला था कि 1981 और 1991 की जनगणना के बीच जनसंख्या नियंत्रण के लिए उठाए गए कदम उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं दे रहे थे। राष्ट्रीय विकास परिषद (हछ्ष्ट) ने इस मामले में एक समिति बनाई थी जिसकी अध्यक्षता उस समय केरल के मुख्यमंत्री के. करुणाकरण ने की थी। समिति ने सुझाव दिया था कि जिन लोगों के दो से ज्यादा बच्चे हैं, उन्हें पंचायत से लेकर संसद तक सरकारी पदों पर रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। 13 राज्यों ने इस नीति को लागू किया था। अगर इसे खत्म कर दिया जाता है, तो तेलंगाना इस नीति को खत्म करने वाला देश का छठा राज्य बन जाएगा। आंध्र प्रदेश से पहले छत्तीसगढ़ , हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश ने इसे खत्म कर दिया था।

साल 2026 में देश भर में लोकसभा सीटों का परिसीमन होना है और दक्षिण भारत के राज्यों को इस बात का डर है कि परिसीमन में उत्तर भारत में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ सकती है जबकि दक्षिण की हिस्सेदारी कम हो सकती है। देश भर में लोकसभा सीटों की सीमाएं और उनकी संख्या आबादी के हिसाब से तय की जाती हैं। उत्तर भारत में चूंकि राज्य ज्यादा हैं और आबादी भी ज्यादा है इसलिए यहां लोकसभा की सीटें बढ़ेंगी और निश्चित रूप से इससे संसद में उनकी आवाज दक्षिण के मुकाबले कहीं ज्यादा मजबूत होगी।

चंद्रबाबू नायडू के अलावा तेलंगाना में 10 साल तक सरकार चलाने वाली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने एक इंटरव्यू में बताया था कि परिसीमन के रूप में किसी भी तरह के अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दक्षिण भारत के लोग इसके खिलाफ एकजुट होंगे। उन्होंने कहा था कि उन्हें ऐसी उम्मीद है कि केंद्र सरकार लोकसभा सीटों की संख्या को लेकर किसी तरह की गड़बड़ी नहीं करेगी।

# अनुकंपा समिति ने 6 की नियुक्ति के लिए की अनुशंसा

**बोकारो (ससे):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला अनुकंपा समिति की बैठक हुई। बैठक में कुल १० मामलों पर सुनवाई की गई। बैठक में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, स्थापना उप समाहर्ता वंदना शेजवलकर, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, जिला कल्याण पदाधिकारी एन एस कुजूर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



उपायुक्त विजया जाधव व समिति के अन्य सदस्यों ने क्रम वार सभी मामलों की गहनता से समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने आवेदक द्वारा किए गए आवेदन, अभिभावक का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदक की शैक्षणिक योग्यता, जाति/ आय/ आवासीय/ चरित्र प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों की जानकारी उनकी एनओसी एवं संबंधित विभागों में रिक्त पड़े पदों की जानकारी ली। उपायुक्त ने विभागों से अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए कुल १० मामलों पर सुनवाई की और स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

जिला अनुकंपा समिति के समक्ष जिला विकास शाखा का ०१ मामला, अनुमंडल कार्यालय चास ०१, पुलिस विभाग का ०१ मामला, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी बोकारो का ०२ मामला, राज्य-कर संयुक्त आयुक्त विभाग का ०१ मामला, झारखंड सशस्त्र पुलिसबल-४ के ०१ मामला, शिक्षा विभाग का ०३ मामला प्रस्तुत किया गया था।

इसी क्रम में सभी आहर्ता पूर्ण करने और जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कर कुल ०५ मामलों पर सुनवाई करते हुए आवेदकों की अनुकंपा पर नियुक्ति के लिए समिति ने अनुशंसा की। उपायुक्त ने इस बाबत स्थापना उप समाहर्ता को जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ५ मामलों में असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी बोकारो कार्यालय से संबंधित विकास कुमार एवं अमित कुमार का दो मामला और झारखंड सशस्त्र पुलिस बल-४ बोकारो से संबंधित रविंद्र मांझी का एक मामला, अनुमंडल कार्यालय चास से संबंधित रेखा देवी का एक मामला, राज्य-कर आयुक्त कार्यालय से संबंधित श्री नीरज कुमार का एक मामला शामिल था।

वहीं, एक अन्य मामले में *माननीय उच्च न्यायालय झारखंड रांची के पारित आदेश के आलोक में जिला अनुकंपा समिति में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु पुर्नविचार करने के नवीन कुमार, अनुसेवक, जिला विकास शाखा बोकारो के मामले पर सुनवाई करते हुए लगभग १७ वर्षों से चल रहे मामले का समापन किया।

उपायुक्त ने सभी बिंदुओं पर समिति सदस्यों की उपस्थिति में सुनवाई की, संबंधित अभ्यर्थी से मामले की जानकारी ली और *सर्व सहमति से समिति ने तृतीय वर्ग के पद पर नियुक्ति का अनुशंसा किया।

## मजदूर पुन बैठेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**कोडरमा (ससे):** कोडरमा जिला नियोजनालय कोडरमा के द्वारा लिखित परीक्षा लेने के बाद ५ मजदूरों को डीवीसी प्लांट में रखवाने के लिए उप विकास आयुक्त के कर कमलों द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया था ।इसके बावजूद भी मजदूरों को २/९/२०२४ से २८ /९ /२०२४ तक बांक्षेडीह गेट नंबर १ के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना पर बैठना पड़ा। २९/९/२०२४ को स्थाई गेट पास मिला उस दिन डीवीसी परियोजना प्रधान एवं डीएम ने कहा था की १५ दिनों के बाद सरल तरीके से गेट पास मिलेगा कहीं कोई परेशानी नहीं होगी लेकिन पिछले एक माह से गेट पास नवीकरण करने के लिए घूम रहे हैं सिर्फ आश्वासन मिल रहा है ।विवश होकर पांचो मजदूर दिनांक ५/१२/२०२४ से पुनः एक बार फिर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगी पांचो मजदूर बैठेंगी सुधांशु पासवान ,अमित साव ,जितेंद्र कुमार ,उपेंद्र चौधरी ,संदीप मंडल ।दूरों ने कहा कि ठंड के मौसम में अगर किसी तरह का मजदूरों को दिक्कत होगी जिसकी जवाब देही डीवीसी मुख्य अभियंता होंगे।

# सेल ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया

**बोकारो (ससे):** देश की महारत्न सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने नई दिल्ली स्थित अपने कॉर्पोरेट ऑफिस में आयोजित एक कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करके 'अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस' मनाया। कंपनी ने इस प्रमुख कार्यक्रम का आयोजन अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत आयोजित किया।



सेल ने भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से आयोजित इस पहल के तहत लाभार्थियों की गतिशीलता और संचार को बढ़ाने के लिए ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, स्मार्ट केन, दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए स्मार्टफोन और श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण वितरित किए।सेल ने दिव्यांगजनों को उपकरण देने का यह काम लगातार तीसरे साल किया है। इस साल इस कार्यक्रम के साथ चरणबद्ध वितरण अभियान की शुरुआत की गई है, जिसे आगे सेल के संयंत्रों और इकाइयों में भी आयोजित किया जाएगा। सेल अध्यक्ष श्री अमरेंदु प्रकाश ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत की और सामाजिक समावेशिता तथा दिव्यांग लोगों के मदद के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दोहराया. इस अवसर पर सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा, सेल में हम दिव्यांगजनों की अदम्य भावना को सलाम करते हैं। वे अद्वितीय शक्ति और दृढ़ संकल्प के प्रतीक हैं। हमेशा से सेल दिव्यांगजनों की मदद करती आई है और आगे भी करती रहेगी।

सेल मौजूदा समय में, अपने संयंत्रों में दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाएं मुहैया करा रहा है, जिसमें राउरकेला में नेत्रहीन, बधिर और मानसिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए स्कूल और 'होम एंड होप', बोकारो में 'आशालता केंद्र', दुर्गापुर में 'विकलांग उन्मुख शिक्षा कार्यक्रम' 'दुर्गापुर हैंडीकैप्ड हैप्पी होम' और बर्नपुर में 'चेशायर होम' शामिल हैं।

# वाहन जांच अभियान चलाकर डीटीओ ने वसूला जुर्माना



**बोकारो (ससे):** राष्ट्रीय राजमार्ग पर जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत जैनामोड़ के सामने परिवहन विभाग द्वारा सोमवार देर रात चलाएं गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान १३ वाहनों से ०२.२३ लाख का जूर्माना वसूल किया गया।

उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) वंदना शेजवलकर द्वारा विशेष जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल १३ वाहन से ०२.२३ लाख रुपए जुर्माना वसूला गया।डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल ६२ वाहनों की जांच की गई। जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर १३ वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया।

# उप विकास आयुक्त ने विभिन्न पंचायत का किया दौरा

**कोडरमा (ससे):** कोडरमा उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा डोमचांच प्रखंड के विभिन्न पंचायत का दौरा किया गया। इस क्रम में उप विकास आयुक्त ने बच्छेडीह पंचायत भवन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के योजनाओं से क्रियान्वयन से संबंधित रजिस्टर संधारण का जायजा लेते हुए बेहतर तरीके से रजिस्टर संधारण करने का निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने अन्य पंचायतों का दौरा कर अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, सिंचाई कूप संवर्धन योजना समेत अन्य योजनाओं का निरीक्षण किया गया। उप विकास आयुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना से लगायें गये पौधौ का उचित देख रेखा करने को कहा। अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिये।



साथ ही जिन लाभुकों के द्वारा आवास निर्माण नही किया जा रहा है, उन्हें नोटिस जारी किया गया। जिला परिषद् अंतर्गत योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर जमीन का चिन्हितकरण और सत्यापन किया गया। इस मौके पर जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव, अंचल अधिकारी डोमचांच व अन्य मौजूद रहे।

# बीएसएल द्वारा दिव्यांगजनों के लिए बैटरी ऑपेरेटेड ट्राईसाइकिल का वितरण

**बोकारो (ससे):** बीएसएल के सीएसआर विभाग के तत्वावधान में भारतीय कृत्रिम अंग निगम (एलिम्को) के सहयोग से ३ दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आशालता विकलांग विकास केंद्र, बोकारो में दिव्यांगजनों के लिए बैटरी ऑपेरेटेड ट्राईसाइकिल वितरण शिविर का आयोजन किया गया.



वितरण शिविर के अवसर पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी, अधिशासी निदेशक-प्रभारी (मानव संसाधन) राजन प्रसाद , अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महा प्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) लक्ष्मी दास, आशालता दिव्यांग विकास केंद्र के निदेशक बी एस जयसवाल, एलिम्को के प्रतिनिधि नीतीश कुमार, महाप्रबंधक (सीएस आर) ए एस नंदी, वरीय प्रबंधक (सीएसआर) एन त्रिपाठी तथा बीएसएल एवं आशालता विकास केंद्र के अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी को दिव्यांगजनों के उत्थान तथा उनके जीवन को सरल और सहज बनाने और उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़ने में अपना योगदान करना चाहिए. दिव्यांगजनों के विकास के लिए आशा लता केंद्र द्वारा किए जा रहे प्रयासों की भी उन्होंने सराहना की.

वितरण शिविर के दौरान दिव्यांगजनों को निदेशक प्रभारी एवं अधिशासी निदेशकों द्वारा बैटरी ऑपेरेटेड ट्राईसाइकिल वितरित किए गए.

## 15 को बीएसएल करेगा हैप्पी स्ट्रीट का शुभारम्भ

**बोकारो (ससे):** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बीएसएल के तत्वावधान में हैप्पी स्ट्रीट का आयोजन किया जाएगा. १५ दिसम्बर को सुबह ०७ बजे इसका उदघाटन किया जाएगा जिस दौरान बीएसएल के वरीय अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे. बीएसएल ने इस कार्यक्रम की तैयारी आरंभ कर दी है.एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो के थीम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किए जा रहे इस आयोजन में बोकारो के विभिन्न स्कूल, अन्य शिक्षण संस्थान, महिला समिति, संगीत कला अकादमी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, रोटरी क्लब ऑफ मिड टाउन कपल्स, पोस्टल फ़िलाटेली ग्रुप, एक्स सर्विसमैन एसोशिएशन सहित अन्य संस्थाएं इसमें शामिल होंगी. इसके अलावा सभी नगर वासी इस आयोजन में शामिल हो सकते हैं.

हैप्पी स्ट्रीट का मकसद लोगों को एक स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है जिसमें सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों के विशेषज्ञ अपने प्रदर्शन से लोगों को स्वस्थ और सुखी जीवन के लिए प्रेरित करेंगे.इसके लिए हॅप्पी स्ट्रीट में बोकारो मॉल मोड़ से गाँधी चौक तक की एक लेन सुबह ०७ बजे से १० बजे तक आने वाले कुछ रविवार को गाड़ियों के आवागमन के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दी जाएगी. हैप्पी स्ट्रीट में बोकारो वासी एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो के आह्वान के तहत विभिन्न गतिवधियों का लाभ और आनंद उठा सकेंगे. हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम का समापन सेल दिवस के अवसर पर दिनाँक २४ जनवरी २०२५, दिन शुक्रवार को किया जायेगा.

## भाजपा नेत्री ने की अलाव व्यवस्था की मांग

**डुमरी (ससे):** भाजपा नेत्री बबिता जायसवाल ने मंगलवार को अंचल अधिकारी डुमरी को पत्र देकर ठण्ड को देखते हुए विभिन्न चौक चौराहों,यात्री पड़ाव स्थलों,स्टेशन के परिसर में अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। पत्र में लिखा है कि कुछ दिनों से कडकडाती ठंडी के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया हैं।

इसे देखते हुए जनहीत में आम लोगों को ठंडी में राहत दिलाने के लिए रेलवे फाटक, इसरी बाज़ार चौक, पारसनाथ रेलवे स्टेशन, बेरमो मोड़ एवं वनांचल चौक में अलाव की व्यवस्था यथाशीघ्र कराने की पहल करें ताकि सभी दिहाडी मजदूरों, रिक्शा चालकों ठंड को से राहत मिल सके।

## भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद को दी गई श्रद्धांजलि



**बोकारो (ससे):** भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर ३ दिसंबर को बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी, अधिशासी निदेशक (वित्त एवं लेखा) सुरेश रंगानी , राजन प्रसाद, अधिशासी निदेशक-प्रभारी (मानव संसाधन), अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन), राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवटी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सी आर मिश्रा, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बी बी करुणामय (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस्पात भवन के समीपस्थ स्व. डॉ राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी.

बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने इस मौके पर कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जीवन से प्रेरणा लेकर हम अपने समाज एवं देश को आगे ले जा सकते हैं.

## एफसीआई गोदाम में गड़बड़ी पर होगा आंदोलन : गंगाधर

**डुमरी (ससे):** झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो ने मंगलवार को पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित डीएसडी गोदाम पहुंचकर डीलरों को भेजी जाने वाले खाद्यान्न की जानकारी ली साथ ही एजीएम से गोदाम से खाद्यान्न भेजने और डीलर के रिसिव करने में होने वाले तिथि के अंतर पर जानकारी लेते हुए खाद्यान्न की रिसिविंग प्रेषण तिथि को ही कराने की मांग की।वहीं श्री महतो ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि खाद्यान्न वितरण गोदाम में काफी अनियमितता और गड़बड़झाला किया जाता है।

## ग्रामीणों ने मांगुर मछली लदे वाहन को पकड़ पुलिस को सौंपा

**डुमरी (ससे):** निमियाघाट थाना पुलिस द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-१९ पर मंगलवार को चरकी टोंगरी ग्राम निकट जीवित मछलियों से लदा एक भारी माल वाहक वाहन ट्रक संख्या (डब्ल्यूबी १९के ७७८३ को पकड़ा गया। बताया जाता है कि स्थानीय लोगों ने संदेह के आधार पर निमियाघाट थाना क्षेत्र के खैराटुंडा ओवरब्रिज पुल के पास एनएच-१९ पर मछली गाड़ी को पकड़ा और इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी। बताया जाता है कि ट्रक में भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित मांगुर मछली लोड है।

वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि निमियाघाट के एक दो व्यक्ति द्वारा फर्जी बिल्टी जारी कर प्रतिबंधित मांगुर मछलियों का परिवहन इस क्षेत्र से होकर कराया जाता है।ग्रामीणों का मांग है कि इस अवैध कारोबार पर रोक लगे।वहीं निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार ने बताया कि मछलियां एक ट्रक में ले जाई जा रही थी जिसे जांच हेतु रोका गया है साथ ही ३ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया कि मत्स्य विभाग को सूचना दे दी गई है। गौरतलब हो कि एनएच-१९ के रास्ते प्रतिदिन बंगाल से बिहार की ओर प्रतिबंधित मांगुर मछली लदे दर्जनों ट्रकों का परिवहन किया जाता है।

# झुमरी तिलैया भादो डीह अयाज नगर मे हुआ उर्स का आगज

**कोडरमा (ससे):** कोडरमा झुमरीतिलैया स्थित मोहल्ला भादो डीह मे सूफ़ी अयाज़ शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैहे का सालाना उर्स का आगाज़ दिनाक ०१ दिसम्बर को परचम कुसाई से बहुत ही धूम धाम के साथ शरू हुआ बताते चले की यह बाबा अयाज़ शाह वारसी रहमतुल्लाह अलैहे का ५४ वां सालाना उर्स मुबारक है जो की हर वर्ष उर्दू के जमादी अव्वल माह के २९ वा ३० को मनाया जाता है परन्तु इसकी शुरुआत २८ तारिक को ही परचम कुसाई से ही किया जाता है उर्दू के २९ तारिक को सुबह ७:०० बजे पवित्र कुरआन का पाठ (कुरान खानी) एवम १०:३० बजे चादर गस्ती की जाती है जो की मरहूम रफीक खान वारसी के घर से निकल कर टी.ओ.पी गली निकल कर बड़ा पोस्ट ऑफिस एवम तिलैया थाना के रास्ते शहर के मुख्य सडक का भ्रमण करते हुये रेलवे स्टेशन के समीप से वापस होकर थाना के गली से पुनः गंतव्य स्थान हजरत सूफी अयाज़ शाह वारसी रहमतुल्ला अलैहे के आस्ताने शरीफ पर बहुत ही अदब वा भक्तिमय होकर भक्तगण अपने सर पर चादर रखकर आये और ११:३० बजे बहुत ही जोश खरोस के साथ चादर पेश कर देश मे चैनो अमन की दुआएं मांगी दोपहर १:३० लंगरखानी जिसमे हज़ारो उत्तर प्रदेश,बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़ एवम झारखण्ड से चलकर आये हुए भक्तगणो ने भोजन के रूप मे ग्रहण किया रात ८:०० बजे मिलादुन्नबी का प्रोग्राम और रात्रि ९:०० बजे लगारखानी का प्रोग्राम हुआ, उर्दू के ३० तारिक यानी की आज ०३/१२/२०२४ को १०:५० से महफिले शिमा का कार्यक्रम भारत के विभिन्न प्रांतो से आये हुए फेमस कोववालो के द्वारा २:०० तक, रात्रि ९:०० से पूरी रात ४:१३ तक महफिल का सोभा बढ़ाता रहा, दोपहर २:१५ मे लंगरखानी एवम रात्रि ८:०० लंगरखानी सुबह ०४ दिसम्बर को ४:१३ मे कुल शरीफ हाजी वारिस पाक रहमतुल्लाह अलैहे देवा शरीफ का मनाया गया,इस कार्यक्रम मे कमिटी के लिए उपलब्धि रही की बीते वर्ष की भाति इस वर्ष भी फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन कराने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जिसमे फ्री चेकअप और फ्री दवाईया बाटी गयीं इस कैंप मे मुख्य भूमिका डॉ अनिसूल हक़ एंड टीम ने निभाई सारा कार्यक्रम अरकिन कमिटी अयाज़ नगर भादो डीह के सौजन्य से किया गया।



# दिव्यांग बच्चे को व्हील चेयर प्रदान किया गया

**कोडरमा (ससे):** कोडरमा जिला प्रशासन व सामाजिक सुरक्षा कोषांग कोडरमा के सौजन्य से समाहरणालय सभागार में विश्व दिव्यांगता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ऋतुराज मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत हुए और विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह व सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार शामिल हुए। मंच का संचालन सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत द्वारा किया गया।




उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने अपने संबोधन में कहा कि दिव्यांग लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। दिव्यांग लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वे प्रखंड कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं, उनकी हर छोटी से छोटी समस्या का निवारण किया जायेगा। अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने बताया कि दिव्यांगजनों के लिए सरकार द्वारा महत्त्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं, उन योजनाओं का लाभ लें। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोडरमा नीतीश कुमार निशांत ने बताया कि दिव्यांगजनों के लिए दो प्रकार की पेंशन योजना चलायी जा रही है।

केन्द्र द्वारा इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना एवं राज्य द्वारा स्वामी विवेकानंद निःशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना का संचालन किया जा रहा है।दिव्यांग प्रमाण पत्र व दिव्यांग पेंशन स्वीकृति पत्र वितरित उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार व सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग श्री नीतीश कुमार निशांत द्वारा दिव्यांग लाभुकों के बीच दिव्यांग पेंशन स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।

करीब ९ लाभुकों के बीच दिव्यांग पेंशन स्वीकृति पत्र वितरित किया गया। साथ ही करीब ११ दिव्यांगजनों के बीच दिव्यांगता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त समाज कल्याण विभाग द्वारा दो दिव्यांग बच्चों को व्हील चेयर उप विकास आयुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनोज कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

# नीतीश कैबिनेट की बैठक में 33 एजेंडों पर लगी मुहर

**पटना (एजेंसी):** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को बिहार कैबिनेट की बैठक हुई. इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये. बैठक में कुल ३३ एजेंडों पर मुहर लगी. इसमें पर्यटन पर भी जोर दिया गया है. इसके तहत सहरसा का मत्यस्यगंधा झील और कैमूर जिला का करमचट ईको टूरिज्म एंड एडवेंचर हब का विकास किया जाएगा. सहरसा में पर्यटन के विकास के लिए ९८ करोड रुपए की मंजूरी मिली है.

कैमूर जिला अंतर्गत करमचट ईको टूरिज्म एंड एडवेंचर हब के



विकास के लिए ४९ करोड़ ७३ लाख ३३ हजार ४४० रुपये की राशि को मंजूरी दी है.

पटना के कंकड़बाग में सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल बनेगा. बैठक में लिये गए निर्णय के अनुसार पटना के कंकड़बाग में शंकर नेत्रालय को जमीन दे दी गई.

यहां पर सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल बनेगा, जहां गरीब लोगों का इलाज होगा. प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत संविदा पर आधारित नियोजित कर्मियों के वेतन का रास्ता साफ हो गया है. नीतीश कैबिनेट ने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत पंप ऑपरेटर के ४९३ पदों का सृजन कर दिया है.

आयुर्वेदिक होम्योपैथिक अस्पताल में भोजन की व्यवस्था जीवका दीदी के द्वारा किया जाएगा. स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत बिहार उपचार्य शिक्षक संवर्ग नियमावली २०२४ को मंजूरी दे दी गई है. बिहार परिचारिका संपर्क नियमावली २०२४ को मंजूरी दे दी गई है.

# सीएम नीतीश की संभावित यात्रा पर राजनीति शुरू

**पटना (एजेंसी):** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आगामी १५ दिसंबर से 'महिला संवाद यात्रा' पर निकलने वाले हैं. इस दौरान मुख्यमंत्री महिलाओं से उनकी कठिनाइयों के बारे में पूछेंगे और फिर उनके हिसाब से ही योजनाएं बनाएंगे. इतना ही नहीं इस दौरान सीएम नीतीश कुमार केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे. सीएम की संभावित यात्रा पर राजनीति शुरू हो चुकी है.

इस बीच ज़ी न्यूज़ ने बेतिया जिले में 'महिला हेल्प डेक्स' की पड़ताल की तो चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई. बता दें कि घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना, महिलाओं से दुर्व्यवहार और छेड़खानी जैसे मामलों पर तुरंत कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री ने बिहार पुलिस में 'महिला हेल्प डेक्स' बनाया था.



बेतिया के महिला थाना में महिला हेल्प डेक्स पर पीड़ित महिलाओं की भीड़ दिखी. यहां की थानाध्यक्ष सुधा कुमारी ने बताया कि वे प्रतिदिन दर्जनों मामलों का निष्पादित करती हैं. आज इनके पास अलग तरह के मामले आए हैं. थाने में दो महिलाएं अपने पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने आई थी. उन्होंने बताया कि नरकटियागंज का रहने वाला नीलू शर्मा हम दोनों को धोखा देकर शादी की है और अब वो तीसरी शादी करना चाहता है. आरोपी ने हम दोनों को घर से निकाल दिया है. वह तीसरी शादी ना करने पाए, इसके लिए हम पुलिस के पास आए हैं.

थानाध्यक्ष ने बताया कि आशिक मिजाज पति अब घर छोड़ फरार हो गया है. दोनों महिलाओं को ससुराल भेजने की व्यवस्था की जा रही है.

वहीं बेतिया टाउन थाना का महिला हेल्प डेक्स पर एक महिला अपने पति की शिकायत लेकर आई थी. पीड़िता सोनी ने बताया कि उसका पति शराब पीकर अक्सर मारपीट करता रहता है. इस कारण २०२१ में पहले भी जेल चला गया था. दो साल तक पति में सुधार था फिर पति सोनी देवी के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया है.

सोनी देवी अपने भाई के साथ थाना पहुंची है. सोनी देवी ने बताया कि २०२१ में मेरा पति घरेलू हिंसा करता था. शराब के नशे में मारपीट करता था, तो उसे एक बार जेल भेजवाई थी. दो साल तक सुधार था फिर वही हरकत कर रहा है फिर मारपीट किया है. बच्चे को बहुत पिटा है फिर थाना पहुंची हुई हूं फिर उसे जेल भेजना है.

सोनी देवी ने बताया की यहां नीतीश कुमार की सरकार हैं यहां पर शराबी पतियों की खैर नहीं है. हमलोगों को अपने मुख्यमंत्री पर नाज है.


## कार्यालय, अनुमंडल सह जिला कृषि पदाधिकारी, जामताड़ा
(पौधा संरक्षण प्रभाग)

**कृषक भाई/बहनों हेतु आवश्यक सूचना**

जामताड़ा जिलान्तर्गत सभी कृषक भाई/बहनों को सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहाकारिता विभाग के राज्यादेश सं0– 57 दिनांक 21.08.2024 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिए कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादकता को बढ़ाने हेतु फसल सुरक्षा योजना अन्तर्गत निम्नवत् आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है:–

| क्र0 | कार्य अवयव | लक्ष्य | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रक्षेत्र प्रत्यक्षण | 125 हेक्टेयर (रबी एवं गरमा मौसम) | |
| 2 | कृषक गोष्ठी | संख्या– 12 (रबी एवं गरमा मौसम) | कृषक गोष्ठी हेतु समूह में आवेदन लिया जाएगा। प्रति कृषक गोष्ठी में कम से कम 75 कृषक अनिवार्य है। |
| 3 | राज्य स्तरीय परिभ्रमण | संख्या– 02 (रबी एवं गरमा मौसम) | प्रति परिभ्रमण में 60 कृषक होगें। |
| 4 | कृषक वैज्ञानिक अन्तरमिलन | संख्या– 02 (रबी एवं गरमा मौसम) | प्रति कृषक वैज्ञानिक अन्तरमिलन में कम से कम 50 कृषक अनिवार्य है। |
| 5 | जिला स्तरीय युवा कौशल संवर्द्धन | संख्या– 20 (रबी मौसम) | जिला स्तरीय युवा कौशल संवर्द्धन हेतु कृषक की अधिकतम उम्र– 40 वर्ष होगी। |
| 6 | पंचायत स्तरीय प्रशिक्षण | संख्या– 50 (रबी एवं गरमा मौसम) | पंचायत स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण हेतु प्रति प्रशिक्षण अधिकतम कृषक की संख्या– 30 है एवं कृषक की अधिकतम उम्र– 50 वर्ष होगी। |
| 7 | कीटनाशी विक्रेता हेतु प्रशिक्षण | संख्या– 25 | कीटनाशी विक्रेता हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कीटनाशी का लाईसेंस आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। |

योजना के विभिन्न कार्य अवयवों का लाभ लेने हेतु इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह अपना आवेदन पंचायती राज संस्था के मुखिया/ जनप्रतिनिधि/जिला परिषद् सदस्य से अनुशंसा कराकर आवश्यक कागजात यथा पहचान पत्र/ आधार कार्ड/बैंक पासबुक विवरणी/मोबाईल नम्बर/जमीन का रकबा के साथ पूर्ण विवरणी संलग्न करते हुए आवेदन पत्र दिनांक– 14.12.2024 के संध्या 5:00 बजे तक अनुमंडल सह जिला कृषि कार्यालय, संयुक्त जिला कृषि भवन, सर्खेलडीह, जामताड़ा में जमा कर सकते है।

लाभुक का चयन पहले आओ–पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

अनुदान हेतु लाभुक चयन के लिए निम्नांकित न्यूनतम मापदण्ड आवश्यक होगा–

1. आवेदन पूर्ण रुप से भरा हुआ एवं सभी कागजात के साथ होगा।
2. आवेदन की प्रति मुखिया अथवा अन्य जनप्रतिनिधि द्वारा अनुशंसित किया हुआ हो।
3. आवेदक द्वारा पूर्व के तीन वर्षों तक इस योजना कार्य अवयव का लाभ नहीं लिया हो–
4. आवेदक के पास पर्याप्त भूमि हो तथा सब्जी, फल, फूल आदि की खेती करते हों।
5. आवेदक द्वारा स्वयं हस्ताक्षरित आवेदन ही स्वीकार्य होगा।
6. लाभुक के चयन में FPO/प्रगतिशील कृशकों/महिला स्वयं सहायता समूह/सिंचाई सुविधा युक्त कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
7. विशेष परिस्थिति में किसी भी आवेदन को स्वीकृत करना या रद्द करने का अधिकार अनुमंडल सह जिला कृषि पदाधिकारी, जामताड़ा के पास सुरक्षित रहेगा, जिसपर किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा।

योजना की विस्तृत जानकारी अनुमंडल सह जिला कृशि कार्यालय, संयुक्त जिला कृषि भवन, सर्खेलडीह, जामताड़ा से प्राप्त की जा सकती है। आवेदन का प्रारूप atmajamtara.org.in पर उपलब्ध है।

अनुमंडल सह जिला कृषि पदाधिकारी,
जामताड़ा

PR 341036 Agriculture(24-25).D


## ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी

**आगरा (ईएमएस):** ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से सनसनी फैल गई। ई-मेल प्राप्त होने के बाद ही सुरक्षा एजेंसी अलर्ट हो गई। ताज की सुरक्षा व्यवस्था को और भी मजबूत कर दिया गया। इसके साथ ही यहां बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड भी पहुंच गया। इस जांच के दौरान पर्यटकों में किसी तरह की अफरा-तफरी न फैले इसका भी विशेष ध्यान रखा गया। ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

# मिड-डे मील डकार गए मास्टर, अब सरकार ने किया दाना-पानी बंद

**पटना (एजेंसी):** बिहार के जमुई जिले में सरकारी स्कूलों में बच्चों का खाना यानी मिड-डे मील में कथित तौर पर बड़ा घोटाला सामने आया है. शिक्षा विभाग ने कई विद्यालयों में मिड-डे मील के हिसाब-किताब में बड़ी गड़बड़ी पायी है, जिसके बाद उक्त विद्यालयों के हेडमास्टर साहब का वेतन रोक दिया गया है. इतना ही नहीं गड़बड़ी करने वाले प्रधानाध्यापकों से लगभग १० लाख रुपये की वसूली का आदेश जारी किया है.

जानकारी के मुताबिक, दोषी प्रधानाध्यापकों के वेतन से हर महीने १० हजार रुपये काटे जाएंगे. शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई से शिक्षकों में हड़कंप मच गया है.

स्कूलों में मिड डे मील योजना में गड़बड़ी की बात को जमुई के जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने स्वीकार किया है. उन्होंने दोषी अध्यापकों पर हुई कार्रवाई की पुष्टि भी की है. उन्होंने बताया कि कई स्कूलों में मिड डे मील योजना में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं पाई गई हैं. जांच में पाया गया कि उक्त प्रधानाध्यापकों ने योजना की राशि का दुरुपयोग किया है. उन्होंने बताया कि विभाग ने इन सभी दोषी प्रधानाध्यापकों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अब वसूली का आदेश जारी किया गया है.

जिले के कई स्कूलों में मिड डे मील योजना में बड़े लेवल घपला होने पर अब शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों के मिड-डे मील संचालन की गहन समीक्षा करने का फैसला लिया है. विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि इस तरह की गड़बड़ी भविष्य में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. इससे पहले सरकार ने फैसला लिया था कि सरकारी प्रारंभिक विद्यालयों में बच्चों को अब पक्का-पकाया भोजन उपलब्ध कराया जाएगा.

# डीएम-एसपी पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग

**लखनऊ (ईएमएस):** संभल में हिंसा के बाद शुरू हुई सियासी जंग अब संसद तक पहुंच गई है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को संसद में इस मामले को उठाया। उन्होंने कहा कि जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर संभल के मुस्लिमों ने तो धैर्य रखा, लेकिन अधिकारियों ने अपने प्राइवेट हथियारों से गोलियां चलाई।

सीओ ने लोगों से गालीगलौच की। लाठीचार्ज करवाया। अखिलेश ने संभल के डीएम और एसपी समेत प्रशासनिक अफसरों पर हत्या का मामला दर्ज किए जाने की मांग की। साथ ही कहा कि ये लड़ाई संभल की नहीं, बल्कि दिल्ली और लखनऊ की है। अखिलेश ने संसद के शीतकालीन सत्र में अपनी बात रखते हुए कहा कि संभल जो



भाईचारे के लिए जाना जाता था। वहां भाईचारा सदियों पुराना है। अचानक संभल में यह घटना सोची समझी साजिश के तहत कराई गई है। वहां के भाईचारे को गोली मारने का काम हुआ है। वहां खुदाई बीजेपी और उनके सहयोगी समर्थक बार-बार कर रहे हैं। यह देश के भाईचारा और सौहार्द को खो देगा।

उन्होंने आगे कहा कि यूपी चुनाव पहले १३ तारीख को होना था और इसे बढ़ाकर २० तारीख कर दिया गया। संभल की जामा मस्जिद के खिलाफ १९ नवंबर २०२४ को सिविल जज के सामने याचिका लगाई गई। कोर्ट ने दूसरे पक्ष को सुने बगैर सर्वे के आदेश दे दिए। हैरानी की बात है डीएम के आदेश पढ़े जाने के बगैर दो घंटे के अंदर ही पुलिस बल के साथ मस्जिद पहुंच गए। मस्जिद कमेटी और सभी ने उन्हें सहयोग दिया, लेकिन २२ नवंबर को जुमे की नमाज के लिए जब लोग नमाज पढ़ने वहां पहुंचे तो वहां बैरिकेड लगा दिए गए, लेकिन लोगों ने शांति से नमाज पढ़ी।

अखिलेश ने कहा कि अगली तारीख सुनवाई के लिए तय की। अगले दिन सर्वे करने के लिए दोबारा कहा गया। तो कमेटी की तरफ से कहा गया कि अगर फिर सर्वे कराना है दोबारा आदेश लेकर आएं और सर्वे करा देंगे, लेकिन जिला अधिकारी और एसपी ने कोई सुनवाई नहीं की और तानाशही करते हुए शाही मस्जिद आ गए। कमेटी और मुस्लिम समाज समाज के लोगों ने धैर्य रखा और दोबारा सर्वे के लिए अंदर ले गए। जब दोबारा जनता को इसकी सूचना मिली तो वहां पहुंच गई।

लोगों को देख सीओ ने उनसे गाली गलौच की और लाठीचार्ज करवाकर उन लोगों को घायल कर दिया। इसके बाद चंद लोगों ने पत्थर चलाए, जिसके बदले में पुलिस सिपाही से लेकर अफसरों ने सरकारी ओर प्राइवेट हथियारों से गोलियां चलाई। पांच मासूम जो घर से सामान लेने निकले थे मारे गए। भारी हंगामे के बीच उन्होंने कहा कि संभल का माहौल बिगाड़ने में याचिका दायर करने वालों के साथ पुलिस प्रशासन के लोग भी जिम्मेदार हैं इन पर हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए, ताकि आगे कोई ऐसी कोई घटना न हो सके।

आखिर में उन्होंने कहा कि ये लड़ाई दिल्ली और लखनऊ की है। उन्होंने शायराना अंदाज में कहा- जो कभी दिल्ली पहुंचते थे जिस राह से, वही लखनऊ वाले उसी रास्ते पहुंचना चाहते हैं।


## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गिरिडीह

**शुद्धि पत्र**

ई– अल्पकालीन निविदा संख्या RDD/SD/GIRIDIH/24/2024-25 जिसका पी0आर0 संख्या 337362 Rural Development(24-25)_D में अपरिहार्य कारणों से तिथि को संशोधित किया जाता है। संशोधित तिथि के अनुरुप ही निविदा की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। संशोधित तिथि निम्नवत है :–

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 14.10.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 14.10.2024 से दिनांक 19.10.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –21.10..2024 अपराह्न 05.30 बजे।
5. निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गिरिडीह

PR 341092 Rural Development(24-25).D

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो
(जिला परिवहन शाखा :– डी0एम0एफ0टी0 कोषांग)

-:: Very Short Request for Proposal ::-

बोकारो जिला अंतर्गत Supply & Installation of Multiple Green Chalk Board in Govt. Schools of Bokaro से संबंधित Request fo Proposal इच्छुक प्रतिष्ठित फार्म/संस्थान से दर आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक संस्थान दिनांक– 13.12.2024 के अप0 01:00 PM बजे तक डी0एम0एफ0टी0 कोशांग, बोकारो (समाहरणालय, बोकारो ) में Request fo Proposal जमा कर सकते है। इस संबंध में विस्तृत विवरणी बोकारो जिला के वेबसाईट http:/bokaro.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला परिवहन पदाधिकारी,
–सह– प्रभारी पदाधिकारी,
डी0एम0एफ0टी0,
बोकारो।

PR 341004 District(24-25)D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह

**शुद्धि पत्र**

ई– अल्पकालीन निविदा संख्या RDD/SD/GIRIDIH/14/RE2/2024-25 जिसका पी0आर0 संख्या 340787 Rural Development(24-25)_D में अपरिहार्य कारणों से तिथि को संशोधित किया जाता है। संशोधित तिथि के अनुरुप ही निविदा की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। संशोधित तिथि निम्नवत है :–

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.12.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.12.2024 से दिनांक 12.12.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –13.12..2024 अपराह्न 05.30 बजे।
5. निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गिरिडीह

PR 341090 Rural Development(24-25).D

झारखण्ड सरकार

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह ।

**शुद्धि पत्र**

ई– अल्पकालीन निविदा संख्या RDD/SD/GIRIDIH/25/2024-25 जिसका पी0आर0 संख्या 340794 Rural Development(24-25)_D में अपरिहार्य कारणों से तिथि को संशोधित किया जाता है। संशोधित तिथि के अनुरुप ही निविदा की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। संशोधित तिथि निम्नवत है :–

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.12.2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.12.2024 से दिनांक 12.12.2024 को अपराह्न05:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गिरिडीह।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –13.12..2024 अपराह्न 05.30 बजे।
5. निविदा की अन्य नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
गिरिडीह।

PR 341093 Rural Development(24-25)D

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, (व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह)
फोन नं0 6204534875, 7319853377

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के पत्रांक 3529 दिनांक 22/11/2024 के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह में 10 पारा लीगल वोलेनटियर का चयन केवल कार्यरत या सेवा निवृत शिक्षक/कार्यरत या सेवानिवृत चिकित्सक/कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान/ट्रांसजेंडर (Transgender) में से किया जाना है।

महत्वपूर्ण निर्देश:–

1. आवेदक की निम्नतम आयु 01/01/2024 तक 18 वर्ष होनी चाहिए।
2. आवेदक की निम्नतम् शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक के साथ अच्छे नैतिक चरित्र का होना अनिवार्य है एवं किसी आपराधिक मामले या किसी राजनीतिक संगठन के साथ संबद्ध नहीं होना चाहिए।
3. आवेदक को हस्त लिखित आवेदन दिये गये प्रारूप में दो पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ (एक आवेदन में चिपकाये जाने के लिए) के साथ आवेदन करना अनिवार्य है और आवेदन को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह (व्यवहार न्यायालय परिसर) के पते पर कार्यालय अवधि में पूर्वाह्न 10:30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक दिनांक 07/12/2024 तक हाथों हाथ अथवा निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा करना होगा।
4. अपूर्ण या अधूरे भरे हुए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. पारा लीगल वोलेनटियर का चयन केवल कार्यरत या सेवा निवृत शिक्षक/कार्यरत या सेवानिवृत/चिकित्सक, कार्यरत या सेवानिवृत सेना के जवान/ट्रांसजेंडर (**Transgender**) में से किया जाएगा।
6. पी0 एल0 वी0 के रूप में कार्य हेतू करूणा, सहानुभूति और तत्परता के साथ जरूरतमंदो की सहायता करने के लिए एवं समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान की मानसिकता होनी चाहिए।
7. झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा निर्धारित मानदेय को छोड़कर कोई अन्य वेतन या पारिश्रमिक पी0 एल0 वी0 को उसके कार्य हेतू नहीं मिलता है।
8. पी0 एल0 वी0 के लिए चुने गये उम्मीदवारों को आमलोगों और कानूनी सेवा संस्थानों, सरकारी कार्यालयों के बीच सेतु के रूप में कार्य करना होगा और उसे जिले की स्थानीय भाषाओं की जानकारी होनी चाहिए।
9. आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता, जाति प्रमाणपत्र, जन्म तिथि इत्यादि के समर्थन में प्रमाणपत्रों एवं पहचान पत्र आधार कार्ड/वोटर कार्ड आदि की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ जमा करना होगा।
10. आवेदक को लिफाफे के उपर स्पष्ट रूप से लिखना होगा कि आवेदन पारा लीगल वोलेन्टियर के हेतू समर्पित किया जाता है।
11. आवेदको को साक्षात्कार हेतु प्रवेश–पत्र, इस कार्यालय द्वारा निर्गत नहीं किए जांएगें। साक्षात्कार की तिथि एवं समय की जानकारी गिरिडीह न्यायमंडल की बेबसाइट **https://giridih.dcourts.gov.in/** पर उपलब्ध कराई जाएगी।

**पारा लीगल वोलेन्टियर हेतू आवेदन प्रपत्र**

1. अभ्यर्थी का नाम:–
2. पिता/पति का नाम:–
3. माता का नाम:–
4. जन्म तिथि, दिन/माह/वार्ष
5. लिंग :–
6. जाति :–
7. जन जाति भाषा ज्ञान :–
8. उच्चतम शैक्षणिक योग्यता :–
9. वर्तमान या पूर्व सेवा का विवरण :–
10. स्थानीय पता और संपर्क :–
11. स्थायी पता :–
12. मोबाईल नम्बर :–

घोषणा :–

मैं .................................. घोषणा करता/करती हूँ कि मैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायलय परिसर गिरिडीह द्वारा प्रदत्त कार्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सदभावना पूर्वक झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची द्वारा निर्धारित मानदेय पर करूँगा/करूँगी तथा मेरे विरूद्ध किसी न्याययलय में कोई भी आपराधिक मामला लंबित नहीं है ना ही मैं सक्षम न्यायालय द्वारा कभी दोषसिद्ध हुआ/हुई हूँ।

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

स्थान :
दिनांक :

नोट: साक्षात्कार की संभावित तिथि दिनांक 10.12.2024 से 12.12.2024 है। इसकी सूचना गिरिडीह न्यायमंडल की बेबसाइट **https://giridih.dcourts.gov.in/** पर उपलब्ध कराई जाएगी। अलग से प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

आदेशानुसार,
प्रधान जिला एंव सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह

निवेदक,
ह0
सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह

PR 341016 Law(24-25).D


## अधिकारियों का दूसरे राज्यों में जाने का सिलसिला जारी



**पटना (एजेंसी):** बिहार से आईएएस और आईपीएस अधिकारियों का दूसरे राज्यों में जाने का सिलसिला जारी है. इस लिस्ट में अब आईएएस अधिकारी प्रतीक्षा सिंह का नाम भी जुड़ गया है. बक्सर जिले में एडीएम के पद पर तैनात आईएएस प्रतीक्षा सिंह ने अपना कैडर चेंज करा लिया है. वे फिलहाल ट्रेनिंग में पर थीं. हालांकि, अब वे बिहार को छोड़कर सीएम योगी के राज्य यानी उत्तर प्रदेश चली गई हैं. भारत सरकार ने अब प्रतीक्षा सिंह को बिहार कैडर से बदलकर उत्तर प्रदेश कैडर में स्थानांतरित कर दिया है. जिसके बाद बिहार सरकार ने भी उनको रिलीव कर दिया है. महिला आईएएस अधिकारी प्रतीक्षा सिंह के बिहार से बाहर जाने के पीछे कोई सियासी कारण नहीं, बल्कि पारिवारिक विवशता है.

दरअसल, आईएएस प्रतीक्षा सिंह के पति दिनेश चतुर्वेदी यूपी कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं. वे बिहार में अपनी सेवाएं दे रही थीं और उनके पति यूपी में काम कर रहे थे. जिसके कारण दोनों वे अपने पारिवार की जिम्मेदारियां नहीं निभा पा रहीं थीं. पति के यूपी कैडर होने की वजह से ही प्रतीक्षा सिंह भी यूपी गई हैं. यह फैसला इंटर स्टेट कैडर चेंज पति की वजह से किया गया है. भारत सरकार की ओर से २१ नवंबर २०२४ को अधिसूचना जारी की गई थी. वहीं प्रतीक्षा सिंह से पहले बिहार के दो बड़े आईपीएस अधिकारी काम्या मिश्रा और शिवदीप लांडे ने इस्तीफा दे दिया था. प्रतीक्षा सिंह के यूपी जाने से बिहार सरकार को अधिकारियों की कमी का संकट का सामना करना पड़ सकता है. कई आईएएस और आईपीएस अधिकारी पहले ही बिहार छोड़ चुके हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार को इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द ढूंढना होगा.

## अगर कूड़ा फैलाया तो देना होगा भारी-भरकम जुर्माना

**पटना (एजेंसी):** बिहार के वैशाली जिले के हाजीपुर के नगर परिषद सभा कक्ष में सभापति संगीता कुमारी की अध्यक्षता में स्वच्छता सर्वेक्षण में हाजीपुर को रैंक एक से १० के बीच में लाने को लेकर वार्ड पार्षदों, प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई है. इस बैठक को संबोधित करते हुए सभापति संगीता कुमारी ने पार्षदों से एक अपील करते हुए निवेदन किया है कि अपने वार्ड को साफ सुथरा रखने हेतु आम नागरिक को प्रेरित करें. उन्होंने कहा कि स्वच्छ स्थान में ही स्वच्छ तन और स्वच्छ मन का विकास संभव है. वार्ड के लोग अपने घर, दुकान, प्रतिष्ठान से निकलने वाले कूड़ा को सड़क पर नहीं फेंकें. बल्कि, कूड़ा को नगर परिषद के सफाई वाहन में रख दें.

# रागिनी व आलोक उठाएंगे पत्रकार सुरक्षा कानून व फर्जी मामलों का मुद्दा



**दुमका (ससे):** एक पत्रकार के सवाल पर दुमका जिले के शिकारीपाड़ा विधायक आलोक सोरेन ने कहा है कि इस बार सदन में उठाएंगे पत्रकारों पर दर्ज फर्जी मामलों का मुद्दा. बताते चलें कि झारखंड में सबसे ज्यादा फर्जी मामले दुमका के ही पत्रकारों पर दर्ज हुए हैं.इसे लेकर -खड्ग्गथ- ने पूरे राज्य में धरना-प्रदर्शन भी किया था.हाल ही में एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम भाटिया राज्य के डीजीपी अनुराग गुप्ता से भी मिले थे और सीआईडी जांच की मांग भी की थी जिस पर सकारात्मक जवाब मिला था.

अब तक तो सत्ता और विपक्ष के आधा दर्जन विधायक बीते १० सालों में सदन में पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान हेतु कानून लाने की दर्जनों बार वकालत कर चुके हैं जिसके बाद वर्ष २०२२ में ९ दिसंबर को झारखंड सरकार ने एक योजना पत्रकार सम्मान सुरक्षा योजना तो लागू कर दी थी लेकिन यह केवल फाईलों में ही सिमट कर रह गई है.

एक ओर जहां राज्य में सभी वर्गों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई जा रही हैं वहीं पत्रकार सम्मान सुरक्षा योजना-२०२२ वित्त विभाग में लंबित बताई जा रही है.ऐसे में एसोसिएशन इस मामले पर पुनःसदन में चर्चा के लिए प्रयासरत है. दो दिन पहले एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव प्रीतम सिंह भाटिया,बंगाल प्रभारी अरूप मजूमदार,झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र जयसवाल बंटी और प्रदेश सचिव देवेंद्र सिंह ने झरिया विधायक रागिनी सिंह को भी सत्र में इस योजना पर प्रश्न उठाने का निवेदन किया था. एसोसिएशन के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सियाराम शरण सिंह ने -खड्ग्गथ- के अलावा तमाम प्रेस क्लबों के सभी पदाधिकारियों से भी निवेदन किया है कि आप भी इस दिशा में आगे आएं तभी झारखंड में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू होगा.श्री सिंह ने कहा है कि यह झारखंड ही नहीं बल्कि पूरे देश में लागू होने वाली योजना है जिस पर संसद में सत्ता और विपक्ष दोनों ही अक्सर खामोश रहे हैं.

## शिक्षा विभाग ने की एक नई हाजिरी व्यवस्था लागू

**बक्सर,(ईएमएस):** बिहार के शिक्षा विभाग ने हाल ही में एक नई हाजिरी व्यवस्था लागू की है, जो शिक्षकों की उपस्थिति तय करने के लिए बनाई है। इस नए सिस्टम के तहत, अब शिक्षकों को स्कूल में अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए सेल्फी के साथ स्कूल परिसर की तस्वीर भी अपलोड करना जरुरी होगा। इस फैसले से जहां शिक्षक खुश हैं, वहीं करीब कई शिक्षक परेशान भी हैं, जो पुराने तरीके से हाजिरी लगाने की आदत से मजबूत हैं।

बक्सर जिले के डुमरांव अनुमंडल के प्रधान शिक्षक गिरीश पांडेय का कहना है कि ९५ फीसदी शिक्षक अपनी ड्यूटी इमानदारी से करते हैं और इस नए आदेश से उन्हें कोई दिक्कत नहीं है लेकिन जो पांच फीसदी शिक्षक ड्यूटी से गायब रहते हैं, उन्हें अब परेशानी हो जाएगी। इससे पहले शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन हाजिरी सिस्टम लागू किया था, जिसमें कुछ शिक्षक अपनी हाजिरी लगाने के बाद मोबाइल छोड़कर चले जाते थे।

## आउटसोर्सिंग की मशीनें ले जाने का विरोध



**लोयाबाद (ससे) :** कनकनी कोलियरी में संचालित मेमर्स राम अवतार ईआई पीएल जेवी प्राइवेट लिमिटेड आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरों ने कंपनी के द्वारा रात के अंधेरे में एक दिसम्बर को एक गाड़ी, एक मशीन बिना सूचना के ले जाने के खिलाफ कम्पनी के कैंप के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। कम्पनी के मजदूरों ने बताया कि आउटसोर्सिंग कंपनी के मजदूरों ने कंपनी द्वारा रात के अंधेरे में एक दिसम्बर को एक गाड़ी, एक मशीन बिना सूचना के ले गया है। जिसका हम मजदूरों ने सिजुआ एरिया पांच के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर अवगत करवाया कि हम सभी मजदूर राम अवतार ईआई पीएल जेवी कम्पनी में लगभग २०२२ से कार्यरत हैं।

लेकिन मजदूरों का पांच माह से वेतन भुगतान कम्पनी द्वारा नहीं किया गया है। बिना बीसीसीएल के अधिकारी के सूचना दिए बगैर २८ नवम्बर से नो वर्क नो पेय का नोटिस बिना किसी अधिकारी के हस्ताक्षर का चिपका दिया गया है। कंपनी द्वारा रात के अंधेरे में एक दिसम्बर को एक गाड़ी, एक मशीन बिना सूचना के ले जाया गया है। साथ ही कम्पनी के सभी मजदूरों ने एरिया पांच के महाप्रबंधक से आग्रह कर मजदूरों का पांच माह का बकाया राशि का भुगतान नहीं होने तक गाड़ी, मशीन राम अवतार कंपनी से नहीं ले जाया जाये, तत्काल मजदूरों का हित देखते हुए उसपर रोक लगाने की मांग किया है। मौके पर मनोज कुमार चौहान, रोहित रवनी, शंकर ठाकुर, रजन कुमर, अजीत कुमार महतो, उमेश चौहान, महेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## व्यापारियों पर जानलेवा हमले की निंदा

**गोविंदपुर (ससे) :** मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, पूर्व उपाध्यक्ष विवेक लिलहा, आदित्य अग्रवाल एवं हरीश अग्रवाल ने चिरकुंडा बाजार में मारवाड़ी समाज के व्यापारियों पर जानलेवा हमले की निंदा की है।

उन्होंने पुलिस प्रशासन से हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी समाज पर हमला गंभीर मामला है। मारवाड़ी युवा मंच ने इसे गंभीरता से लिया है। समाज पर इस तरह का हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

## चन्द्रदेव महतो ने जल समस्या के समाधान का दिया भरोसा



**बलियापुर (ससे) :** बिरसिंहपुर पंचायत के हड़माडीह गांव में भीषण जलसंकट है। यहां की आबादी तकरीबन दो सौ है। अधिकांश चापानल मरम्मती के अभाव में बेकार पड़ा हुआ है। खबर पाकर सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो मंगलवार को हड़माडीह गांव पहुंचे। ग्रामीणों से मिले। वहां की समस्याओं से अवगत हुए। ग्रामीण महिलाओं ने कहा कि यहां भीषण जलसंकट है। पानी के लिए दूरदराज इलाकों में जाना पड़ता है। पेयजल समस्या समाधान करने की मांग की। विधायक श्री महतो ने जल्द ही पेयजल समस्या का निदान करने का भरोसा ग्रामीणों को दिया। दूसरी ओर विधायक चन्द्रदेव महतो ने कहा कि घड़बड़, बिरसिंहपुर पंचायत समेत अन्य इलाकों के समस्याओं का समाधान जल्द ही कर लिया जाएगा।

## डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को दी गई श्रद्धाजंलि



**गोविंदपुर (ससे) :** श्री हरदेवराम पुस्तकालय में मंगलवार की शाम डॉ. राजेंद्र प्रसाद की १४१वीं जयंती मनाई गई। समारोह की शुरुआत राजेंद्र बाबू की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई।

विभिन्न वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता जय प्रकाश मिश्र, संचालन अनूप कुमार साव एवं धन्यवाद ज्ञापन मथन चंद्र दसौंधी ने किया। जयंती समारोह में नागरिक समिति अध्यक्ष नंदलाल अग्रवाल , विकास फोरम सचिव श्यामानंद लाल त्यागी, रामचंद्र मिश्र, आरके सिंह, दिनेश कुमार राय, विवेकानंद पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष तालेश्वर साव, अनिल कुमार सिंह, डॉ. आरके शर्मा, रामाश्रय सिंह, रघुवीर साव, शंकर रविदास, दीपक धीवर आदि ने भाग लिया। इस अवसर पर बुद्धिजीवी मंच ने पुस्तकालय के लिए भवन एवं सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने पुस्तक दान देने के लिए नंदलाल अग्रवाल को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। धनबाद पब्लिक स्कूल के सचिव अनिल अग्रवाल ने पुस्तकालय को पुस्तके भेंट की तथा आगे भी सहयोग करने का आश्वासन दिया।

## डीएवी स्कूल में मनी राजेद्र प्रसाद की जयंती



**केन्दुआ (ससे) :** डीएवी पब्लिक स्कूल कुसुंडा धनबाद में देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। विद्यालय की प्राचार्या झूमा महता ने विद्यार्थियों व शिक्षकों के साथ दीप प्रज्वलित कर डॉ.राजेन्द्र प्रसाद की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। प्राचार्य ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे। वे सादा जीवन और उच्च विचार वाले एक कुशल राजनयिक थे। इस अवसर पर विद्यालय के जूनियर विंग में वैदिक हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बी के सिंह, पी के गांगुली, पी घोषाल, अभय कुमार, रेखा कुमारी आदि का अहम् योगदान रहा।

## बदायूं जामा मस्जिद में नीलकंठ मंदिर का दावा

**बदायूं(ईएमएस):** यूपी में संभल के बाद अब बदायूं की जामा मस्जिद चर्चा में है। हिंदू पक्ष ने दावा किया है कि जामा मस्जिद असल में नीलकंठ महादेव का मंदिर है। मंगलवार को जिला कोर्ट में हिंदू पक्ष ने सर्वे की मांग रखी तो मुस्लिम पक्ष ने जवाब दिया कि ये सिर्फ माहौल बिगाड़ने की कोशिश है।

अगली सुनवाई १० दिसंबर को होगी। उस दिन कोर्ट तय करेगा कि केस सुनने योग्य है या नहीं। मुस्लिम पक्ष के वकील अनवर आलम ने कोर्ट में कहा- यह मामला सुनने योग्य नहीं है। हिंदू महासभा को इसमें वाद दायर करने का कोई अधिकार नहीं। जब यह खुद कह रहे हैं कि मंदिर तोडक़र मस्जिद बनाई गई है, तो जाहिर सी बात है, वहां पर मंदिर का अस्तित्व नहीं है। इन्होंने वादी नीलकंठ महादेव को बनाया है।

## बीआईटी में वस्त्र दान शिविर का आयोजन



**सिंदरी (ससे) :** मंगलवार को बीआईटी सिंदरी के प्रांगण में एनएसएस बीआईटी सिंदरी के द्वारा वस्त्र दान शिविर के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रोफेसर इंचार्ज रघुनंदन उपस्थित थे। यह वस्त्र दान शिविर एनएसएस के द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें बीआईटी के छात्र बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए, प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिविर का आयोजन हुआ।

इसके तहत सिंदरी में निवास करने वाले सभी जरूरतमंदों को वस्त्र प्रदान किया गया। एनएसएस के सदस्यों के द्वारा सर्वप्रथम तो बीआईटी के छात्रों द्वारा प्रदत्त वस्त्रों का संग्रह किया गया तत्पश्चात जरूरतमंदों के बीच वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस बीआईटी सिंदरी के सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। यह आयोजन समाज के प्रति एनएसएस बीआईटी सिंदरी के योगदान और संवेदनशीलता को प्रदर्शित करता है।

## मरीज की मौत पर परिजनों का हंगामा



**धनबाद (ससे) :** बीसीसीएएल के सेंट्रल हॉस्पिटल में मंगलवार की सुबह मरीज की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पुटकी निवासी बीसीसीएलकर्मी रवीन्द्र हेंब्रम की पत्नी लक्ष्मी देवी को २६ नवंबर को इलाज के लिए सेंट्रल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने मंगलवार की सुबह जांच के बाद मरीज की मौत होने की सूचना दी। इसके बाद परिजन उग्र हो गए हंगामा करने लगे। उन्होंने डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। परिजनों के अनुसार, मरीज को निमोनिया की शिकायत थी। इसके बाद इलाज के लिए उसे केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हंगामा होता देख अस्पताल प्रबंधन ने मामले की सूचना सरायढेला थाना पुलिस व सीआईएसएफ को दी।

## पप्पू यादव को धमकी उनके अपने करीबियों ने ही दिलवाई

**पूर्णिया,(ईएमएस);** सांसद पप्पू यादव को धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार रामबाबू के हवाले से पुलिस ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। धमकी का पूरा ड्रामा पप्पू यादव को सुरक्षा दिलवाने के लिए उनके अपने करीबियों ने ही रचा था और इसके लिए उससे तरह-तरह के वादे भी किए गए थे।

पूर्णिया एसपी कार्तिकेय शर्मा ने पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को वीडियो बनाकर धमकी देने के आरोपी रामबाबू से प्राप्त जानकारी का हवाला देते हुए बड़ा खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति ने स्वीकार किया है कि सांसद के कुछ करीबी लोगों ने ही उसे सुरक्षा मुहैया कराने के लिए वीडियो बनाने और धमकाने का ड्रामा करने को कहा था। इसके लिए उसे पैसे भी दिए गए थे। इसके साथ ही पार्टी में पद देने का लालच भी उन लोगों ने दिया था।

पूर्णिया एसपी की मानें तो गिरफ्तार आरोपी पूर्व में सांसद पप्पू यादव का करीबी रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से आरोपी का कोई संबंध नहीं है और न ही दूर-दूर तक कोई तार ही जुड़ते नजर आ रहे हैं।

धमकी का पूरा मामला सांसद द्वारा सुरक्षा बढ़ाए जाने की साजिश का हिस्सा रहा है। गिरफ्तार आरोपी रामबाबू से और भी खुलासे होने की उम्मीद जाहिर की जा रही है।

यहां पुलिस ने धमकी मामले को ड्रामा करार दिया वहां पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने पुलिस के दावे को नकारते हुए उसकी सोच को ही दिवालिया घोषित कर दिया। सांसद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए कहा, कि माननीय (एटदरेट नीतीश कुमार) आपकी पुलिस मानसिक रूप से दिवालिया हो गई है वह वही व्यवहार कर रही है जो दिवंगत कांग्रेस एमएलए हेमंत शाही जी को गोली लगने पर तत्कालीन सरकार और प्रशासन ने किया था।

उन पर घायल होने की नौटंकी का आरोप लगाया, बाद में इलाजरत हेमंत जी की मृत्यु हो गई थी! पुनः वही हो रहा है।


**URANIUM CORPORATION OF INDIA LIMITED**
**( A Government of India Enterprise )**
**PO : Jaduguda Mines, Distt. : Singhbhum (East), Jharkhand – 832102.**
**website** www.uraniumcorp.in

**ADVERTISEMENT NO. :10/2024**

**WALK-IN-INTERVIEW**

UCIL, a Public Sector Undertaking under the administrative control of the Department of Atomic Energy intends to recruit **Medical Officer purely on contract basis** initially for a period of 01(one)) year and it may be reviewed by the management for extension subject to requirement & suitability. Eligibility criteria are as under:-

| Qualifications & Experience | No. of Posts | Experience as on 20.12.2024 | Consolidated monthly remuneration | Age limit as on 20.12.2024 | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| MBBS recognized by Indian Medical Council with relevant experience in reputed hospital. PG degree in the relevant field will be an added advantage. Preference will be given to candidates with AFIH qualification. | 01 (UR) (Tentative) | Experience 02 years & above but less than 05 years | Rs.76000/- per month | Below 65 years including relaxation | No of vacancies are tentative and may be increased subject to requirement of the company |
| | | Experience 05 years & above but less than 09 years | Rs.95,000/- per month | | |
| | | Experience 09 years & above | Rs.1,14,000/- per month | | |

Interested candidates fulfilling the eligibility criteria may **WALK-IN FOR PERSONAL INTERVIEW on 20.12.2024 (Friday) at 09.30 AM** in the New Administrative Building – UCIL Jaduguda at the address mentioned herein above. Candidates must bring a passport size recent photograph, all original certificates & testimonials in support of their qualifications, experience etc. and updated resume along with a set of photocopies of all relevant documents. No TA/DA will be paid for attending the interview. Accommodation may be provided at UCIL housing colony subject to availability on chargeable basis. Advertisement & application format are also available on our official website: **www.uraniumcorp.in.**

CBC-48134/12/0042/2425


## जनसंख्या नियंत्रण पर गहन चर्चा व विचार जरूरी : चिराग पासवान



**पटना (एजेंसी) :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत के बयान २ की बजाय ३ बच्चे पैदा करें पर लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने प्रतिक्रिया दी. चिराग पासवान ने कहा कि यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण और गंभीर विषय है, जिस पर विचार और गहन चर्चा होनी चाहिए. मोहन भागवत ने जो चिंता व्यक्त की है, वह एक तकनीकी मुद्दा है.

फर्टिलिटी रेट में लगातार गिरावट हो रही है और यह चिंता का विषय बन चुका है. उन्होंने आगे कहा कि आजकल फर्टिलिटी रेट २.१ के आसपास रहना चाहिए, लेकिन यह गिरकर काफी कम हो गया है. मोहन भागवत ने इसी मुद्दे को लेकर चिंता जताई है और मुझे लगता है कि इस पर और गहरी चर्चा होनी चाहिए. जब मानव प्रजाति की बात होती है तो यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि किसी भी प्रजाति पर कोई खतरा न आये. इसलिए इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए.

दरअसल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत रविवार को नागपुर में कठाले कुल सम्मेलन में एक सभा में बोल रहे थे. इस दौरान उन्होंने जनसंख्या में कमी को पर गहरी चिंता व्यक्त की. भागवत ने कहा कि देश की जनसंख्या नीति १९९८-२००२ में तय की गयी थी. इसके तहत अगर किसी समाज की जनसंख्या वृद्धि दर २.१ से नीचे चली जाती है, तो वह समाज अपने आप नष्ट हो जायेगा. जनसंख्या वृद्धि दर तय मानक में रहे, इसके लिए २ की बजाय ३ बच्चे पैदा करने चाहिए. यह संख्या इसलिए जरूरी है, ताकि समाज जिंदा रहे.

उन्होंने घटती आबादी से समाज और भाषा दोनों को खतरा है.बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ४ दिसंबर से कार्यकर्ता संवाद यात्रा के तीसरे चरण पर निकलने वाले हैं. चिराग पासवान ने तेजस्वी की 'कार्यकर्ता संवाद यात्रा' पर भी अपनी राय दी.

उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव की यात्रा में एक बड़ा फर्क है. जब बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सत्ता में हैं, तो वह जनता से जुड़े रहने की सोच रखते हैं और उनका दरवाजा जनता के लिए हमेशा खुला रहता है. वह सत्ता में रहते हुए भी जनता से संपर्क बनाये रखते हैं. उन्होंने आगे कहा कि जब तेजस्वी सत्ता में थे, तब उनका दरवाजा जनता के लिए बंद हो जाता था, और अब जब वह विपक्ष में हैं तो उन्हें जनता की याद आती है.

यह एक विरोधाभास है. सत्ता में रहते हुए जनता से जुड़ना चाहिए, और यह खूबसूरती हमारे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में है, जो सत्ता में रहते हुए भी जनता से जुड़ाव बनाये रखते हैं.

# सीएम के आदेश के बाद प्रशासन पहुंचा असुरा गांव, पांच बेसहारा बच्चों की पढ़ाई व पोषण की हुई व्यवस्था



**रांची (एजेंसी):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद पांच बेसहारा बच्चों की शिक्षा, राशन, पोषण की व्यवस्था एवं बच्चों की नानी के लिए पेंशन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है. मुख्यमंत्री ने इस संबंध में उपायुक्त चाईबासा को पीड़ित परिवार को हर जरूरी सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की पढ़ाई हेतु व्यवस्था करने का निर्देश दिया था.

**बीडीओ ने पीड़ित परिवार से की भेंट**

चाईबासा डीसी ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा असुरा गांव जाकर पीड़ित परिवार से भेंट किया गया है. इस दौरान पता चला कि बच्चों का ना तो आधार कार्ड है और ना ही जन्म प्रमाण पत्र. बुजुर्ग नानी को पूर्व में पेंशन मिलता रहा है जो किसी कारणवश बंद हो गया. पेंशन के कागजात भी कहीं खो गया है. प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र तथा आधार पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है.

साथ ही, एक बच्चा चार माह का है, उसका पालन उसकी चाची के द्वारा किया जा रहा है. जिस पर प्रशासन के द्वारा आंगनबाड़ी से मिलने वाले पोषक पूरक आहार उपलब्ध करवाने के लिए सहायिका को कहा गया है तथा तीन बच्चों का नामांकन स्थानीय विद्यालय में तथा एक बच्चे का नामांकन आंगनवाड़ी में करवाने की प्रक्रिया और सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने के लिए सभी प्रकार के कागजात को भी अद्यतन किया जा रहा है.

मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि पश्चिमी सिंहभूम के झींकपानी स्थित असुरा गांव निवासी साहू पूर्ति एवं दुखी पूर्ति की मृत्यु २४ नवंबर २०२४ को हो जाने के बाद उनके पांच बच्चे बेसहारा हो गये हैं. बच्चे को देखने वाले उनकी बुजुर्ग नानी सामाजिक सुरक्षा पेंशन से बंचित है. इसकी जानकारी के बाद मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया था.

## पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को बड़ा झटका, ईडी कोर्ट ने खारिज की डिस्चार्ज याचिका

**रांची (एजेंसी):** टेंडर घोटाला के जरिए करोड़ों रुपए की मनी लाउंड्रिंग के आरोपी पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को मंगलवार को बड़ा झटका लगा है.

उनकी डिस्चार्ज पिटीशन पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लाउंड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी है. सोमवार को ईडी और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था.

इससे पहले कोर्ट इस केस के अन्य आरोपियों जहांगीर आलम और संजीव लाल की डिस्चार्ज याचिका खारिज कर चुकी है.

# नेता प्रतिपक्ष के लिए लॉबिंग तेज, बाबूलाल, चंपाई, सीपी सिंह और नीरा यादव हैं रेस में



**रांची (एजेंसी):** नेता प्रतिपक्ष को लेकर लॉबिंग तेज हो गई है. जानकारी के अनुसार, नौ से विधानसभा का विशेष सत्र शुरू होने से पहले नेता प्रतिपक्ष का चयन कर लिया जाएगा. नेता प्रतिपक्ष की रेस में पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम चंपाई सोरेन, पूर्व स्पीकर सीपी सिंह और नीरा यादव का नाम सामने आ रहा है. इस मसले पर बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल ने कहा है कि हेमंत सरकार के मंत्रिमंडल का गठन हो जाने दें, सत्र शुरू होने से पहले नेता प्रतिपक्ष चुन लिया जाएगा.

जानकारी के अनुसार, भाजपा नेता प्रतिपक्ष के लिए ट्राइबल या नन ट्राइबल फेस पर मंथन कर रही है. यदि ट्राइबल फेस को नेता प्रतिपक्ष बनाया जाता है तो बाबूलाल या चंपाई सोरेन में से किसी एक को चुनना होगा. नन ट्राइबल फेस में रांची से सात बार के विधायक सीपी सिंह का नाम सबसे आगे चल रहा है. वहीं नीरा यादव भी रेस में हैं. उन्होंने कोडरमा सीट से तीसरी बार जीत हासिल की है.

**फरवरी तक मिल जाएगा नया प्रदेश अध्यक्ष**

पिछले दिनों बीजेपी की दो दिनी समीक्षा बैठक के बाद बीजेपी के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने कहा था कि फरवरी तक नए प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हो जाएगा. राजनीतिक गलियारों में इस बात की भी चर्चा हो रही है कि प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी किसी और को देकर बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सकता है. वहीं सीपी सिंह के बारे में भी कहा जा रहा है कि उनके पास संसदीय कार्यों का लंबा अनुभव भी है.

## झारखंड डीजीपी नियुक्ति मामला : सरकार ने यूपीएससी को भेजा जवाब




**रांची (एजेंसी):** झारखंड डीजीपी नियुक्ति मामले को लेकर राज्य सरकार ने यूपीएससी को जवाब भेजा है. यूपीएससी को भेजे गए जवाब में कहा गया है कि पूर्व डीजीपी को हटाया जाना नियम सम्मत था. सरकार ने यूपीएससी को भेजे गए आईपीएस अधिकारियों के पैनल पर विचार करने के लिए कहा है. राज्य सरकार की ओर से पूर्व में भेजे गए आईपीएस अधिकारियों के पैनल पर ही जवाब भेजा गया है. इसी बीच निर्वाचन आयोग के निर्देश पर झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान प्रभारी डीजीपी अनुराग गुप्ता को हटाकर पूर्व डीजीपी अजय कुमार सिंह को ही फिर से पद पर बैठा दिया गया था. चुनाव खत्म होते ही बीते २८ नवंबर को अनुराग गुप्ता को झारखंड का फिर से डीजीपी बना दिया गया है.

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने नियमित डीजीपी के लिए आईपीएस अधिकारियों के नामों का जो पैनल भेजा, उसमें अजय कुमार सिंह का नाम भी था. नियमित डीजीपी के लिए यूपीएससी को भेजे गए आईपीएस अधिकारियों के पैनल में चार नाम थे. इनमें १९८९ बैच के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार सिंह, १९९० बैच के अनिल पाल्टा, अनुराग गुप्ता व १९९२ बैच के आईपीएस अधिकारी प्रशांत सिंह का नाम शामिल था.

# सीएम ने सिरमटोली फ्लाईओवर का किया निरीक्षण, जल्द पूरा होगा काम

## अफसरों को निर्देश गुणवत्ता और समय सीमा पर दें विशेष ध्यान



**रांची (एजेंसी):** राजधानी वासियों को जल्द यातायात की समस्या से निजात दिलाने के लिए एक और फ्लाईओवर मिलने वाला है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया. उनके साथ उनकी पत्नी व विधायक कल्पना सोरेन, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे. निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया. उन्होंने अधिकारियों से फ्लाईओवर की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दें.

मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि इस फ्लाईओवर का देश और राज्य में एक अलग पहचान होगा. यह फ्लाईओवर अपने आप में एक अनोखा फ्लाईओवर होगा. पूर्व में भी राज्य सरकार ने कांटाटोली से सिरमटोली चौक तक बने फ्लाईओवर परियोजना को निर्धारित समय सीमा से पहले ही राजधानी वासियों को समर्पित किया है. मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे यह फ्लाईओवर भी निर्धारित समय सीमा से पहले ही रांची वासियों को समर्पित की जा सके, इसके लिए राज्य सरकार के पदाधिकारी, इंजीनियर एवं फ्लाईओवर निर्माण में लगे श्रमिक पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने-अपने कार्य में जुटे हैं.

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस फ्लाईओवर परियोजना का भी जल्द से जल्द शुभारंभ हो, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके. कहा कि यह फ्लाईओवर न केवल यातायात को सुचारू करेगा, बल्कि शहर के विकास में भी योगदान देगा. फ्लाईओवर बन जाने से शहर का सौंदर्यीकरण भी होगा और आवागमन में सुधार आयेगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फ्लाईओवर रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से गुजर रहा है. इसीलिए रेल गाड़ियों के आवागमन से संबंधित बिंदुओं का भी ध्यान रखा जा रहा है.

बता दें कि दो माह पहले मुख्यमंत्री ने कांटाटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन किया था. वहीं अब सिरमटोली फ्लाईओवर का निर्माण अंतिम चरण में है. इसके चालू हो जाने के बाद मेन रोड में क्लब रोड, सुजाता चौक, पुराना ओवरब्रिज पर जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी. फ्लाईओवर के चालू होने से शहर की एक बड़ी आबादी को डोरंडा जाने में जाम की समस्या नहीं होगी.

# रांची विधायक सीपी सिंह ने सीएम से की मांग

## सुपरिटेंडेंट व महिला काउंसलर के खिलाफ त्वरित कार्रवाई हो



**रांची (एजेंसी):** रांची विधायक सीपी सिंह ने पलामू बालिका गृह की घटना पर सीएम से सुपरिटेंडेंट और महिला काउंसलर के खिलाफ त्वरित और कठोरतम कार्रवाई करने की मांग की है. साथ ही सीडब्ल्यूसी और बाल संरक्षण तंत्र के सभी दोषी अधिकारियों पर आपराधिक मामला दर्ज किया जाए कर, उन्हें तुरंत निलंबित करने, राज्य के सभी बाल संरक्षण गृहों की स्वतंत्र और उच्चस्तरीय जांच कराने के साथ बच्चियों को समुचित चिकित्सा, काउंसलिंग, और पुनर्वास की सुविधाएं देने की भी मांग की है.

**पलामू बालिका गृह की घटना शर्मनाक है**

सीपी सिंह ने कहा है कि पलामू बालिका गृह में घटी घटनाओं ने झारखंड के हर नागरिक को झकझोर कर रख दिया है. यह शर्मनाक और अमानवीय कृत्य राज्य की बाल संरक्षण तंत्र पर एक गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है. जांच रिपोर्ट से स्पष्ट है कि सुपरिटेंडेंट ने महिला काउंसलर की मदद से बच्चियों के साथ पिछले तीन वर्षों से लगातार शारीरिक और मानसिक शोषण किया. इस पूरे मामले में सीडब्ल्यूसी (बाल कल्याण समिति) और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका भी गंभीर लापरवाही और मिलीभगत को दर्शाती है. यह केवल एक आपराधिक मामला नहीं है, बल्कि पूरे समाज के लिए शर्मसार करने वाली घटना है.

पलामू की इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राज्य में बाल सुरक्षा और निगरानी तंत्र कितनी बुरी तरह से विफल है.

मुख्यमंत्री से कहा है कि यह आपकी जिम्मेदारी है कि इस मामले में त्वरित और निर्णायक कार्रवाई हो. दोषियों को कठोर से कठोर सजा मिले और पीड़ित बच्चियों को न्याय के साथ-साथ भविष्य के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्राप्त हो. आशा है कि आप इस मामले में त्वरित और प्रभावी कदम उठाएंगे.

# जेल अधीक्षक ने कोर्ट को बताया, कितने दिनों से जेल में बंद हैं निलंबित आईएएस पूजा सिंघल



**रांची (एजेंसी):** मंगलवार को निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से दायर उस याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें उन्होंने नए कानून के तहत कस्टडी के आधार पर जेल से रिहा करने की गुहार लगाई है. शनिवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था कि पूजा सिंहल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है. जिसके आलोक में जेल अधीक्षक की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया गया है. अग्रिम सुनवाई के लिए पूजा सिंघल के अधिवक्ता की ओर से समय देने का आग्रह किया है. जानकारी के मुताबिक, पूजा सिंघल अब तक लगभग २८ महीनों से जेल में बंद हैं. पूजा सिंघल के अधिवक्ता के मुताबिक, नए क़ानून के अनुसार किसी मामले में लंबे समय से जेल में बंद आरोपी की न्यायिक हिरासत की अवधि उक्त मामले में दी जाने वाली सजा की एक तिहाई है तो उसे बेल दी जा सकती है. पूजा सिंघल की याचिका पर ६ दिसंबर को सुनवाई होगी.

# शहादत दिवस पर याद किये गये लांस नायक अल्बर्ट एक्का



**रांची (एजेंसी):** संत सेवियर कॉलेज के एनसीसी कैडेट ने परमवीर चक्र विजेता और लांस नायक अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर उन्हें याद किया. अल्बर्ट एक्का चौक पर स्वर्गीय लांस नायक अल्बर्ट एक्का के सम्मान में रीथ लेइंग और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में कुल १०० एनसीसी कैडेट मौजूद थे, जिन्होंने माहौल को गौरव से भर दिया. एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन और उपस्थिति में यह कार्यक्रम सफल हुआ. बता दें कि ऑपरेशन हिलटॉप के दौरान ३ दिसंबर १९७१ को अल्बर्ट एक्का की कार्रवाई ने दुश्मन के ठिकाने पर कब्जा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. इस बहादुरी और बलिदान के लिए उन्हें भारत का सर्वोच्च सैन्य सम्मान परम वीर चक्र मिला था.

## पृष्ठ एक का शेषांश

### हर हाल में अवैध माइनिंग---

मुख्यमंत्री ने कहा कि साइबर अपराध पर रोक लगाना चुनौती साबित हो रही है. पुलिस अधिकारी साइबर अपराध से निबटने के लिए स्ट्रांग सेटअप तैयार करें. जल्द से जल्द टेक्निकल सेल का गठन कर टेक्निकल ऑफिसर की तैनाती करें. आधुनिक तकनीक का उपयोग कर साइबर अपराध को कम किया जा सकता है. इस पर पुलिस पदाधिकारियों ने बताया कि 'प्रतिबिंब एप' के जरिए १२८१ साइबर अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि ३३० पर एफआईआर दर्ज की गई हैं. उनके पास से ३४९३ सिम कार्ड व २५२४ मोबाइल जब्त किए गए हैं. मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में अवैध माइनिंग गतिविधियों पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए. किसी भी प्रकार की अवैध माइनिंग स्वीकार्य नहीं है. अवैध माइनिंग की वजह से राज्य की छवि धूमिल होती है. नदियों से अवैध बालू उठाव पर भी हर हाल में रोक लगाएं. क्योंकि इससे नदियों का अस्तित्व खतरे में है. अब नदियों से बालू की जगह मिट्टी भी उठाई जा रही है. अवैध माइनिंग पर विशेष कार्ययोजना बनाकर रोक लगाना सुनिश्चित करें. सीएम ने अधिकारियों को अग्निशमन सेवा को सुदृढ़ करते हुए इससे लोगों जोड़ने का निर्देश दिया. कहा कि पुलिस के लिए वाहन व हथियार आदि खरीदारी शीघ्र करें. जेल में कैदियों को दिए जाने वाले भोजन, चिकित्सा सहित अन्य सुविधाओं की समीक्षा करें और जरूरत के अनुसार बजट बढ़ाने पर विचार करें. कैदियों को कोर्ट में अपना पक्ष रखने के लिए सरकारी अधिवक्ता की सुविधा दें. बैठक में राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, प्रबंध निदेशक पुलिस हाउसिंग अजय कुमार सिंह, डीजी हेडक्वार्टर आरके मल्लिक, डीजी होमगार्ड अनिल पालटा, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद लाटकर, आईजी ऑपरेशन एवी होमकर, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज, आईजी प्रोविजन पंकज कंबोज, आईजी कारा सुदर्शन मंडल, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, एसपी एटीएस ऋषभ सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे.

### 5 को हेमंत मंत्रिमंडल---

सत्र ९ दिसंबर से शुरू होगा. सरकार इसकी तैयारी में जुट गई है. सत्र के दौरान नए स्पीकर का भी चयन किया जाना है.

### महाराष्ट्र में नई सरकार के---

के लिए देशभर के ४०० से ज्यादा साधु-संतों को भी निमंत्रण भेजा गया है। साथ ही विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों को भी निमंत्रण भेजा गया है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित संतों में जगतगुरु नरेंद्राचार्य महाराज, गोविंददेव गिरी महाराज, बागेश्वर बाबा, महामंडलेश स्वामी विश्वेश्वरानंद महाराज, जैन संत लोकेश मुनि, बंजारा संत, सिख संत, बौद्ध भिक्खु शामिल हैं। इसके अलावा काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य पुजारी और महाकाल मंदिर के मुख्य पुजारी समेत महाराष्ट्र के सभी प्रमुख मंदिरों के मुख्य पुजारियों को भी आमंत्रित किया गया है।

### तारीख पर तारीख के दिन---

आजाद देश में गुलामों के लिए बने कानूनों को क्यों ढोया जाए। न हमने यह बात उनसे पूछी न ही शासन कर रहे लोगों ने समझी। इन्होंने भारत की विकास यात्रा को प्रभावित किया। वहीं, अब देश उस गुलामी से बाहरी निकले। इसके लिए राष्ट्रीय चिंतन आवश्यक था। इसलिए १५ अगस्त को मैंने लाल किले से यह चीज लोग सामने रखी थी। पीएम ने कहा कि गरीब व कमजोर लोग कानून के नाम से डरते थे। पहले वह लोग कोर्ट-कचहरी में कदम रखने से डरते थे, लेकिन अब भारतीय न्याय संहिता लोगों की इस मानसिकता को बदलने का काम करेगी।यही सच्चा सामाजिक न्याय है। जिसका भरोसा हमारे संविधान में दिलाया है। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा हर पीड़ित के प्रति संवेदनशीलता से परिपूर्ण है। देश के नागरिकों को इसकी बारीकियों का पता चलना भी उतना ही जरूरी है।

**काशी-उज्जैन की-** भी बढ़ावा मिलेगा।

# संवैधानिक संस्थाओं में खाली पदों के कारण आम जन को नहीं मिल पा रहा न्यायः बाबूलाल

**रांची (एजेंसी):** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि संवैधानिक संस्थाओं में खाली पदों के कारण आम जनता को न्याय नहीं मिल पा रहा. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में जिक्र करते हुए लिखा है कि राज्य में लोकायुक्त, सूचना आयोग और मानवाधिकार आयोग जैसे महत्वपूर्ण संस्थानों में लंबे समय से पद खाली हैं, जिससे लोगों की अर्जियों पर सुनवाई नहीं हो रही.

बाबूलाल ने लिखा है कि लोकायुक्त कार्यालय में २००० से अधिक मामले लंबित हैं. पूर्व लोकायुक्त जस्टिस डीएन उपाध्याय का कार्यकाल जून २०२१ में समाप्त हो गया और तब से यह पद खाली है. इसके कारण भ्रष्टाचार से संबंधित मामलों की सुनवाई ठप हो गई है.

राज्य मानवाधिकार आयोग भी पूरी तरह से बंद है. मानवाधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए इस आयोग में पिछले लंबे समय से अध्यक्ष और सदस्य नहीं हैं, जिससे लोग मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में न्याय पाने से वंचित हो रहे हैं.

राज्य महिला आयोग की स्थिति भी बेहद खराब है. महिलाओं की समस्याओं और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए यह आयोग काम करता है. लेकिन अध्यक्ष और सदस्यों के अभाव में शिकायतों की सुनवाई नहीं हो रही.

वहीं सूचना आयोग में भी पद खाली रहने के कारण प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता की कमी और सरकार की जवाबदेही कमजोर पड़ रही है, साथ ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है.

सुप्रीम कोर्ट ने भी संवैधानिक संस्थाओं में नियुक्तियां समय पर करने की आवश्यकता पर बल दिया है. लेकिन झारखंड में अभी तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं.

## विधायक से लेकर आइएएस-आइपीएस अफसरों ने भी सीएम से की मुलाकात



**रांची (एजेंसी):** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को विधायक से लेकर आइएएस-आइपीएस अफसरों ने भी मुलाकात की. झामुमो विधायक मथुरा महतो, राजद विधायक सुरेश पासवान ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की. इसके बाद आइएएस मनीष रंजन, सुशांत गौरव, नैंसी सहाय, अंजनी कुमार मिश्र, आइपीएस अनुप बिरथरे, किशोर कौशल व हारिस बन जमान ने सीएम से मुलाकात की.

# 11 को महिलाओं के खाते में मंईयां सम्मान योजना की 2500 खटाखट आयेंगे : झामुमो



**रांची (एजेंसी):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि ११ तारीख को मंईयां सम्मान योजना की राशि २५०० रुपये महिलाओं के खाते में खटाखट भेज दी जायेगी.

उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद बीजेपी को झटका लगा है, कहा कि इस विधानसभा चुनाव में २८ रिजर्व सीटों में २७ हम जीते हैं, जो एक सीट बचा है, उसमें भी बहुत कम अंतर है, इसके बाद नतीजे के बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी थोड़े सक्रिय हो गए हैं. कहा कि उन्होंने सरकार को कुछ सुझाव दिये हैं, बाबूलाल मरांडी ने आदिम जनजाति को लेकर सुझाव दिये हैं.

इस सुझाव में खास तौर पर पहाड़िया जनजाति को लेकर चिंता व्यक्त की गई है. वह मंगलवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बोल रहे थे.

सुप्रियो ने कहा कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ में बीजेपी के ट्राइबल सीएम हैं और वहां १५ ट्राइब्स आदिम जनजाति के तौर पर चिन्हित किये गये हैं. उन्होंने बाबूलाल से निवेदन करते हुए कहा कि आप छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व ओडिशा का दौरा करें. कहा कि मरांडी इन राज्यों की स्टडी करें, वहां के आदिम जनजातियों की स्थिति और आर्थिक सामाजिक व शैक्षणिक हालत क्या हैं, ये देखने का काम करें. कहा कि केवल घड़ियाली आंसू बहाने से कुछ नहीं होने वाला है. उन्होंने बाबूलाल मरांडी को सचेत करते हुए कहा कि आप बाहर के नेताओं के चक्कर में न पड़ें.

उन्होंने सवाल किया, आपने क्या कभी असम के चाय बगान में काम करने वाले ट्री ट्राइब्स की चर्चा की.

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, आपको ये सवाल असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से करनी चाहिए. शिवराज सिंह चौहान से करनी चाहिए. उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी लोगों ने हमें जो आशीर्वाद दिया, उन्हीं के बेटे को बीजेपी के तमाम नेता अपदस्थ करने के लिए बाहर से आए थे. लेकिन झारखंड की जनता ने उनको नकार दिया. उन्होंने कहा कि झारखंड का नया मंत्रिमंडल समावेशी होगा. बता दें कि ५ दिसंबर को राजभवन के बिरसा मंडप में दोपहर १२ बजे इंडिया गठबंधन के हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार किया जायेगा. इसके लिए सभी औपचारिक तैयारियां पूरी की गई हैं.



# शलजम
## में पाया जाता है ये सबसे जरूरी विटामिन

शलजम में विटामिन सी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। ये सब्जी फोलेट यानि विटामिन बी9, आयरन और कैल्शियम का अच्छा सोर्स मानी जाती है। आपको सलाद के रूप में शलजम का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। शलजम में फाइबर सबसे ज्यादा होता है। इसे खाने से कब्ज की बीमारी को दूर किया जा सकता है।

### शलजम कौन सी बीमारियों में फायदा करती है?

खांसी दूर करे- सर्दियों में ज्यादातर लोग खांसी से परेशान रहते हैं। ऐसे में शलजम को डाइट में जरूर शामिल करें। ठंड में खांसी होने पर शलजम को काटकर, भूनकर, नमक डालकर खाएं। इससे खांसी में राहत मिलेगी।

बवासीर में आराम- जिन लोगों को मसालेदार और तीखा खाने की आदत है उन्हें पाइल्स होने का खतरा रहता है। ऐसे लोगों को शलजम का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। फाइबर से भरपूर शलजम खाने से कब्ज की समस्या को दूर किया जा सकता है। आप शलजम के पत्तों का साग बनाकर भी खा सकते हैं।

बीपी के मरीज के लिए फायदेमंद- शलजम को ब्लड प्रेशर के मरीज भी खा सकते हैं। इसमें नाइट्रेट पाया जाता है, जो शरीर में ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है। शलजम खाने से आंखें भी स्वस्थ रहती है। क्योंकि इसमें ल्यूटिन होता है जो आंखों के लिए फायदेमंद है।

# कोलेस्ट्रॉल
## कम करने में कारगर है किचन में रखा ये
# मसाला

अगर आपने समय रहते हाई कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल नहीं किया तो आपको लेने के देने भी पड़ सकते हैं। क्या आप जानते हैं कि हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आप किचन में रखे एक मसाले का इस्तेमाल भी कर सकते हैं? औषधीय गुणों से भरपूर ये मसाला आपकी ओवरऑल हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकता है। आइए दालचीनी के कुछ कमाल के हेल्थ बेनिफिट्स के बारे में जानकारी हासिल करते हैं।

### मिलेंगे फायदे ही फायदे

हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या को दूर करने के अलावा दालचीनी आपकी ओवरऑल हेल्थ के लिए वरदान साबित हो सकती है। सर्दी-जुकाम की समस्या से छुटकारा पाने के लिए भी दालचीनी का सेवन करने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा दालचीनी आपकी गट हेल्थ को भी काफी हद तक इम्प्रूव कर सकती है।

### गंभीर बीमारियों के लिए रामबाण इलाज

अगर आप गठिया के दर्द से परेशान हैं तो रोजाना किसी न किसी तरह से थोड़ी सी दालचीनी को अपनी डाइट में शामिल कर लीजिए। टीबी के इलाज के लिए भी दालचीनी को कंज्यूम करने की सलाह दी जाती है। हालांकि, अगर दालचीनी को सही मात्रा में और सही तरीके से कंज्यूम न किया जाए, तो आपकी सेहत पर नेगेटिव असर भी पड़ सकता है।



# डायबिटीज
## के रोगियों को सुबह जरूर खाना चाहिए ये फल

**अमरूद एक ऐसा फल है जो पोषक तत्वों के मामले में सेब से भी ज्यादा बढ़कर है। अमरूद के फायदों की वजह से इसे संस्कृत में %अमृत% भी कहा जाता है। सर्दियों में ताजा और मीठे अमरूद का सीजन होता है। आपको रोजाना 1 अमरूद जरूर खाना चाहिए। डायबिटीज के मरीज के लिए भी अमरूद फायदेमंद फल है। सिर्फ अमरूद ही नहीं उसके पत्ते भी डायबिटीज में फायदा करते हैं।**

### डायबिटीज में अमरूद खाने के फायदे

न्यूट्रीशियन, वेट लॉस कोच और कीटो डाइटिशियन स्वाति सिंह की मानें तो अमरूद का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 12-24 के बीच होता है जो काफी कम है। अमरूद में ऐसे कई विटामिन पाए जाते हैं जो ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल रखते हैं। अमरूद में विटामिन सी, फाइबर, आयरन, पोटैशियम, लाइकोपीन और एंटी-ऑक्सीडेंट पाए जाते हैं जो ब्लड शुगर कंट्रोल करने में मदद करते हैं। इसके अलावा अमरूद खाने से वजन कम होता है और शरीर में इन्सुलिन रेजिस्टेंस बेहतर होता है।

### अमरूद कब खाना चाहिए?

डायबिटीज के मरीज दिनभर में 1 बड़ा अमरूद खा सकते हैं। सुबह नाश्ते में अमरूद खाना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। इससे दिनभर ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद मिलती है। सुबह खाली पेट अमरूद खाने से पेट और पाचन से जुड़ी समस्याओं को भी दूर किया जा सकता है। इससे कब्ज में राहत मिलती है। अमरूद खाने से मोटापा भी कम होता है।



## ये लोग भूलकर भी न करें
# पपीता का सेवन

**किडनी में पथरी से पीड़ित- अगर आपकी किडनी में पथरी है तो आपको पपीता नहीं खाना चाहिए। पपीता में विटामिन सी काफी होता है, जो एक रिच एंटीऑक्सीडेंट है। ज्यादा पपीता खाने से किडनी में पथरी की समस्या और बढ़ सकती है। पपीता खाने से कैल्शियम ऑक्सलेट की कंडीशन पैदा हो सकती है जिससे किडनी का स्टोन बड़ा हो सकता है।**

हाइपोग्लाइसीमिया वाले लोग- डायबिटीज से पीड़ित लोगों को पपीता फायदा करता है। इससे ब्लड शुगर के लेवल को कम करने में मदद मिलती है। लेकिन जिन लोगों का ब्लड शुगर लेवल पहले से ही कम है उन्हें पपीता नहीं खाना चाहिए। यानि जो लोग हाइपोग्लाइसीमिया से परेशान हैं उन्हें पपीता खाने से परहेज करना चाहिए। इससे हार्ट बीट तेज या शरीर में कंपन की समस्या हो सकती है।

हार्टबीट कम ज्यादा हो सकती है- पपीता हार्ट के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन अगर आपको इरेगुलर हार्टबीट की समस्या है तो पपीता नहीं खाना चाहिए। एक रिसर्च में पता चला है कि पपीता में साइनोजेनिक ग्लाइकोसाइड होता है, जो एक तरह का अमीनो एसिड है। इससे पाचन तंत्र में हाइड्रोजन सायनाइड का उत्पादन करता है। अगर आप इरेगुलर हार्टबीट की समस्या से परेशान हैं तो पपीता खाना आपके लिए खतरनाक हो सकता है।

प्रेगनेंसी के दौरान- प्रेगनेंट महिलाओं को पपीता नहीं खाने की सलाह दी जाती है। ऐसा इसलिए कहा जाता है क्योंकि पपीता में लेटक्स होता है, जो गर्भाशय के संकुचन को ट्रिगर कर सकता है। इसकी वजह से बच्चा समय से पहले पैदा हो सकता है। पपीता में पपैन होता है जिसे शरीर प्रोस्टाग्लैंडीन समझने की भूल कर सकता है। जिससे आर्टिफिशियली लेबर पेन इंड्यूस हो सकते हैं। पपीता खाने से भ्रूण को सपोर्ट करने वाली झिल्ली भी कमजोर हो सकती है।

एलर्जी वाले लोगों को- पपीता उन लोगों को नहीं खाना चाहिए जो किसी तरह की एलर्जी से पीड़ित हैं। पपीता के अंदर एक एंजाइम होता है जिसे चिटिनेज कहते हैं। ये एंजाइम लेटेक्स पर क्रॉस रिएक्शन कर सकता है। इससे आपको छींक आना, सांस लेने में तकलीफ, खांसी या आंखों से जुड़ी समस्या होने का खतरा रहता है।



# सर्दी में स्किन ड्राई
## होने पर वैक्सिंग से पहले अपनाएं ये आसान टिप्स

सर्दी के मौसम में जब त्वचा ड्राई और खुरदरी हो जाती है, तो वैक्सिंग करवाने का अनुभव थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। स्किन का सूखापन वैक्सिंग के दौरान और भी बढ़ सकता है, जिससे सफेद या डल दिखने लगती है। इस स्थिति से बचने के लिए कुछ खास टिप्स अपनाई जा सकती हैं, ताकि आपकी स्किन हेल्दी और नर्म दिखे, और वैक्सिंग का अनुभव आरामदायक हो।

### त्वचा को पहले से मॉइस्चराइज करें

सर्दी के मौसम में त्वचा रूखी हो जाती है, क्योंकि ठंडी हवा में त्वचा की नमी उड़ जाती है। वैक्सिंग से पहले यदि त्वचा में नमी बनी रहे तो इससे त्वचा के जलने या डल होने का खतरा कम होता है। इसके लिए रोजाना अपने चेहरे और शरीर पर एलोवेरा जेल, कोको बटर या कोई अच्छा मॉइस्चराइजर लगाना शुरू करें। यह स्किन को हाइड्रेट करता है और वैक्सिंग के दौरान त्वचा में खिंचाव नहीं महसूस होगा।

### प्री-वैक्स स्क्रब का इस्तेमाल करें

वैक्सिंग से पहले हल्का स्क्रब करना एक अच्छा तरीका है। इससे आपकी त्वचा की डेड सेल्स हट जाएंगी, जिससे बालों को निकालना आसान हो जाएगा। इससे त्वचा नर्म और स्मूद महसूस होगी। आप बाजार में उपलब्ध स्क्रब का उपयोग कर सकती हैं या घर पर चीनी और शहद के मिश्रण से हलका स्क्रब बना सकती हैं। इससे त्वचा का एक्सफोलिएशन होगा और वैक्सिंग के बाद रिजल्ट बेहतर आएंगे।

### वैक्सिंग के बाद लूज कपड़े पहनें

वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा थोड़ी सेंसिटिव हो सकती है। ऐसे में तंग कपड़े पहनने से त्वचा पर और अधिक दबाव पड़ेगा और यह जलन या रैशेज़ पैदा कर सकता है। इसलिए वैक्सिंग के बाद लूज और आरामदायक कपड़े पहनें। इससे त्वचा को आराम मिलेगा और ड्राईनेस की वजह से रेडनेस भी कम होगी।

### ठंडी हवा से बचाव करें

वैक्सिंग के बाद त्वचा की नमी धीरे-धीरे वापस आती है। इस दौरान ठंडी हवा से बचना ज़रूरी है, क्योंकि इससे त्वचा और भी ज्यादा सूख सकती है। लूज कपड़े पहने और ठंडी हवा से बचने की कोशिश करें, ताकि त्वचा जल्दी से ठीक हो जाए।

### त्वचा पर कोई नया प्रोडक्ट लगाने से पहले पैच टेस्ट करें

कोई भी नया प्रोडक्ट लगाने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वह आपकी स्किन के लिए सुरक्षित है। इससे स्किन रिएक्शन या एलर्जी का खतरा कम होगा। सर्दियों में जब त्वचा रूखी हो जाती है, तो वैक्सिंग के दौरान त्वचा की देखभाल और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। इन सरल टिप्स को अपनाकर आप अपनी त्वचा को सर्दी में भी नर्म और हाइड्रेटेड रख सकती हैं और वैक्सिंग का अनुभव आरामदायक बना सकती हैं। यदि आपको कोई शंका हो, तो आप अपने स्किन एक्सपर्ट से भी सलाह ले सकती हैं।

नोट- स्किन पर किसी भी प्रोडक्ट को लगाने से पहले पैच टेस्ट करना न भूलें, ताकि आपकी त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान न हो।

# सर्दियों में मूंगफली खाने के फायदे

कोलेस्ट्रॉल घटाए- ठंड के दिनों में आपको रोजाना मूंगफली जरूर खानी चाहिए। मूंगफली खाने से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम किया जा सकता है। मूंगफली कई बीमारियों के खतरे से बचाती हैं। मूंगफली में मोनो-अनसैचुरेटेड फैटी एसिड पाया जाता है जो एचडीएल के लेवल को बढ़ाता है। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा भी कम होता है।

शरीर को गर्म रखे- सर्दियों में बादाम खाने से जितनी गर्मी मिलती है उतनी ही मूंगफली खाने से भी मिलती है। आपको 1-2 मुट्ठी मूंगफली रोजाना जरूर खानी चाहिए। मूंगफली खाने से आप सर्दी के असर को कम कर सकते हैं। इससे शरीर को एनर्जी मिलती है और जरूर विटामिन भी मिलते हैं। मूंगफली का रोस्ट करके खाना फायदेमंद होता है।

वजन घटाए- मूंगफली खाने से वजन भी कम हो सकता है। मूंगफली खाने के बाद काफी देर तक भूख नहीं लगती है। कई रिसर्च में भी ये पाया गया है कि मूंगफली, उससे बना तेल और पीनट बटर खाकर मोटापा कम किया जा सकता है। इससे भूख कम लगती है जिससे आपका वजन कम होता है।

डिप्रेशन भगाए- अवसाद को दूर भगाने में मूंगफली मदद करती है। मूंगफली खाने से दिमाग की बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है। मूंगफली में पाया जाने वाला ट्रिप्टोफैन सेरोटोनिन रिलीज को बढ़ाता है। जिससे डिप्रेशन का खतरा कम होता है। लो सेरोटोनिन का लेवल डिप्रेशन का कारण बनता है।

अन्य फायदे- मूंगफली में ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो स्ट्रोक के खतरे को कम करते हैं। मूंगफली का सेवन करने से ब्लड शुगर कंट्रोल रहा है और हार्ट से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी कम होता है। मूंगफली में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स कैंसर के खतरे को भी कम करते हैं।



# अखरोट को भिगोकर खाने के फायदे



कोई भी मेवा हो वो तसीर में गर्म होता है। अखरोट भी गर्म तासीर का ड्राई फ्रूट है इसलिए इसे भिगोकर खाना चाहिए। आप रात में 2 अखरोट की गिरी को पानी में भिगो दें। सुबह इसे दूसरे भीगे हुए नट्स के साथ या ऐसे ही सिर्फ 2 अखरोट खा लें। इससे अखरोट गर्मी नहीं करेगा और इसे पचाना भी आसान हो जाएगा। आप रात में दूध में भिगोकर भी अखरोट का सेवन कर सकते हैं। अखरोट के साथ आप दूसरे ड्राई फ्रूट्स भी खा रहे हैं। दिमाग और हार्ट के लिए अखरोट को सबसे अच्छा माना जाता है।

अखरोट में कौन से विटामिन होते हैं?

अखरोट में ओमेगा 3 फैटी एसिड की मात्रा काफी होती है।

अखरोट में विटामिन ई, विटामिन सी और विटामिन ए होता है।

अखरोट खाने से मैग्नीशियम की कमी पूरी की जा सकती है।

आयरन, कैल्शियम की कमी दूर करने के लिए भी अखरोट खा सकते हैं।

अखरोट खाने से विटामिन के की कमी को भी पूरा किया जा सकता है।

अखरोट में प्रोटीन, कार्ब, फाइबर, सैचुरेटेड फैट और अनसैचुरेटेड फैट होता है।

फोलेट, जिंक, कॉपर और सेलेनियम जैसे मिनरल भी अखरोट में होते हैं।

अखरोट में फास्फोरस और कोलीन जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं।

हार्ट को हेल्दी और दिमाग को स्वस्थ बनाने में अखरोट मदद करता है।

# नारियल पानी पीने के साइड इफेक्ट्स

**हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुतबिक नारियल का पानी आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकता है। लेकिन अगर आप सेहत से जुड़ी कुछ समस्याओं से जूझ रहे हैं और ऐसे में आपने ज्यादा नारियल का पानी पिया, तो आपको लेने के देने भी पड़ सकते हैं। आइए जानते हैं कि किन लोगों को नारियल के पानी को अपनी डाइट में शामिल करने से पहले एक्सपर्ट की सलाह ले लेनी चाहिए। अगर आपने बिना सोचे-समझें ज्यादा नारियल का पानी पिया, तो आपको कुछ साइड इफेक्स्ट का सामना भी करना पड़ सकता है।**

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि कोकोनट वॉटर में पोटैशियम की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। अगर आपने जरूरत से ज्यादा नारियल का पानी पिया, तो आपकी बॉडी में मौजूद इलेक्ट्रोलाइट्स का बैलेंस बिगड़ सकता है। इसके अलावा अगर डायबिटीज पेशेंट्स ज्यादा नारियल का पानी पीते हैं, तो उनका ब्लड शुगर लेवल बढ़ सकता है। नारियल पानी की अति किडनी की फंक्शनिंग पर भी बुरा असर डाल सकती है।

### हो सकता है पेट में दर्द

इसमें कोई शक नहीं है कि सही मात्रा में नारियल का पानी पीकर आप अपनी ओवरऑल हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकते हैं। लेकिन ज्यादा नारियल का पानी पीने से आपकी गट हेल्थ पर बुरा असर पड़ सकता है। अगर आप दस्त या फिर पेट के दर्द जैसी समस्याओं की चपेट में आने से बचना चाहते हैं, तो ज्यादा मात्रा में नारियल का पानी न पिएं।

### लो ब्लड प्रेशर

इस नेचुरल ड्रिंक को हाई ब्लड प्रेशर पर काबू पाने के लिए भी मददगार माना जाता है यानी औषधीय गुणों से भरपूर इस ड्रिंक में रक्तचाप को कम करने की क्षमता है। यही वजह है कि अगर आपका ब्लड प्रेशर अक्सर लो रहता है, तो आपको नारियल के पानी को अपनी डाइट में शामिल करने से बचना चाहिए।





# सर्दियों में स्टाइलिश तरीके से कैरी करें शॉल

**सर्दियों में जो लोग हमेशा फैशनेबल और स्टाइलिश दिखना पसंद करते है वे अपने विंटर स्टाइल को लेकर हमेशा कुछ नया करना चाहते है, अगर आप भी उन्ही में से एक है तो हम आपको यहां कुछ विंटर फैशन टिप्स बता रहे जिन्हें अपनाकर आप सर्दियों के मौसम में एक बेहतरीन स्टाइलिश लुक में नजर आ सकती है।**

अक्सर महिलाएं ठंड से बचने के लिए सदाबहार शॉल की मदद लेती है, लेकिन हर बार एक ही तरह से शॉल को कैरी करना बोरिंग हो सकता है। आप चाहे तो अपनी शॉल के साथ कुछ प्रयोग कर एक अलग अंदाज में इसे ओढ़ सकती हैं। तो आइए जानते हैं शॉल्स को कैसे आप स्टाइलिश तरीके से कैरी कर सकती है. अगर साड़ी या सूट पहन रही है तो आपको शॉल को कुछ इस तरह से ओढ़ना चाहिए. अगर साड़ी पर शॉल डालना चाहती है, तो कंधे से कोहनी तक इसे ओढ़ें या फिर आप आधे कंधे तक ही इसे ओढ़ सकती है। इसी तरह से आप सूट पर दुपट्टे को न लें बल्कि शॉल को कैरी करें। आप चाहे तो शॉल की जगह पश्मीना स्टोल कैरी कर सकती है। साड़ी के साथ स्टोल को स्कार्फ की तरह गले में लपेटकर दोनों सिरे आगे की तरफ करके डाल सकती हैं। शॉल को कंधों से ओढ़ लें अब इसे आगे की ओर लटकाएं इसके बाद कमर पर बेल्ट लगा लें। इस स्टाइल को आप साड़ी, सूट, जींस पर भी कैरी कर सकती है। क्रोशिया शॉल को पूरी तरह से गोलाई में लपेटकर इसके बाहरी छोर को पिनअप कर लें ताकि ये जमे रहे ये स्टाइल आप जींस, सूट पर कैरी कर सकती है। अगर किसी पार्टी या शादी में जा रही है, तो हल्के कलर की साड़ी के साथ गहरे और खिलते हुए रंग के शॉल ओढ़ें वहीं गहरे रंग की साड़ी है, तो हल्के पेस्टल कलर के शॉल डालें।



# स्मार्ट आइडियाज की मदद से अपनी बालकनी को करें डेकोर

**विंटर सीजन में बहुत कम लोग ही बालकनी में बैठते हैं। इसकी वजह कड़ाके की ठंड है। क्योंकि बालकनी खुली होती है, इसलिए उस जगह में ठंड लगना बेहद ही सामान्य बात है। लेकिन आप कुछ स्मार्ट आइडियाज की मदद से अपनी बालकनी को कुछ इस तरह से डेकोर कर सकती हैं, जिससे आपकी बालकनी आरामदायक के साथ-साथ कोजी रहेगी। इसके बाद आप आराम से अपनी बालकनी में बैठकर चाय पीने का आनंद ले सकती हैं और छोटी से पार्टी भी कर पाएंगी।**

अगर आप भी चाहती हैं कि आप सर्दियों में भी बालकनी में बैठी रहें तो आज हम बताएंगे कुछ ऐसे आइडियाज जिसका उपयोग कर आप अपनी बालकनी को सर्दियों के हिसाब से डेकोरेट कर सकती हैं और दिल खोलकर सुकून के पल बिता सकती हैं।

## ब्लैंकेट और पिलो

सर्दियों में ज्यादातर समय ब्लैंकेट के अंदर ही बीतता है, ऐसे में आप चाहें तो इसे बालकनी में भी रख सकती हैं। गर्म तकिया और ब्लैंकेट न सिर्फ आपकी बालकनी की खूबसूरती को बढ़ाएगा बल्कि आप यहाँ आराम से बैठकर शाम की चाय को भी एन्जॉय कर सकेंगी। इसके लिए बालकनी में छोटा सोफा या फिर कुर्सियों को वहां एडजस्ट कर सकती हैं। ध्यान रखें कि ब्लैंकेट वुलेन का ही होना चाहिए, ताकी ठंडी हवाओं से बचा जा सके। अगर आपके पास एक आउटडोर आउटलेट है, तो आप इलेक्ट्रिक ब्लैंकेट रख सकती हैं। इसकी मदद से बालकनी में आप अधिक समय बिता सकती हैं।

## इलेक्ट्रिक हीटर

सर्दी से बचने के लिए ज्यादातर लोग आग तापना पसंद करते हैं, लेकिन अपार्टमेंट या फिर शहरों में रह रहे लोगों के लिए यह मुमकिन नहीं है। हालांकि आप चाहें तो अपनी सुविधा के अनुसार बोर्न फायर लगा सकती हैं। अगर आपके पास यह सुविधा नहीं है तो इलेक्ट्रिक हीटर का उपयोग कर सकती हैं। अगर आप अपनी बालकनी में हीटर का उपयोग कर रही हैं तो ध्यान रखें कि आस पास ऐसी चीजों को न रखें, ताकी आग लगने जैसी समस्या पैदा न हो।

## कैंडल डेकोरेशन

इन दिनों घर को सजाने के लिए कैंडल का खूब इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन आप चाहें तो इससे अपनी बालकनी की भी रौनक बढ़ा सकती हैं। सर्दियों में कैंडल का उपयोग करने से बालकनी में गर्माहट बनी रहेगी और यह देखने में भी काफी खूबसूरत लगता है। इन दिनों तरह-तरह की कैंडल लैंप मार्केट में उपलब्ध है, जहां आप अपनी सुविधा के अनुसार इसे इस्तेमाल कर सकती हैं। बालकनी में हल्की रौशनी के लिए कैंडल बेस्ट ऑप्शन है।


## कलरफुल लाइट्स

त्योहार या फिर खास मौकों पर घर को सजाने के लिए कलरफुल लाइट्स का इस्तेमाल खूब किया जाता है। जिसके बाद इसे रख दिया जाता है। लंबे समय तक रखे रहने से यह खराब हो जाती हैं, ऐसे इन कलरफुल लाइट्स या फिर फेयरी लाइट्स से अपनी बालकनी को डेकोरेट कर सकती हैं। इससे बालकनी में गर्माहट भी बनी रहेगी। इसके अलावा अगर आप अपनी बालकनी को अट्रैक्टिव लुक देना चाहती हैं तो इलेक्ट्रिक लैंप का भी प्रयोग कर सकती हैं।

## विंटर प्लांट्स

बालकनी में विंटर प्लांट्स को जगह दें, जिससे रौनक बनी रहे। कई ऐसे फूल और पौधे हैं, जो सर्दियों के अनुकूल होते है। यह प्लाटंस लंबे समय तक बने रहते हैं और इससे बालकनी की भी खूबसूरती बनी रहेगी। रंग-बिरंगे मनमोहक फूल पौधों से सजी बालकनी देखने में काफी खूबसूरत लगती है। सर्दियों के अनुसार अगर पौधे लगाएंगी तो इनकी देखरेख के लिए अधिक मेहनत की भी आवश्यकता नहीं पड़ेगी।





# कब और कैसे लगाएं सिर में तेल

**बालों के लिए तेल कितना ज्यादा जरूरी है यह बात सभी जानते हैं। लेकिन व्यस्त दिनचर्या के कारण अधिकतर लोग इससे दूर ही रहते है पर ऐसा करना उनके बालों को बहुत नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए बालों में तेल लगाना जरूरी होता है जिससे बाल हेल्दी बने रहें। लेकिन क्या आप जानते हैं तेल लगाने का भी सही और गलत तरीका होता है इसके अलावा अगर सही समय पर तेल लगाया जाएं तो ये आपकी स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है. आइए जानते हैं**

## तेल कब लगाएं

वैसे तो आप तेल किसी भी समय लगा सकते है लेकिन अहम बात ये है कि आप तेल लगाकर घर से बाहर न निकलें क्योंकि अगर आप ऐसा करते है, तो प्रदूषण से आपके बाल खराब हो सकते है इसलिए कोशिश करें कि आप रात में सोते समय ही तेल लगाएं। रात को तेल लगाकर सोने के बाद अगले दिन आप अपने बालों को शैम्पू से वॉश कर लें। इससे रातभर में आपको बालों को अच्छा नरिशमेंट मिलेगा। वहीं इससे आपकी त्वचा भी हेल्दी होगी ऐसा इसलिए क्योंकि माना जाता है कि रात भर तेल लगाकर सोने से स्किन पर रिंकल्स की परेशानी नहीं होती लेकिन अगर आपकी स्किन ऑयली है, तो रातभर तेल लगाकर न रखें बालों को शैम्पू करने के 2 घंटे पहले अपने बालों में तेल लगाएं।

## कैसे लगाएं बालों में तेल

आप जो भी तेल अपने बालों में लगाते है उसे पहले हल्का सा गर्म कर लें अब इसमें उंगलियों के पोरों को डुबाएं और तेल को बालों की जड़ों में लगाते हुए मसाज करें। ध्यान रहे कि आप ज्यादा प्रेशर न लगाएं नहीं तो बाल टूट सकते हैं। बालों को धोने से पहले बालों में स्टीम लें इससे बालों के जड़ों तक तेल पहुंचेगा और बाल हेल्दी और शाइनिंग होंगे।







# विंटर फैशन टिप्स फॉलो कर पाएं स्टाइलिश लुक

**अधिकतर लोगों को लगता है कि सर्दियों के मौसम में फैशनेबल दिखना काफी मुश्किल है। लेकिन आपको बता दे कि मौसम चाहे कोई भी आप सही फैशन टिप्स को फॉलो कर हमेशा स्टाइलिश नजर आ सकते है। तो आइए जानते है कुछ विंटर फैशन टिप्स जिन्हें अपनाकर आप सर्दियों में भी अपने लुक को स्टाइलिश रख सकती है.**

लाइट कलर विंटर में आपके लिए एक बढ़िया विकल्प है।यह आपको डिफ्रेंट लुक भी देता है। विंटर में जींस पहनने से ठंडक से तो बच ही जाते है साथ ही लाइट कलर के जींस को ट्राई कर आप स्टाइलिश लुक पा सकती है। इसके साथ आप हाईनेक स्वेटर कैरी करें। ऑफ-व्हाइट कलर का लॉन्ग कोट भी आपको विंटर में स्टाइलिश लुक दे सकता है। इसलिए विंटर में इन्हें जरूर ट्राई करें। बहुत मैचिंग ड्रेस न पहनें इसके जगह आप अलग-अलग कलर के ड्रेस ट्राई कर सकती है। क्योंकि हमेशा मैचिंग टॉप या ब्लेजर पहनना बोरिंग हो सकता है, इसलिए अलग और ब्राइट कलर को ट्राई करें। आप चाहे तो रेड वूलन क्रॉप टॉप ट्राई कर सकती है और इसके साथ ब्लैक बूट्स पहन सकती है। ऐसे कलर विंटर में खूब जमते है।

## मफलर से करें डिफ्रेंट लुक कैरी

सिंपल सा ड्रेस अगर आपने पहना है तो इसे फैशनेबल लुक देने के लिए आप मफलर को स्टाइलिश तरीके से कैरी कर सकती है। ऐसा करने से आप ठंड से तो बच ही जाएंगी साथ ही स्टाइलिश भी नजर आएगी।


## व्हाइट एंड ब्लैक कलर

विंटर में व्हाइट एंड ब्लैक कलर जरूर ट्राई करें। ये आपको बहुत क्यूट लुक देता है। आप डेनिम जींस के साथ व्हाइट कलर का जैकेट कैरी कर सकती है। आप यहां मैचिंग जैकेट से मैचिंग बूट्स कैरी कर सकती है। व्हाइट के अलावा आप ब्लैक कलर का जैकेट भी ट्राई कर सकती है।



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप ने अरबपति बैंकर वॉरेन स्टीफंस को ब्रिटेन में अपना राजदूत किया नामित



**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के नवनिर्वाचत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अरबपति निवेश बैंकर वारेन स्टीफंस को ब्रिटेन में अपना राजदूत नामित किया है। स्टीफंस रिपब्लिकन पार्टी को चंदा देने वाले कारोबारियों में शामिल रहे हैं। उन्होंने टंप समर्थित 'सुपर पीएसी (राजनीतिक कार्य समिति) को 20 लाख डॉलर का चंदा दिया था। ट्रंप ने सोमवार शाम को सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल के जरिए घोषणा की कि वह स्टीफंस को ब्रिटेन में अमेरिकी राजदूत के रूप में चुन रहे हैं। ट्रंप के कार्यभार संभालने के बाद सीनेट द्वारा स्टीफंस के नाम की पुष्टि किए जाने के बाद ही उन्हें इस पद पर नियुक्त किया जा सकेगा। स्टीफंस अर्कांसस के लिटिल रॉक स्थित वित्तीय सेवा कंपनी 'स्टीफंस इंक के चेयरमैन, अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।

### चीन दक्षिणी महाद्वीप में बढ़ा रहा पैठ, अंटार्कटिका में पहला वायुमंडलीय निगरानी स्टेशन किया स्थापित



**बीजिंग , एजेंसी।** चीन ने अंटार्कटिका में अपना पहला वायुमंडलीय निगरानी स्टेशन स्थापित किया है। चीन इस बर्फीले और संसाधन-संपन्न दक्षिणी महाद्वीप में इस अनुसंधान स्टेशन का निर्माण कर वहां अपनी मौजूदगी को मजबूत कर रहा है। चीन मौसम विज्ञान प्रशासन (सीएमए) के अनुसार, पूर्वी अंटार्कटिका के 'लार्समैन हिल्स में स्थित झोंगशान नेशनल ऐटमॉसफेरिक बैकग्राउंड एडमिनिसट्रेश (सीएमए) में रविवार से कामकाज शुरू हो गया है। सीएमए वेबसाइट पर सोमवार को प्रकाशित एक लेख में कहा गया है, ''यह स्टेशन अंटार्कटिका के वायुमंडलीय घटकों में सांद्रता परिवर्तनों के बारे में निरंतर और दीर्घकालिक परिचालनात्मक अवलोकन करेगा तथा क्षेत्र में वायुमंडलीय संरचना तथा संबंधित विशेषताओं की औसत स्थिति का विश्वसनीय प्रतिनिधित्व प्रदान करेगा। हांगकांग स्थित 'साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर के अनुसार, लेख में कहा गया है कि निगरानी डेटा 'जलवायु परिवर्तन के प्रति वैश्विक प्रतिक्रिया का समर्थन करेगा। यह चीन का नौवां वायुमंडलीय निगरानी स्टेशन और विदेश में इसका पहला स्टेशन है। इसके अलावा, चीन में वर्तमान में 10 नए वायुमंडलीय निगरानी स्टेशनों का परीक्षण किया जा रहा है। चीनी मौसम विज्ञान अकादमी के वैश्विक परिवर्तन एवं ध्रुवीय मौसम विज्ञान संस्थान के निदेशक डिंग मिंगु ने कहा कि नए स्टेशन के अवलोकनों से पर्यावरण पर मानवीय गतिविधियों के प्रभाव के अध्ययन में मदद मिलेगी।

### पाकिस्तान में खिलौना बम फटने से 2 सगे भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत

**पेशावर, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को खिलौना बम फटने से दो सगे भाइयों समेत कम से कम तीन बच्चों की मौत हो गई। यह घटना बन्नू के वजीर उपखंड के जानी खेल इलाके में हुई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बच्चे मदरसे से घर लौट रहे थे तभी मोर्टार के खोल में विस्फोट हुआ और दो भाइयों समेत तीन छात्रों की मौत हो गई। मोर्टार का खोल एक सुनसान इलाके में पड़ा था। बच्चों ने इसे खिलौना समझकर उठा लिया, जिससे भीषण धमाका हुआ। पूर्व में भी कई बच्चे इस तरह के ''खिलौनों से खेलते समय अपनी जान गंवा चुके हैं। ये 'खिलौने जांच में विस्फोटक उपकरण निकले।

# 1 महीने जेल में रहेंगे चिन्मय दास, कट्टरपंथियों के खौफ से किसी वकील ने कोर्ट में नहीं रखा कदम

### वकीलों ने सुनवाई के लिए पेश होने से किया मना

### अब एक महीने के लिए टली चिन्मय दास की सुनवाई

**ढाका, एजेंसी।**
बांग्लादेश में गिरफ्तार इस्कॉन के पुजारी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की जमानत पर सुनवाई अगले महीने के लिए टाल दी गई है। चिन्मय दास की जमानत अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होनी थी लेकिन उनकी ओर से कोई वकील पेश न होने की वजह से कोर्ट ने सुनवाई दो जनवरी तक के लिए टाल दी।

मंगलवार को वकीलों ने जमानत की सुनवाई के दौरान उनकी ओर से पेश होने से इनकार कर दिया, जिसके बाद चैटोग्राम अदालत ने कार्यवाही स्थगित कर दी। कोर्ट ने अब सुनवाई की अगली तारीख 2 जनवरी 2025 तय की है। जानकारी के लिए बता दें कि चिन्मय कृष्ण दास की सुनवाई करने वाले बांग्लादेशी वकील पर रमन रॉय पर इस्लामिक कट्टरपंथियों ने हमला किया और अभी उनकी हालत गंभीर है।

चिन्मय दास को पिछले हफ्ते बांग्लादेशी हिंदुओं पर बढ़ते हमलों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते समय देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया था। दरअसल चिन्मय दास एक रैली में हिस्सा लेने के लिए चटगांव जा रहे थे। उनके खिलाफ राजद्रोह का आरोप लगाया गया है। इसके बाद भारत ने भी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी पर आपत्ति जताई थी। वहीं इस्कॉन कोलकाता के



प्रवक्ता राधारमण दास ने भी इस संबंध में एक्स पर एक पोस्ट लिखा, उन्होंने कहा, कृपया वकील रमेन रॉय के लिए प्रार्थना करें। उनकी एकमात्र गलती अदालत में चिन्मय कृष्ण प्रभु का बचाव करना था। इस्लामवादियों ने उनके घर में तोड़फोड़ की और उन पर बेरहमी से हमला किया, और चले गए। वह आईसीयू में है और अपनी जिंदगी के लिए जंग लड़ रहे हैं।

साथ ही राधारमण दास ने हिंदुओं और इस्कॉन पुजारियों के खिलाफ बढ़ती हिंसा को देखते हुए हिंदुओं और पुजारियों को एक सलाह दी है। हिंदुओं पर हमलों के बीच, इस्कॉन कोलकाता ने पड़ोसी देश में अपने सहयोगियों और अनुयायियों को सलाह दी है कि वे तिलक मिटा दें और तुलसी की माला छिपा लें, अपना सिर ढक लें और भगवा पहनने से बचें।

हालांकि, बांग्लादेश के कई वकीलों ने ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया है। पिछले महीने भी सोशल मीडिया और कुछ समाचार आउटलेट्स पर दावा किया गया था कि चिन्मय कृष्ण दास का बचाव करने वाले एक वकील की हत्या कर दी गई थी। लेकिन जांच से पता चला कि मारा गया वकील सैफुल इस्लाम एक सहायक सरकारी अभियोजक था और वह चिन्मय दास का बचाव नहीं कर रहा था।

# स्पेस में यातायात जाम ! पृथ्वी की कक्षा में 14 हजार सैटेलाइट, अंतरिक्ष गतिविधियों के लिए बनीं खतरा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
दुनियाभर के देशों में यातायात जाम एक बड़ी समस्या बन गया है, लेकिन अब अंतरिक्ष भी इस समस्या से अछूता नहीं रह गया है। दरअसल पृथ्वी की निचली कक्षा में हजारों की संख्या में विभिन्न देशों के उपग्रह चक्कर लगा रहे हैं, साथ ही करोड़ों की संख्या में उपग्रहों का मलबा लगातार घूम रहा है, जिससे अंतरिक्ष गतिविधियों के लिए खतरा पैदा हो गया है। अंतरिक्ष विशेषज्ञों ने हालात पर चिंता जाहिर की है और इस समस्या के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की अपील की है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही पृथ्वी की कक्षा में उपग्रहों की बढ़ती संख्या पर ध्यान न दिया गया तो यह अहम क्षेत्र अनुपयोगी हो सकता है।

हजारों उपग्रहों और उपग्रहों के मलबे से अंतरिक्ष में यातायात जाम के हालात

रिपोर्ट्स के अनुसार, वर्तमान में 14 हजार से ज्यादा विभिन्न उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में परिक्रमा कर रहे हैं, जिनमें से करीब 3500 निष्क्रिय हैं। साथ ही पिछले प्रक्षेपणों और उपग्रहों के टकराव से पैदा हुए मलबे से हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों के मलबे के 12 करोड़ टुकड़े पृथ्वी की कक्षा में चक्कर लगा रहे हैं। अक्तूबर के अंत में संयुक्त राष्ट्र के अंतरिक्ष यातायात समन्वय पैनल ने



एलईओ (लो अर्थ ऑर्बिट-पृथ्वी की निचली कक्षा) के का व्यापक डेटाबेस तैयार करने की जरूरत पर जोर दिया है।

उपग्रहों के संचालक देशों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान की जरूरत

पैनल की सह-अध्यक्ष और बाहरी अंतरिक्ष मामलों की निदेशक आरती होला मैनी का कहना है कि अंतरिक्ष यातायात समन्वय पर तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है और इसमें समय बर्बाद नहीं किया जाना चाहिए। उपग्रहों के बीच टकराव से बचने के लिए ऑपरेटर देशों के बीच सूचनाओं का आदान-प्रदान करने की जरूरत है। गौरतलब है कि वैश्विक संचार, नेविगेशन सिस्टम और वैज्ञानिक रिसर्च के लिए पृथ्वी की निचली कक्षा की सुरक्षा करना बेहद जरूरी है।

उपग्रहों के टकराव को रोकने के लिए एक केंद्रीकृत प्रणाली स्थापित करने की जरूरत बताई गई है। हालांकि इसमें चुनौती ये है कि कुछ देश को डेटा साझा करने के लिए तैयार हैं, लेकिन कई देश सुरक्षा संबंधी चिंताओं के चलते डेटा साझा करने से हिचकिचा रहे हैं। पृथ्वी की परिक्रमा कर रहीं कई सैटेलाइट नागरिक के साथ ही सैन्य उद्देश्यों की पूर्ति के लिए लॉन्च की गई हैं और इस वजह से ही सैटेलाइट्स का डेटा साझा करने के लिए कई देश तैयार नहीं हैं। हाल के समय में कई उपग्रहों के टकराने से जोखिम बढ़ा है। अगस्त में एक चीनी रॉकेट में विस्फोट हो गया था, जिससे उसका मलबा पृथ्वी की कक्षा में बिखर गया। इसी तरह जून में भी रूस के एक निष्क्रिय सैटेलाइट में विस्फोट होने से उसका मलबा अंतरिक्ष में फैल गया और इसके चलते अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अंतरिक्ष यात्रियों की जान पर बन आई थी। अब जैसे जैसे वाणिज्यिक स्तर पर सैटेलाइट्स लॉन्च की जा रही हैं, उसने हालात को और बिगाड़ दिया है। एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक हजारों उपग्रह लॉन्च कर रही है, जिससे अंतरिक्ष में टकराव की आशंका बढ़ी है। अनुमान के अनुसार, आने वाले वर्षों में कई हजार उपग्रह लॉन्च हो सकते हैं, जिससे उपग्रहों की टक्कर के चलते अरबों डॉलर के नुकसान की आशंका है।

## सैक्स वर्कर्स को बेल्जियम में मिलेगी पेंशन और मैटरनिटी लीव, प्रॉस्टिट्यूशन को लीगल बताने वाला ऐतिहासिक कानून लागू



**लंदन , एजेंसी।** बेल्जियम की सरकार ने सेक्स वर्कर्स के लिए हाल ही में एक ऐतिहासिक कानून लागू किया है। इस कानून के तहत देश में सेक्स वर्कर्स के अधिकारों को कानूनी मान्यता दी गई है। अब ये वर्कर्स औपचारिक रोजगार अनुबंध पर हस्ताक्षर करने में सक्षम होंगे और अन्य व्यवसायों के समान श्रम अधिकार प्राप्त करेंगे। अब प्रॉस्टिट्यूशन को किसी दूसरे पेशे की तरह माना जाएगा। जिसमें ग्राहकों को मना करने, अपनी प्रथाओं को चुनने और किसी भी समय किसी भी कार्य को रोकने का अधिकार शामिल है। नए नियमों के तहत, सेक्स वर्करों को स्वास्थ्य बीमा, मैटरनिटी और सिक लीव, बेरोजगारी सहायता और पेंशन भी मिलेगी। ये कानून काम के घंटे, वेतन और सुरक्षा उपायों पर नियम भी स्थापित करता है, जो उद्योग में उन लोगों के लिए कानूनी सुरक्षा में लंबे समय से चली आ रही कमी को दूर करता है। कानून का मसौदा तैयार करने में शामिल एक वकालत समूह एस्पेस पी के समन्वयक इसाबेल जरामिलो ने कहा, यह एक अविश्वसनीय कदम है। इसका मतलब है कि उनके पेशे को आखिरकार बेल्जियम राज्य द्वारा वैध माना जा सकता है। दूसरी ओर नियोक्ता के दृष्टिकोण से भी ये कानून एक क्रांति होगा। उन्हें सेक्स वर्कर को काम पर रखने के लिए राज्य से स्वीकृति के लिए आवेदन करना होगा। पिछले कानून के तहत, सेक्स वर्क के लिए किसी को काम पर रखना स्वचालित रूप से आपको दलाल बना देता था, भले ही व्यवस्था सहमति से की गई हो। अब नियोक्ताओं को स्वीकृति प्राप्त करनी होगी, सख्त सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करना होगा और यौन उत्पीड़न या मानव तस्करी के लिए कोई पूर्व दोषसिद्धि सहित पृष्ठभूमि आवश्यकताओं को पूरा करना होगा।

## 2.34 टन कोकीन जब्त, पुलिस ने तय किए 13 लोगों पर आरोप

**सिडनी, एजेंसी।**
ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने देश के इतिहास में कोकीन की रिकॉर्ड खेप जब्त करने के मामले में 13 लोगों को गिरफ्तार कर उन पर आरोप तय किये हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) ने ऐलान किया कि उसने एक अंतरराष्ट्रीय आपराधिक गिरोह से जुड़ी जांच के बाद 11 वयस्कों और दो किशोरों को आरोपी बनाया है। इन पर समुद्र के रास्ते उत्तरपूर्वी ऑस्ट्रेलियाई राज्य क्वींसलैंड में 2.34 टन कोकीन आयात संबंधित आरोप लगाए गए है।

बताया जा रहा है कि यह आस्ट्रेलियाई इतिहास में कोकीन की सबसे बड़ी जब्ती है, जिसका अनुमानित मूल्य 760 मिलियन आस्ट्रेलियाई डॉलर (493.6 मिलियन अमेरिकी डॉलर) है। एएफपी और क्वींसलैंड पुलिस सेवा (क्यूपीएस) के अधिकारियों ने शनिवार रात और रविवार तड़के आरोपियों की गिरफ्तारियां की। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक जहाज का चालक दल भी शामिल है जो कथित तौर पर क्वींसलैंड में कोकीन आयात करने की कोशिश कर रहा था और कई लोग अवैध ड्रग्स को इकट्ठा



करने के लिए तट पर इंतजार कर रहे थे।

एएफपी अदालत में आरोप लगाएगा कि उनमें से एक व्यक्ति एक गैरकानूनी मोटरसाइकिल गिरोह का उपाध्यक्ष भी है। एएफपी कमांडर स्टीफन जे ने एक बयान में कहा, हम जानते हैं कि अपराधी ऑस्ट्रेलिया में ड्रग्स की तस्करी करने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने से भी नहीं कतराते। अपराधी इस बात की भी परवाह नहीं करते कि वे ऑस्ट्रेलियाई लोगों को कितना नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा, समुद्र से दो टन से अधिक कोकीन इकट्ठा करने का यह कथित प्रयास दर्शाता है कि अपराधी अपने लालच और लाभ के लिए कुछ भी कर सकते हैं।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के मास्टरमाइंड हैं मुहम्मद यूनुस, शेख हसीना बोलीं- मेरा तो...

**ढाका , एजेंसी।**
बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का दौर जारी है। देश में हुए तख्तापलट के बाद से शेख हसीना भारत में है। अब शेख हसीना ने अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे मुहम्मद यूनुस पर सामूहिक हत्याओं और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में हो रहे नरसंहार के जिम्मेदार मुहम्मद यूनुस हैं।

न्यूयॉर्क में अवामी लीग के एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए,हसीना ने मंदिरों, चर्चों और धार्मिक संगठन इस्कॉन पर लगातार हमलों के लिए यूनुस की आलोचना की। शेख हसीना ने कहा, मुझ पर सामूहिक हत्याओं का आरोप लगाया गया है। लेकिन इन हमलों के मास्टरमाइंड मुहम्मद यूनुस हैं।

शेख हसीना ने कहा कि आज, टीचर्स, पुलिस, नेता सभी पर हमले किए जा रहे हैं। हिंदुओं, बौद्धों और ईसाइयों को निशाना बनाया जा रहा है। 11 चर्च और कई मंदिरों पर हमले किए गए हैं। इस्कॉन पर हमला किया गया। उन्होंने यूनुस सरकार से सवाल करते हुए कहा, अब बांग्लादेश में





अल्पसंख्यकों को निशाना क्यों बनाया जा रहा है? पूर्व प्रधान -मंत्री ने दावा किया कि उनके पिता बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान की तरह ही उनकी भी हत्या करने की योजना थी। हसीना ने कहा कि उन्होंने बांग्लादेश छोड़ दिया क्योंकि वह नरसंहार नहीं चाहती थीं।

यूनुस पर शेख हसीना का हमला बांग्लादेश में कट्टरपंथी इस्लामवादियों द्वारा हिंदू समुदाय पर हमलों की लहर के बीच हुआ है। तीन हिंदू साधुओं की गिरफ्तारी ने चिंताएं और बढ़ा दी हैं। छात्रों के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बीच हसीना 5 अगस्त को बांग्लादेश से भाग गईं, जिसके बाद मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने देश की कमान संभाली। बांग्लादेश के चटगांव इस्कॉन पुंडरीक धाम के अध्यक्ष चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी के बाद हालात बिगड़ते जा रहे हैं। चिन्मय प्रभु की गिरफ्तारी के विरोध में हिंदू समाज के लोग सड़कों पर उतर आए हैं।

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश हाईकोर्ट में एक रिट याचिका दायर की गई है जिसमें बांग्लादेशी संस्कृति और समाज पर भारतीय मीडिया के प्रभाव पर बढ़ती चिंताओं का हवाला देते हुए देश में भारतीय टीवी चैनलों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

# ट्रम्प ने हमास को धमकी दी- कहा- 20 जनवरी तक बंधकों को रिहा करो, नहीं तो गंभीर नतीजे भुगतने होंगे

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रंप ने मध्य पूर्व में चल रहे बंधक संकट के बारे में हमास को एक कड़ी चेतावनी जारी की है. उन्होंने कहा है कि यदि नियत समय से पहले बंधकों को रिहा नहीं किया गया तो मध्य पूर्व के कई देश नरक में बदल जायेंगे.

ट्रम्प ने अपनी बात कहने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल का इस्तेमाल किया है. ट्रंप ने कहा कि कृपया इस सच्चाई को सभी लोग जान लें कि यदि 20 जनवरी तक बंधकों को रिहा नहीं किया गया. तो फिलिस्तिन के समर्थक मध्यपूर्व देशों को नरक बनते देर नहीं लगेगी. बता दें कि 20 जनवरी को ट्रंप अमेरिका के नये राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे. यह बतौर राष्ट्रपति उनका दूसरा कार्यकाल होगा. ट्रंप ने इस मामले पर पिछली बातचीत में कहा कहा था कि हर मुद्दे पर वार्ता करने की बात हो रही है, लेकिन कोई भी मजबूत ढंग से बंधकों की रिहाई की बात नहीं कर रहा है. उनके लिए कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. यह बहुत ही हिंसक बात है.

उन्होंने कहा कि हर कोई उन बंधकों के बारे में बात कर रहा है, लेकिन सिर्फ बातें ही हो रही हैं.



कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है. ट्रंप ने कसम खाई कि बंधक बनाने वाले लोग अमेरिका की ओर से विदेशी संस्थाओं के खिलाफ की गई किसी भी कार्रवाई से अधिक भीषण कार्रवाई का सामना करेंगे. उन्होंने कहा कि उन जिम्मेदार लोगों को अमेरिका के लंबे और संग्रहीत इतिहास में अबतक के सबसे भीषण हमलों का सामना करन पड़ेगा. 7 अक्टूबर को, हमास ने इजराइल पर एक आतंकी हमला किया, जिसमें 1,200 से अधिक लोग मारे गए और 250 से अधिक बंधकों को लिया. उनमें से लगभग 100 अभी भी कैद में हैं, और कई लोगों को मृत होने की आशंका है. जवाब में, इजराइल ने गाजा में हमास इकाइयों को एक मजबूत जवाबी लक्ष्य लॉन्च किया. हालांकि, इजरायल के ऑपरेशन के परिणामस्वरूप, गाजा में 45,000 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है. ट्रम्प इस हफ्ते के अंत में पेरिस जाने की योजना बना रहे हैं। वहां वे 7 दिसंबर को नोट्रे डेम कैथेड्रल चर्च के पुनः उद्घाटन समारोह का हिस्सा बनेंगे। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद यह ट्रम्प की पहली विदेश यात्रा होगी। फ्रांस सरकार ने ट्रम्प को उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए न्योता भेजा था। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प की टीम इस यात्रा को लेकर फ्रांसीसी अधिकारियों से कई दिनों से बात कर रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक न्योता मिलते ही ट्रम्प तुरंत फ्रांस जाने के लिए तैयार हो गए। ट्रम्प को नोट्रे डेम कैथेड्रल से काफी लगाव है।

# बांग्लादेश हाई कोर्ट में भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग

**ढाका, एजेंसी।** ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, बांग्लादेश उच्च न्यायालय में एक रिट याचिका दायर की गई है. इस याचिका में बांग्लादेशी संस्कृति और समाज पर भारतीय मीडिया के प्रभाव पर बढ़ती चिंताओं का हवाला देते हुए देश में भारतीय टीवी चैनलों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है. सोमवार को याचिका दायर करने वाले वकील एखलास उद्दीन भुइयां ने भारतीय टीवी चैनलों के प्रसारण पर रोक लगाने के लिए केबल टेलीविजन नेटवर्क ऑपरेशन एक्ट 2006 के तहत निर्देश देने की मांग की है.

ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, इसमें यह भी पूछा गया है कि बांग्लादेश में भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश देने वाला नियम क्यों नहीं जारी किया जाना चाहिए. न्यायमूर्ति फातिमा नजीब और न्यायमूर्ति सिकदर महमूदुर रजी की उच्च न्यायालय की पीठ में आवेदन पर सुनवाई हो सकती है. याचिका में सूचना मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सचिव, बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग (बीटीआरसी) और अन्य को प्रतिवादी बनाया गया है.

ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, याचिका में स्टार जलसा, स्टार प्लस, जी बांग्ला, रिपब्लिक बांग्ला और अन्य सभी भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है. याचिका में आरोप लगाया गया है कि भारतीय चैनलों पर भड़काऊ खबरें प्रसारित की जा रही हैं. बांग्लादेशी संस्कृति का विरोध करने वाली सामग्री का अनियंत्रित प्रसारण युवाओं को बर्बाद कर रहा है. इसके अलावा, यह आरोप लगाया गया है कि ये चैनल किसी भी नियमन का पालन किए बिना काम करते हैं.

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के खिलाफ हिंसक हमलों में वृद्धि देखी गई है, जिससे अधिक सुरक्षा और समर्थन की मांग की जा रही है.

# हैदराबाद के खिलाफ तीन अंक बटोरकर फॉर्म बरकरार रखना चाहेगी एफसी गोवा

**हैदराबाद (एजेंसी)।** हैदराबाद एफसी अपने घरेलू मैदान जीएमसी बालायोगी एथलेटिक स्टेडियम में अपनी दो पिछली हार का सिलसिला तोड़ना चाहेगी, जब वो बुधवार शाम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मैनोलो मार्कुएज की एफसी गोवा से भिड़ेगी।

मार्कुएज ने 2021-22 में हैदराबाद एफसी को आईएसएल कप जिताया था और फिर गोवा में गौरवशाली दिनों को वापस लाने के लिए गौर्स के साथ जुड़ गए। एफसी गोवा नौ मैचों में चार जीत, तीन ड्रा और दो हार से 15 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। वहीं, हैदराबाद एफसी नौ मैचों में दो जीत, एक ड्रा और छह हार से सात अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर है।

एफसी गोवा ने पिछले मैच में केरला ब्लास्टर्स एफसी को अपने घरेलू मैदान पर 1-0 से हराया था जबकि हैदराबाद एफसी को आइलैंडर्स के हाथों 0-1 से हारी थी।

इस सीजन में हैदराबाद एफसी अपने घरेलू स्टेडियम में खेले सभी तीनों मैचों में हारी है। हैदराबाद ने अब तक सेट पीस से तीन गोल खाए हैं, जो सभी टीमों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा है। इसके उलट, एफसी गोवा ने अब तक कॉर्नर से एक भी गोल नहीं खाया है।

गोवा ने इस सीजन में प्रति मैच 161.1 फॉरवर्ड पास किए हैं जो हैदराबाद एफसी के 141.9 पासों से लगभग 19 अधिक है।



अब तक उनके 17 गोलों से पता चलता है कि वे ऐसा करने में भी सफल रहे हैं।

गोवा ने हैदराबाद एफसी के खिलाफ अपने पिछले दो मैच क्लीन शीट रखते हुए जीते हैं। अगर वे कल जीतते हैं, तो यह लीग में हैदराबाद के खिलाफ उनकी सबसे लंबी जीत का सिलसिला होगा।

हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंग्टो को उम्मीद है कि एफसी गोवा के खिलाफ उनकी टीम अपने आक्रामक प्रदर्शन में सुधार करके माकूल परिणाम हासिल करेगी।

उन्होंने कहा, मैं आंकड़ों का बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं हूं क्योंकि लेकिन आंकड़े बताते हैं कि मोहम्मडन और केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ खेलते समय विपक्षी बॉक्स में हमारी एंट्री बहुत अधिक थी। यह दर्शाता है कि हमें गेंद को विपक्षी बॉक्स में अधिक से अधिक रखना होगा। हमारे पास रचनात्मक और तेज-तर्रार खिलाड़ी हैं, जो मौके बना सकते हैं और टारगेट पर शॉट ले सकते हैं; कल यही लक्ष्य होगा।

एफसी गोवा के स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्कुएज ने गौर्स को आगाह किया कि वो हालिया जीतों से उत्साहित न हों, बल्कि एक समय में एक मैच पर ध्यान दें, ताकि जीतने की संभावनाएं अधिकतम हो सकें।

उन्होंने कहा, जब आप लगातार जीतते हैं, तो लोग आपको सर्वश्रेष्ठ कहते हैं, और जब आप लगातार हारते हैं, तो 'घर जाओ, अपने देश वापस जाओ' के नारे लगते हैं। यही फुटबॉल है, हम जीतने पर बहक नहीं सकते और हारने पर निराश नहीं हो सकते। हम लगातार नौ अंक लेकर अच्छी स्थिति में हैं। यह बेहद प्रतिस्पर्धी लीग है, लेकिन हमें आगे बढ़ते रहना है, एकाग्रता के साथ तैयारी करनी है।

बता दें कि ये दोनों टीमें आईएसएल में 10 बार भिड़ी हैं, जिनमें एफसी गोवा और हैदराबाद एफसी क्रमशः पांच और तीन बार जीती हैं। दो मैच ड्रा रहे हैं।

आईपीएल 2025 नीलामी में किया नजरअंदाज

# अब छह दिनों में उर्विल पटेल ने दूसरी बार ठोका तेज तर्रार शतक

**हैदराबाद (एजेंसी)।** गुजरात के सलामी बल्लेबाज उर्विल पटेल ने मंगलवार को एमराल्ड हाई स्कूल ग्राउंड पर उत्तराखंड के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महज छह दिनों में अपना दूसरा टी20 शतक जड़ा। पटेल ने 36 गेंदों में शतक जड़कर गुजरात को महज 13.1 ओवर में 8 विकेट से जीत दिलाई। पटेल के शतक ने उन्हें टी20 क्रिकेट के इतिहास में 40 से कम गेंदों में दो शतक जड़ने वाला पहला बल्लेबाज बना दिया। यह उपलब्धि पिछले हफ्ते त्रिपुरा के खिलाफ इसी मैदान पर बनाए गए उनके रिकॉर्ड-तोड़ 28 गेंदों के शतक के तुरंत बाद आई है।



183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पटेल ने जबरदस्त हमला किया और महज 41 गेंदों पर 115 रन बनाकर नाबाद रहे। उनकी पारी में 8 चौके और 11 गगनचुंबी छक्के शामिल थे जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त करने की उनकी क्षमता को दर्शाता है। उनके आक्रामक खेल ने गुजरात को 41 गेंदें शेष रहते आसानी से लक्ष्य हासिल करने में मदद की।

इससे पहले के मैच में पटेल ने 156 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए 35 गेंदों पर नाबाद 113 रनों की पारी खेली। उनकी पारी में 12 छक्के और सात चौके शामिल थे, जिससे गुजरात ने मात्र 10.2 ओवर में जीत हासिल कर ली। 28 गेंदों में उनका शतक टी20 क्रिकेट में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सबसे तेज शतक था, और उस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 322.86 था, जो एस्टोनिया के साहिल चौहान के बाद दूसरे स्थान पर है, जिन्होंने इस साल की शुरुआत में 27 गेंदों पर शतक बनाया था।

पटेल का तेजी से रन बनाने का शौक नया नहीं है। अपने पहले 28 गेंदों के टी20 शतक से ठीक एक साल पहले उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ सिर्फ 41 गेंदों में भारतीय क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज लिस्ट ए शतक बनाया था। 26 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल 2023 सीजन के लिए गुजरात टाइटन्स टीम का हिस्सा थे, जिन्हें 20 लाख रुपए में खरीदा गया था। हालांकि अपने धमाकेदार प्रदर्शन के बावजूद, पटेल को आईपीएल 2024 की नीलामी से पहले फ्रैंचाइजी ने रिलीज कर दिया था। उन्होंने आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में 30 लाख रुपए के बेस प्राइस के साथ प्रवेश किया लेकिन अनसोल्ड रहे।

# दुल्हन बनेंगी पीवी सिंधू

## बैडमिंटन के लिए बहन की शादी तक में नहीं पहुँच पाई थी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत की शान बैडमिंटन स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू इसी महीने 22 तारीख को शादी करने जा रही है। ओलम्पिक खेलों में महिला एकल बैडमिंटन का रजत पदक जीतने वाली वे पहली खिलाड़ी हैं। वह अपनी गेम के प्रति इतनी समर्पित थी कि 17 साल की उम्र में एक बैडिमिंटन टूर्नामेंट के कारण उन्होंने अपनी बहन की शादी तक मिस कर दी थी। सिंधु तब सैयद मोदी इंटरनेशनल इंडिया ग्रां प्री गोल्ड में खेल रही थी। उन्होंने उसी दिन टियर थ्री इवेंट के अपने पहले फाइनल में जगह बनाई थी। सिंधु ने मैच जीतने के बाद कहा था कि हां, मैं उसकी (बहन पी. दिव्या) शादी में शामिल नहीं हो पाऊंगी। अब मैं फाइनल में पहुंच गई हूं, इसलिए मैं खुद को रोक नहीं पा रही हूं। की शनिवार को हैदराबाद में शादी हो रही है। मैं टूर्नामेंट जीतने की कोशिश करूंगी और उसे तोहफे के तौर पर दूंगी।



**वालीबॉल खेल चुके हैं सिंधू के माता पिता** - सिंधू का जन्म 5 जुलाई 1995 में पेशेवर वॉलीबॉल के खिलाड़ी पी.वी रमण और पी. विजया के घर हुआ। उनके माता-पिता भले ही वॉलीबॉल खिलाड़ी थे, लेकिन सिंधू ने बैडमिंटन के खेल में रूचि देना पसंद किया। जब वह 8 साल की थी तो उन्होंने 2001 के ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियन बने पुलेला गोपीचंद से प्रभावित होकर बैडमिंटन को अपना करियर चुना।

**2010 में शुरू किया अपना अंतरराष्ट्रीय स्तर बैडमिंटन करियर** - 2010 में सिंधू ने जूनियर विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने करियर की शुरूआत की। उसने कवार्टर फाइनल में पहुंच कर अपनी पहचान और भी मजबूत कर ली। इसके साथ ही सिंधू ने सीनियर टीम में अपनी जगह बना ली। ये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिंधू का पहला कदम था। 2013 में सिंधू ने मलेशिया ओपन का खिताब जीता और वो सुर्खियों में आ गई। उसी साल विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। साल के अंत में मकाउ ओपन का खिताब जीता।

**2016 ओलंपिक में किया भारत का नाम रोशन** - रियो ओलंपिक में सिंधू फाइनल तक पहुंचने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनीं। सारी उम्मीदें सिंधू से थीं। सिंधू ने फैंस को निराश होने का कोई मौका नहीं दिया। फाइनल में स्पेन की दिग्गज कैरोलीना मारिन से कड़े मुकाबले के बाद हार तो मिली लेकिन वो रजत पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई। वो ओलंपिक रजत पदक जीतने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय खिलाड़ी भी बनी थी। पूरे देश में उनका सम्मान हुआ और उम्मीदें अब भी जारी हैं।



**कामयाबी के पीछे है कोच का बड़ा हाथ** - 2001 में ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाले पुलेला गोपीचंद की सफलता को देखकर सिंधू इतना प्रेरित हुई कि आठ साल की उम्र में ही उन्होंने बैंडमिंटन में अपनी रूचि दिखाई। गोपीचंद की वजह से सिंधु ने वॉलीबॉल की बैचमिंटन को चुना। गोपीचंद की बैडमिंटन अकादमी में दाखिल होने के बाद से सिंधू ने अपनी प्रतिभा के दम पर जलवा बिखेरना शुरू कर दिया था।

# ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन पैर की चोट के कारण बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल से बाहर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डेनिश बैडमिंटन स्टार विक्टर एक्सेलसेन 13 से 17 दिसंबर, 2024 तक हांगझू, चीन में खेले जाने वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में हिस्सा नहीं लेंगे। एक्सेलसेन ने सोशल मीडिया पर उक्त घोषणा की। एक्सेलसेन ने एक्स पर लिखा, दुर्भाग्य से मैं इस दिसंबर में एचएसबीसी वर्ल्ड टूर फ़ाइनल में भाग लेने में असमर्थ हूँ। मैं अपने बाएं पैर में चोट से जूझ रहा हूं, जिससे मुझे कई समस्याएं हो रही हैं और दीर्घकालिक समस्याओं से बचने के लिए मुझे तुरंत इससे निपटने की सलाह दी गई है।



दो बार के विश्व चैंपियन एक्सेलसेन ने इस साल जुलाई में ओलंपिक खेलों में अपने पुरुष एकल स्वर्ण पदक का बचाव किया, उन्होंने थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न को दो गेम में आसानी से हराया। उन्होंने सितंबर में हांगकांग ओपन में अपना शानदार फॉर्म जारी रखा और चीन के लेई लांक्सी को हराकर 27 वर्षों में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले डेनिश खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कहा, मैं हांग्जो में नहीं खेल पाने से बहुत निराश हूं। पांच बार टूर्नामेंट जीतने के बाद और दौरे पर यह मेरे पसंदीदा टूर्नामेंटों में से एक होने के कारण इसे छोड़ना कठिन हो गया है। हालाँकि मेरी पहली प्राथमिकता प्रतिस्पर्धा से पहले 100 प्रतिशत स्वस्थ होना है।

# महिलाओं के पहले दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुल्तान में विश्व दृष्टिबाधित क्रिकेट परिषद (डब्ल्यूबीसीसी) की आम सालाना बैठक में अगले साल भारत में होने वाले शुरूआती



दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप को 'हाइब्रिड मॉडल' के आधार पर कराने का फैसला लिया गया जिसमें पाकिस्तान अपने मैच नेपाल या श्रीलंका में खेलेगा। भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में पुरुष टी20 दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप से हटने का फैसला किया था और इसके कुछ हफ्ते बाद ही यह कदम उठाया गया।

महिलाओं के टूर्नामेंट की मेजबानी के अधिकार पिछले साल भारत को दिए गए थे और सोमवार को आम सालाना बैठक में इसकी पुष्टि की गई जिसमें 11 सदस्य देश मौजूद थे। भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। भारत में दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआई) के अध्यक्ष जीके महनतेश ने कहा, 'टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार पिछले साल (2023) ही भारत को दिया गया था। उस समय यह भी तय किया गया था कि अगर पाकिस्तान की टीम के भारत आने में वीजा की समस्या आती है तो टूर्नामेंट 'हाइब्रिड मॉडल' में आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान अपने सभी मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा।

यह पूछने पर कि पाकिस्तान के मैच कहां होंगे तो महनतेश ने कहा, 'पाकिस्तान की दृष्टिबाधित महिला टीम पूरे टूर्नामेंट के दौरान या तो नेपाल में या श्रीलंका में ही रहेगी। भारतीय टीम नेपाल या श्रीलंका में उनके खिलाफ खेलने के लिए जाएगी। पूरे टूर्नामेंट का खर्च हमारा क्रिकेट बोर्ड उठाएगा। हम इन दोनों देशों में से किसी एक में पाकिस्तानी टीम के रहने का पूरा खर्च वहन करेंगे।% सीएबीआई न ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड से और न ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से मान्यता प्राप्त है।

# एडिलेड में पिंक बॉल टेस्ट से पहले चोटिल हुए स्टीव स्मिथ

**एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** स्टार ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को भारत के खिलाफ एडिलेड ओवल में दूसरे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट से पहले नेट्स में बल्लेबाजी करते समय दाहिने अंगूठे में चोट लग गई। वह मार्नस लाबुशेन से थ्रोडाउन ले रहे थे, तभी उनके दाहिने अंगूठे में चोट लग गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, कुछ देर के लिए उन्होंने बल्लेबाजी करना बंद कर दिया और मार्नस लाबुशेन से बात करते समय काफी दर्द में दिखे।

ऑस्ट्रेलियाई टीम का एक मेडिकल स्टाफ उनके अंगूठे की जांच के लिए नेट्स में आया और स्मिथ ने अंगूठे की स्थिति का पता लगाने के लिए उसे सावधानी से हिलाया। हालांकि उन्हें ज्यादा तकलीफ नहीं हुई, लेकिन वह उसी समय नेट्स से चले गए। थोड़ी देर बाद स्मिथ वापस आ गए और दूसरे नेट्स में बल्लेबाजी करने लगे, ऐसा लग रहा है कि उन्हें कोई दीर्घकालिक चोट नहीं लगी है, जिससे एडिलेड में उनकी भागीदारी प्रभावित हो सकती है।

पर्थ में पहले टेस्ट में स्मिथ ने पहली पारी में गोल्डन हुए जबकि दूसरी पारी में 17 रन पर आउट हो गए। ऑस्ट्रेलियाई टीम 295 रनों से हार गई। अगर ऑस्ट्रेलिया को वापसी करने का कोई गंभीर मौका चाहिए तो उसे अपने प्रमुख बल्लेबाज को फॉर्म में रखना होगा। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (2023-25) चक्र के 13 टेस्ट में स्मिथ ने 26 पारियों में सिर्फ 755 रन बनाए हैं, जिसमें 32.82 का औसत है, जिसमें सिर्फ एक शतक और चार अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 110 है।

भारत आस्ट्रेलिया दूसरा टेस्ट

# जायसवाल की नजरें सचिन का रिकॉर्ड तोड़ने पर, ब्रैडमैन की बराबरी करना चाहेंगे कोहली

**एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** भारत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में होने वाले पिंक-बॉल टेस्ट के लिए तैयार है। जहां टीम इंडिया जीत दर्ज करते हुए सीरीज में पकड़ मजबूत करना चाहेगी। वहीं भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली महान



सचिन तेंदुलकर और डॉन ब्रैडमैन से आगे निकलने की कोशिश करेंगे।

22 वर्षीय युवा जायसवाल रिकॉर्ड तोड़ने की होड़ में हैं। साल के अधिकांश समय घरेलू परिस्थितियों में दबदबा बनाए रखने के बाद इस युवा खिलाड़ी ने पहले टेस्ट के दौरान पर्थ में 161 रनों की शानदार पारी खेलकर ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों पर विजय प्राप्त की। इस साल अब तक जयसवाल ने 58.18 की औसत और 72.52 की स्ट्राइक रेट से 1,280 रन बनाए हैं, जिसमें 3 शतक और 7 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214* है।

यह युवा खिलाड़ी एक कैलेंडर वर्ष के दौरान किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक टेस्ट रन बनाने के सचिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने से 282 रन दूर है। 2010 में सचिन ने 14 टेस्ट और 23 पारियों में 78.10 की औसत से 1,562 रन बनाए जिसमें सात शतक और पांच अर्द्धशतक शामिल थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214 था। एक कैलेंडर वर्ष में सबसे अधिक टेस्ट रन पाकिस्तान के बल्लेबाजी दिग्गज मोहम्मद यूसुफ के नाम हैं जिन्होंने 2006 में 11 मैचों और 19 पारियों में 99.33 की औसत से 1,788 रन बनाए थे। उन्होंने 202 के सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ 9 शतक और तीन अर्द्धशतक बनाए।

दूसरी ओर विराट कोहली ब्रैडमैन के रिकॉर्ड की बराबरी करने से एक शतक दूर हैं। विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके घर में 10 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाए हैं, विराट का एक और शतक उन्हें ब्रैडमैन की बराबरी पर ले आएगे जिन्होंने अपने पूरे करियर में प्रतिद्वंदि इंग्लैंड के खिलाफ उन्हीं के घर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 11 शतक बनाए हैं।

- **दूसरे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम** - पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिच मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, ब्यू वेबस्टर
- **भारतीय टीम** -रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर।
- **रिजर्व**- मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद, यश दयाल।

# बुमराह एंड कंपनी का सामना करने के लिए तैयार हैं ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज : एलेक्स कैरी

**एडिलेड (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने कहा कि उनकी टीम एकजुट है और उन्हें विश्वास है कि छह दिसंबर से यहां शुरू होने वाले दूसरे दिन रात्रि क्रिकेट मैच में उनके बल्लेबाज जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले भारतीय आक्रमण का सामना करने के लिए बेहतर रणनीति के साथ मैदान पर उतरेंगे।

बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में आठ विकेट लेकर भारत की 295 रन से बड़ी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज इस मैच में नहीं चल पाए थे जिससे गेंदबाजों पर भी दबाव बढ़ा। कैरी ने कहा, 'वह (बुमराह) निश्चित तौर पर शानदार गेंदबाज हैं और वह पिछले कई वर्षों से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। हमारे बल्लेबाज भी विश्वस्तरीय हैं और हमेशा समाधान निकालने के तरीके ढूंढते हैं।

उन्होंने कहा, 'हमने उसकी गेंदबाजी का आकलन किया है। उम्मीद है कि हम उसके




पहले दूसरे स्पेल का सामना करने में सफल रहेंगे। हमने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में देखा था कि किस तरह से ट्रैविस हेड ने जवाबी हमला किया था। कैरी ने कहा, 'हमें अपने बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा है। हम केवल बुमराह ही नहीं, उनके अन्य गेंदबाजों का सामना करने के लिए तरीका ढूंढ लेंगे। भारत पहले टेस्ट मैच में कुछ नए गेंदबाजों के साथ उतरा था और उन्होंने भी अच्छी गेंदबाजी की थी।

ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 534 रन का असंभव लक्ष्य मिलने के बाद जोश हेजलवुड ने मीडिया को अपने बल्लेबाजों से यह पूछने के लिए कहा था कि उन्होंने दूसरी पारी के लिए क्या रणनीति बनाई है। इसके बाद बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच दरार की अफवाहें फैल गईं। कैरी ने हालांकि इस तरह की अफवाहों को खारिज कर दिया कि ऑस्ट्रेलिया के ड्रेसिंग रूम में किसी तरह का तनाव है।

उन्होंने कहा, 'अगर आप बल्लेबाजों से पूछें, तो हम सभी बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं और (एक क्रिकेटर के रूप में) आप शतक बनाने के लिए वहां जाते हैं और यदि आप ऐसा नहीं करते हैं, तो मुझे लगता है कि आप कई बार निराश होते हैं। कैरी ने कहा, 'लेकिन हमारी टीम एकजुट है। हम सभी को बल्लेबाजी करने का मौका मिलता है और हम सभी बड़े स्कोर बनाने के लिए उत्सुक हैं और मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी ऐसा करने में सफल रहेंगे।